www.navpradesh.com

दैनिक **नवप्रदेश** प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | अभिव्यक्ति 4 | छत्तीसगढ़ 6 | आंचलिक 7 | देश-विदेश

RNI NO.CHHHIN/2012/41806 रायपुर, शुक्रवार 22 जुलाई 2022, कृष्ण पक्ष नवमी, विक्रम संवत-2078 वर्ष-11 अंक-147 पृष्ठ-08 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

//-- सुविचार --//

भलाई करना कर्तव्य नहीं, आनंद है, क्योंकि वह तुम्हारे स्वास्थ्य और सुख की वृद्धी करता है।

आज बेबाक

दुनिया के सबसे बड़े और शक्तिशाली भारतीय लोकतंत्र को कुछ जोकरों ने जोकतंत्र बनाने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी है। सड़ी-सड़ी सी बात पर हाय तौबा मचाने लगते है और लोकतंत्र को खतरे में बताने लगते है। यही नहीं बल्कि लोकतंत्र की हत्या का दावा कर घड़ियाली आंसू भी बहाने लगते है। इन जोकरों की माने तो लोकतंत्र की कितनी बार हत्या हो चुकी है कि किचक का भी रिकार्ड टूट गया है। ये जोकर अपनी परिवारवादी पार्टियों में तो लोकतंत्र नहीं ला पा रहे है और खुद को लोकंतत्र का रक्षक बता रहे है। अच्छा मजाक है।

सूर्योदय

उदय : 5:30 प्रात:

अस्त : 7:18 संध्या

जनसंख्या

विश्व : 7,962,087,673

भारत : 1,408,378,504

बाजार

सेंसेक्स : 55681.95

निफ्टी : 16,523.55

गोल्ड : 50,180 प्रति 10 ग्राम

चांदी : 61,000 प्रति किग्रा

अण्डा दर : 4.11 प्रति नग

सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव आएगा 27 को, अनुपूरक बजट पेश

■ **खाद-बीज संकट पर सदन में विपक्ष ने सरकार को घेरा**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा ने सरकार के खिलाफविपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा मंजूर कर लिया है। इसके लिए 27 जुलाई यानी मानसून सत्र के अंतिम दिन का समय तय किया गया है। अविश्वास प्रस्ताव पर दोनों पक्षों को सुनने के बाद विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने इस पर चर्चा के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। इस बीच सरकार ने इस साल का पहला अनुपूरक बजट पेश कर दिया है। इस पर आज शुक्रवार को चर्चा की जानी है। इससे पहले सदन में स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव के इस्तीफे पर बवाल हुआ। वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना का काम पूरा नहीं होने को लेकर भी विपक्ष ने सरकार को घेरा।

शून्यकाल में विपक्ष खाद-बीज संकट और किसानों की परेशानी को लेकर स्थगन प्रस्ताव लाया। सरकार की ओर से वक्तव्य आया, लेकिन विपक्ष काम रोककर चर्चा की मांग पर हंगामा करता रहा। बाद में सदन की कार्यवाही को भोजनावकाश तक के लिए स्थगित कर दिया गया। भोजनावकाश के बाद ध्यानाकर्षण के जरिए कई मुद्दे उठाए गए।

विधानसभा के मानसून सत्र के दूसरे दिन बीजेपी ने खाद-बीज की किल्लत पर सरकार से सवाल किया। भाजपा सदस्यों ने कहा कि आर्थिक तंगी की वजह से किसान आत्महत्या करने पर मजबूर हो रहे हैं। बीते साढ़े तीन सालों में 372 किसानों ने आत्महत्या की है। कृषि मंत्री रविंद्र चौबे ने कहा कि मांग की तुलना में केंद्र से खाद-बीज का आवंटन बेहद कम है। सदन की कार्रवाई के दौरान भाजपा ने खाद-बीज को लेकर स्थगन प्रस्ताव देते हुए सदन की कार्यवाही रोककर चर्चा की मांग उठाई। सदन में स्थगन प्रस्ताव की ग्राह्यता के बाद हुई चर्चा में बीजेपी विधायक शिवरतन शर्मा ने कहा कि दोगुनी क़ीमत पर किसानों को खाद-बीज की ख़रीदी करनी पड़ रही है। बिजली की अघोषित कटौती से भी किसान परेशान हैं। कहीं ट्रांसफ ार्मर खराब हुआ तो कई-कई दिन उसे ठीक करने कोई नहीं जाता।

कृत्रिम कमी पैदा कर रहे क्राइसेस

पूर्व मुख्यमंत्री डॉक्टर रमन सिंह ने कहा कि सवाल इस बात का है कि कृत्रिम कमी कर क्राइसेस पैदा किया जा रहा है। 15 सालों में बनाई हमारी व्यवस्था को अलग कर दिया गया है। पूरे छत्तीसगढ़ का किसान खेत में नहीं सोसाइटी में धरना-प्रदर्शन करता मिलेगा। किसी सोसाइटी में 500 बोरी वितरण की व्यवस्था है तो वहां दो हजार लोग आ जाते हैं। कृषि मंत्री इस बात का जवाब दें कि धान का कितना रकबा बढ़ा। तीन सालों में यदि रकबा बढ़ा है उसके अनुपात में केंद्र से कितने उर्वरक की मांग की गई।

पीएम आवास पर सदन में हमलावर हुई भाजपा

विधानसभा के मानसून सत्र के दूसरे दिन पीएम आवास योजना पर विपक्ष ने सरकार को घेरा. प्रश्नकाल में पूर्व सीएम रमन सिंह ने विषय को उठाया। इस पर सत्तापक्ष की ओर से भाजपा विधायकों के घड़ियाली आंसू बनाए जाने की बात कही, जिससे असंतुष्ट होकर बीजेपी विधायकों ने वॉकआउट किया। डॉ. रमन सिंह ने कहा कि आवास बन नहीं पाए। इस पर एक मंत्री इस्तीफा दे देते हैं। इस पर आसंदी से विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि उन्होंने पद से इस्तीफा नहीं दिया है। उन्होंने अपने विभाग को छोड़ दिया है, मैं संशोधित कर रहा हूं। बीजेपी विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि आप मंत्री की ओर से स्पष्टीकरण दे रहे हैं, जबकि मुख्यमंत्री है यहां उन्हें बताना चाहिए।

सदन में नहीं मिला जवाब

विधानसभा सत्र के दौरान जैम पोर्टल से सामग्री क्रय का मामला उठा। नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने मामला उठाते हुए प्रश्नों का जवाब नहीं आने पर आपत्ति दर्ज कराई। आसंदी ने आपत्ति दर्ज करते हुए सरकार को वक्त पर जवाब सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया। कौशिक ने कहा कि प्रश्नों का जवाब नहीं आया है। जवाब में कहा है कि जानकारी एकत्रित की जा रही है। उन्होंने कहा कि 20-25 दिन पहले सवाल लगाया जाता है।

अकबर के जवाब देने पर हमलावर हुई बीजेपी

विधानसभा के मानसून सत्र के दूसरे दिन विपक्ष ने सदन में मंत्री टीएस सिंहदेव की अनुपस्थिति को लेकर सरकार को घेरा। सिंहदेव के विभाग से संबंधित प्रश्न पर मंत्री मोहम्मद अकबर द्वारा जवाब दिए जाने पर भाजपा सरकार पर हमलावर हो गई। बीजेपी विधायक अजय चंद्राकर और शिवरतन शर्मा ने सवाल उठाते हुए कहा कि मंत्री टीएस सिंहदेव का इस्तीफा स्वीकार हो गया है क्या जो दूसरे मंत्री जवाब दे रहे है? उन्हें किसने अधिकृत किया? इस पर विधानसभा अध्यक्ष चरणदास महंत ने कहा कि इस संबंध में हमने कल जानकारी दे दी है। इसके बाद बीजेपी विधायकों ने सदन में शोर-शराबा शुरू कर दिया।

खाद-बीज के लिए चक्कर लगा रहे किसान

बीजेपी विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में सरकार है या नहीं? खेती करने की बजाय किसान खाद-बीज लेने चक्कर लगा रहा है। बीज निगम के पास पैसा नहीं है। सौ करोड़ रुपये के लोन के लिए अप्लाई किया गया है। सरकार की सोसाइटी में खाद नहीं है, लेकिन खुले बाजार में बिक रहा है। सोसाइटियों से खाद नहीं मिल रहा है, लेकिन ब्लैक मार्केट में आसानी से मिल रहा है। केंद्र खाद का पर्याप्त आवंटन कर रहा है। केंद्र से अब तक 85 फीसदी खाद राज्य सरकार को मिल चुकी है। इस सरकार में ना तो चीफ सक्रेटरी को फुर्सत है और ना ही सेक्रेटरी को।

मोहम्मद अकबर ने टीएस के विभाग से जुड़े सवालों के जवाब दिए : विधानसभा मानसून सत्र के दूसरे दिन गुरूवार को अधिकतर सवाल जवाब ग्रामीण एवं पंचायत विकास विभाग और वाणिज्य कर व उद्योग विभाग से थे। मंत्री टीएस सिंहदेव की अनुपस्थिति में परिवहन मंत्री मोहम्मद अकबर ने टीएस के विभाग से जुड़े सवालों के जवाब दिए। वहीं कवासी लखमा के विभाग से जुड़े सवालों के जवाब अकबर ने ही दिए। भाजपा विधायक नारायण चंदेल ने शराब में मिलावट और जेसीसी विधायक धर्मजीत सिंह ने आबकारी की कंसल्टेंसी पर सवाल उठाए थे।

प्रदेश का मौसम

स्थान	अधिकतम	न्यूनतम
रायपुर	30.0	24.9
बिलासपुर	32.4	26.4
जगदलपुर	27.5	23.0
अंबिकापुर	29.5	24.4

आज का दिवस

स्पेन ने आज ही के दिन 1731 को वियना संधि पर हस्ताक्षर किए। जॉर्ज वॉशिंगटन ने आज ही के दिन 1775 में अमेरिकी सेना की कमान संभाली। जार्ज वाशिंगटन अमेरिका के पहले राष्ट्रपति थे। प्रसिद्ध शास्त्रीय संगीत गायक विनायकराव पटवर्धन का जन्म 22 जुलाई 1898 को हुआ था। भारत के पहले पायलट इंद्रलाल राय आज ही के दिन 1918 में लंदन के आसपास जर्मनी के विमानों के साथ संघर्ष में मारे गए थे। प्रसिद्ध पार्श्व गायक मुकेश का जन्म 22 जुलाई 1923 को हुआ था। भारतीय स्वाधीनता संग्राम के प्रमुख नायकों में से एक यतीन्द्र मोहन सेन गुप्त का निधन 22 जुलाई 1933 को हुआ था। भारत का राष?ट्रीय ध्?वज 22 जुलाई, 1947 को भारत के संविधान द्वारा अपनाया गया था संगीतकार डॉनल्ड ह्यू डॉन हेनली का जन्म 22 जुलाई 1947 में हुआ। भारतीय जनता पार्टी से संबंधित, प्रसिद्ध राजनीतिज्ञ एवं वर्तमान कैबिनेट मंत्री (रसायन और उर्वरक) अनंत कुमार का जन्म 22 जुलाई 1959 में हुआ था रेमन मैगसेसे पुरस्कार' से सम्मानित प्रसिद्ध भारतीय सामाजिक कार्यकर्ता संदीप पांडेय का जन्म 22 जुलाई 1965 को हुआ था।

नेशनल हेराल्ड मामला : सोनिया गांधी से ईडी कर रही पूछताछ

विरोध में सड़क पर उतरे कांग्रेसी, रायपुर में ईडी दफ्तर के बाहर प्रदर्शन

■ **सीएम बघेल ने कहा - हिम्मत है तो पूछताछ का लाइव प्रसारण करें**

रायपुर/नवप्रदेश। नेशनल हेराल्ड अखबार से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से पूछताछ कर रही है। इसके विरोध में कांग्रेसियों का संसद से लेकर सड़क तक प्रदर्शन जारी है। छग में भी ईडी दफ्तर के बाहर कांग्रेसी प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रदर्शन में हजारों की संख्या में कांग्रेसी शामिल होकर हल्ला बोला। राजधानी रायपुर के पुजारी पार्क के सामने ईडी दफ्तर के बाहर प्रदर्शन में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम, मंत्री शिवकुमार डहरिया, अनिला भेड़िया सहित कई विधायक और हजारों कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए। सीएम भूपेश बघेल ने मोदी सरकार और ईडी को ललकारते हुए कहा कि हिम्मत है तो पूछताछ का लाइव प्रसारण किया जाए। जब सरकार बदलेगी तो फिर क्या अधिकारी क्या जवाब अधिकारी देंगे। ईडी के अधिकारी छत्तीसगढ़ में घूम रहे हैं। जहां अपराध हो वहां कार्रवाई हो।

चिटफंड घोटाले की जांच करें अधिकारी

सीएम भूपेश बघेल ने पनामा पेपर मामले को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि ईडी रमन सिंह और उनके परिवार पर कार्रवाई क्यों नहीं करती। 6000 करोड़ रुपये का चिटफंड घोटाला हुआ। अधिकारी इस मामले की जांच करके दिखाएं।

नान घोटाले का अब तक नहीं हुआ खुलासा

सीएम बघेल ने कहा नान घोटाला हुआ, ईडी जांच कर रही है, लेकिन सीएम मैडम और सीएम सर कौन था? इसका खुलासा अब तक नहीं हुआ। महाराष्ट्र में सरकार बदल गई तो ईडी, आईटी, नारकोटिक्स के अधिकारी कार्रवाई नहीं करेंगे। गैर भाजपा शाषित राज्यों में ईडी, आईटी की कार्रवाई हो रही है।

सोनिया ने नहीं मांगी ईडी से छूट 8 बजे तक पूछताछ को थीं तैयार

नेशनल हेराल्ड मामले में पूछताछ के लिए कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी ईडी के ऑफिस में पेश हुई थीं। अब कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने एक वीडियो पोस्ट करके बताया है कि ईडी और सोनिया गांधी के बीच क्या बातचीत हुई। रमेश ने दावा किया कि ईडी ने सोनिया गांधी से कहा कि अब कोई सवाल नहीं पूछना है। इस पर सोनिया गांधी ने कहा कि आप और सवाल पूछ सकते हैं। मैं रात में 8 या 9 बजे तक भी बैठने को तैयार हूं। क्योंकि मुझे दवाई लेना है इसलिए आप बता दीजिए कि आप एक दो दिन सवाल करेंगे।

ईडी जो जानना चाहती है, वह रिकॉर्ड में उपलब्ध है: चिदंबरम

नयी दिल्ली (वार्ता)। कांग्रेस सांसदों ने गुरुवार को पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी को नेशनल हेराल्ड मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पूछताछ के लिए तलब किए जाने के खिलाफ गुरुवार को संसद परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम ने इस अवसर पर कहा कि सरकार अपने राजनीतिक प्रतिशोध के कारण ऐसा कर रही है।

उपराष्ट्रपति चुनाव में वोट नहीं देगी टीएमसी

कोलकाता। उपराष्ट्रपति चुनाव को लेकर ममता बनर्जी ने बड़ा फैसला किया है। टीएमसी सांसद और उनके भतीजे अभिषेक बनर्जी ने बताया की टीएमसी उपराष्ट्रपति चुनाव में वोटिंग से दूर रहेगी। बता दें कि शरद पवार ने टीएमसी से कहा था कि वह विपक्ष की उम्मीदवार मार्गरेट अल्वा का समर्थन करें। इस पर टीएमसी की तरफ से कहा गया था कि संसदीय दल की बैठक के बाद 21 जुलाई को ही अंतिम फैसला लिया जाएगा।

सिंहदेव पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग से मुक्त, रविन्द्र चौबे को अतिरिक्त दायित्व



रायपुर(वार्ता)। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव को पंचायत एवं ग्रामीण विभाग से मुक्त करने के अनुरोध को स्वीकारते हुए कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे को पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग का दायित्व सौंप दिया है। राज्यपाल अनुसुईया उइके के मंत्रियों के विभागों में परिवर्तन करने के अनुमोदन के बाद मुख्य सचिव अभिताभ जैन ने इसकी अधिसूचना जारी कर दी है। इसके अनुसार श्री सिंहदेव के पास अब स्वास्थ्य,एवं परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा,20 सूत्रीय कार्यान्वयन एवं वाणिज्यिक कर विभाग का दायित्व रहेंगा। अधिसूचना के अनुसार श्री चौबे के पास अब संसदीय कार्य, कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी,पशुधन विकास, मछली पालन, जल संसाधन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास का दायित्व रहेंगा। शेष मंत्रियों के विभाग यथावत रहेंगे।

गरमा-गरम

द्रौपदी मुर्मू ने जीता राष्ट्रपति चुनाव

तीसरे राउंड की काउंटिंग में ही यशवंत सिन्हा को हराया

नई दिल्ली। एनडीए उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति चुनाव जीत लिया है. तीसरे राउंड की गिनती में ही उन्होंने राष्ट्रपति बनने के लिए जरूरी 50 फीसदी वोट पा लिये हैं. उन्होंने विपक्ष के उम्मीदवार यशवंत सिन्हा को बड़े अंतर से हरा दिया है. अभी एक राउंड वोटों की गिनती बची है, लेकिन यह सिर्फ औपचारिकता मात्र है.

द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति चुनाव जीत लिया है. तीसरे राउंड की गिनती में ही उन्होंने राष्ट्रपति बनने के लिए जरूरी 50 फीसदी वोट पा लिये हैं.

द्रौपदी मुर्मू के लिए देशभर में मनाया जा रहा जश्न: राष्ट्रपति चुनाव के नतीजों में 2 राउंड के बाद NDA की राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू आगे चल रही हैं. इसी बीच देशभर में भाजपा नेता और कार्यकर्ता जश्न मनाते देखे गए. बिहार के उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद ने कहा कि ऐसा समाज जो राजनीतिक क्षेत्र में कभी हाशिये पर रहा करता था, उनके(द्रौपदी मुर्मू) नेतृत्व में देश निश्चित तौर पर आगे बढ़ेगा. आज देश के सभी नागरिक उनकी उम्मीदवारी और उनकी जीत से खुश हैं.

अनंत सिंह की सजा का अंत नहीं, एक और केस में 10 साल जेल

पटना (ए.)। कुछ दिन पहले ही अपनी विधायकी गंवाने वाले अनंत कुमार सिंह को एमपी-एमएलए कोर्ट की विशेष अदालत ने गुरुवार को एक और आर्म्स एक्ट के मामले में दस साल की सजा सुनाई है। कोर्ट ने 40 हजार रुपये को जुर्माना भी लगाया है। आर्म्स एक्ट का यह आपराधिक मामला वर्ष 2015 का है। अनंत सिंह अभी न्यायिक हिरासत के तहत बेऊर जेल में बंद हैं।

बाढ़ के एक आपराधिक मामले में एसीजेएम ने अनंत कुमार सिंह के सरकारी आवास एक माल रोड में 24 जून 2015 को छापेमारी करने का आदेश दिया था। इसी आदेश के आलोक में पटना पुलिस ने छापेमारी की थी। छापेमारी में इंसास राइपल की छह मैगजीन और एक बुलेट प्रूफ जैकेट बरामद हुई थी। इस मामले के ट्रायल के दौरान अपर लोक अभियोजक ब्रज किशोर-2 ने कोर्ट में नौ अभियोजन गवाह पेश किये थे।

संपादकीय

उद्धव ठाकरे को सुको से भी झटका

महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के हाथों से सत्ता तो चली गई है अब संगठन पर भी उनकी पकड़ ढीली पड़ती जा रही है। नतीजतन उन्होंने कानूनी दांव पेंच अपनाया है लेकिन सुप्रीम कोर्ट से भी उन्हें झटका लगा है। उद्धव ठाकरे की ओर से सुप्रीम कोर्ट में जो याचिकाएं लगाई गई है उस पर सुप्रीम कोर्ट ने तत्काल कोई फैसला नहीं दिया है और न ही स्थगन दिया है। इसका मतलब साफ है कि सुप्रीम कोर्ट में यह मामला लंबा चलेगा। उद्धव ठाकरे चाहते थे कि शिवसेना के 16 बागी विधायकों को निलंबित किया जाए और राज्यपाल द्वारा एकनाथ शिंदे के नेतृत्व सरकार बनाए जाने के फैसले को अवैधानिक करार दिया जाए लेकिन उनकी यह कोशिश सफल नहीं हो पाई है। इधर एकनाथ शिंदे का गुट और ज्यादा मजबूत होता जा रहा है। शिवसेना के विधायकों का दो-तिहाई बहुमत पहले ही उन्हे हासिल हो चुका है और अब शिवसेना के दो तिहाई सांसद भी उनके साथ हो गए है। शिवसेना के 19 सांसदों में से 12 सांसद एकनाथ शिंदे के गुट में शामिल होने जा रहे है। इसबीच उद्धव ठाकरे गुट ने नई राष्ट्रीय कार्यकारिणी भी गठित कर ली है जिसके अध्यक्ष पद पर एकनाथ शिंदे को बैठाने की मांग उठ रही है लेकिन एकनाथ शिंदे अभी इस पद पर काबिज नहीं हो रहे है। देखा जाए तो एकनाथ शिंदे अभी भी उद्धव ठाकरे का सम्मान ही कर रहे है लेकिन उद्धव ठाकरे अभी भी अपने बड़बोले प्रवक्ता संजय राऊत पर ही भरोसा कर रहे है जो लगातार विवादास्पद बायनबाजी कर रहे है। उन्होने एक बार फिर शिवसेना के बागी विधायकों को धमकी दी है कि उनका अपने क्षेत्रों में जाना मुश्किल हो जाएगा। ऐसी गीदड़ भभकियां देकर संजय राऊत शिवसेना के बागी विधायकों को अपने पाले में हरगिज नहीं ला सकते। उन्हे यह याद रखना चाहिए कि ये बागी विधायक शिवसेना के है जो ऐसी धमकियों से डरने वाले नहीं है। उल्टे उनके इस तरह के बयानों से जो थोड़े बहुत विधायक अभी भी उद्धव ठाकरें के साथ है वे भी एकनाथ शिंदे के गुट में शामिल हो सकते है। उद्धव ठाकरे को अब सोचना चाहिए कि वे अपनी पार्टी को कैसे बचा पाएंगे। अभी भी बात ज्यादा नहीं बिगड़ी है यदि वे चाहे तो एकनाथ शिंदे से मुलाकात कर शिवसेना को टूटने से बचा सकते है और शिवसेना के अध्यक्ष पद पर काबिज रह सकते है लेकिन संजय राऊत के कारण मामला बिगड़ता जा रहा है ऐसे में शिवसेना पर एकनाथ शिंदे गुट का देर सवेर कब्जा हो सकता है। एकनाथ शिंदे गुट ने पार्टी के चुनाव निशान पर अपना अधिकार जमाने के लिए चुनाव आयोग का रूख करने का फैसला कर लिया है। आगे यह मामला सुप्रीम कोर्ट तक जा सकता है। ऐसी स्थिति में चुनाव चिन्ह फ्रीज हो सकता है और उद्धव ठाकरे तथा एकनाथ शिंदे गुट को नए चुनाव निशान के साथ आगामी चुनाव में उतरना पड़ सकता है।

विचार

सड़कों पर चढ़कर हर साल चिढ़ाता पानी

शहरी बाढ़ भारत में मानसून की एक खासियत बन गई है। इससे हर साल हमारे शहर जूझते हैं। रास्ते नदी बन जाते हैं, रेलवे स्टेशन और बस अड्डे पानी में डूब जाते हैं, संचार बाधित हो जाता है, पड़ोस में जाना भी दूभर हो जाता है और कुछ जगहों पर लोग हफ्तों तक पानी से घिरे रहते हैं। इस अनिश्चित, अत्यधिक और बेमौसम बारिश का कारण जलवायु परिवर्तन माना जा सकता है, जिसका असर महिलाओं, बुजुर्गों, बच्चों और वंचित तबकों पर कहीं ज्यादा होता है। मगर इसके लिए हमारी मूढ़ता भी कम जिम्मेदार नहीं है। पहली मूर्खता, हम किसी जमीन पर यह जाने बिना हरित क्षेत्र का विकास करते हैं कि वहां पूर्व में कृषि की क्या स्थिति थी? उस भूमि को पहले समतल किया जाता है, फिर उसकी पारिस्थितिकी छीन ली जाती है और अंत में उसे अचल संपत्ति बना दिया जाता है। सर्वेक्षण और रिकॉर्ड रखने की प्रक्रियाओं में लगातार रद्दोबदल करने से उसे पहले बंजर भूमि और फिर 'प्राइम रियल एस्टेट' के रूप में ब्रांडिंग करने में मदद मिलती है। आज हमारे पास बेशक उचित कीमत पर ड्रोन से सर्वेक्षण करने की क्षमताएं हैं, पर हमारी पहुंच आधी सदी पहले किए गए भूसंपत्ति सर्वेक्षणों और 1970 के दशक में हवाई जहाज से ली गई तस्वीरों तक सीमित है। कुछ दशक पहले सीमा-चिह्नों के साथ तैयार नक्शे भी आज हमारे पास नहीं हैं। इन सबके बावजूद हम गेटेड सोसायटी, अपार्टमेंट व व्यावसायिक संपत्तियों में इजाफा देखते हैं, जिनको हम लेकव्यू, हिलटॉप जैसे नामों से भी जानते हैं।

दूसरी, हमें यह भरोसा हो गया है कि हमारी सभी समस्याओं का समाधान निर्माण व विनिर्माण संबंधी प्रौद्योगिकियां, और तेजी के साथ विस्तार लेती सूचना प्रौद्योगिकी कर सकती है। इसलिए, शहरी योजना पर पुनर्विचार करने के बजाय हम उन प्रौद्योगिकियों की ओर तेजी से आगे बढ़ रहे हैं, जो बाढ़ की भविष्यवाणी कर सकती हैं और जलभराव जल्दी खत्म कर सकती हैं। इनमें से किसी का अब तक उपयोगी नतीजा नहीं निकल सका है। शहरी बाढ़ एक अत्यधिक स्थानीयकृत परिघटना है, जिसकी दशा-दिशा उसी तरह से साल-दर-साल बदलती रहती है, जिस तरह से अचल संपत्ति का ढांचा बदलता रहता है। तीसरी, लोगों की असमान रिहाइश ने अत्यधिक अस्थिर शहरी संरचनाओं को जन्म दिया है, जो मानसून की पहली बारिश में ही दम तोड़ने लगती हैं। जिन लोगों का स्थायी ठौर-ठिकाना नहीं होता, वे संपत्ति में निवेश करने से कतराते हैं। इसी तरह, कई बस्तियां दशकों से खराब दशा में हैं। वहां लोग ऐसी सामग्रियों का उपयोग करते हैं, जो उन्हें नाममात्र की सुरक्षा देती हैं। जैसे, एस्बेस्टस और प्लास्टिक। प्रकृति के कहर के सामने ये चीजें जल्द दम तोड़ देती हैं। चौथी, आपदाओं को लेकर हमारा नजरिया राहत और पुनर्वास पर केंद्रित रहा है।

कितनी महत्वपूर्ण है भारत के लिए एस-400 डील

योगेश कुमार गोयल

एस-400 रक्षा प्रणाली को केवल पांच मिनट में ही युद्ध के लिए तैयार किया जा सकता है। 600 किलोमीटर की दूरी तक निगरानी करने की क्षमता से लैस एस-400 की मदद से भारत के लिए पाकिस्तान के चप्पे-चप्पे पर नजर रखना भी संभव हो सकेगा। यह किसी भी प्रकार के विमान, ड्रोन, बैलिस्टिक व क्रूज मिसाइल तथा जमीनी ठिकानों को 400 किलोमीटर की दूरी तक ध्वस्त करने में सक्षम है। इसके जरिये भारतीय वायुसेना देश के लिए खतरा बनने वाली मिसाइलों की पहचान कर उन्हें हवा में ही नष्ट कर सकेगी। भारत की रक्षा जरूरतों की बात करें तो भारत दुनिया के सबसे बड़े हथियार खरीदार देशों में से एक है, जो हथियार और रक्षा उपकरण सबसे ज्यादा रूस से ही खरीदता रहा है। कभी भारत की करीब 80 फीसदी रक्षा जरूरतें रूस से ही पूरी होती थी किन्तु वक्त की मांग के अनुरूप भारत ने अमेरिका, फ्रांस और इजरायल के साथ भी कई बड़े रक्षा समझौते किए लेकिन फिर भी करीब 58 फीसदी रक्षा सौदे भारत आज भी रूस के साथ ही करता है।

पिछले सप्ताह अमेरिकी प्रतिनिधि सभा ने भारत को रूस से एस-400 मिसाइल रक्षा प्रणाली खरीदने के लिए काटसा प्रतिबंधों से खास छूट दिलाने वाले एक संशोधित विधेयक को पारित कर दिया, जिसके बाद भारत अब रूस से बिना किसी रोक-टोक के एस-400 मिसाइल सिस्टम खरीद सकेगा। दरअसल 2017 में बने अमेरिकी कानून 'काटसा' के अनुसार यदि रूस, उत्तरी कोरिया अथवा ईरान के साथ कोई भी देश रक्षा या जासूसी संबंधी कोई डील करता है तो उसे अमेरिकी प्रतिबंधों का सामना करना होगा लेकिन भारत को इससे छूट दिया जाना निश्चित रूप से भारतीय कूटनीति की बड़ी सफलता है। वैसे भारत इस मामले में सख्त रूख अपनाते हुए सदैव यही कहता आया है कि रूस से इस महत्वपूर्ण रक्षा सौदे को लेकर वह किसी भी तरह के बाहरी दबाव में नहीं आएगा और रक्षा खरीद में राष्ट्रीय सुरक्षा हितों को प्राथमिकता दी जाएगी। अब प्रश्न यह है कि भारत के लिए रूस से एस-400 की यह डील आखिर इतनी महत्वपूर्ण क्यों है? दरअसल चीन, पाकिस्तान तथा अन्य दुश्मन पड़ोसी देशों से निपटने के लिए भारत को इस रक्षा प्रणाली की सख्त जरूरत है। एस-400 प्रणाली को भारतीय वायुसेना के बेड़े में शामिल करने के लिए रूस के साथ महत्वपूर्ण करार होने के बाद तत्कालीन वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल बीएस धनोआ ने कहा था कि एस-400 तथा राफेल विमान वायुसेना के लिए 'बूस्टर खुराक' होगी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच 2018 में हुई शिखर बैठक के दौरान भारतीय वायुसेना को ताकत प्रदान करने के लिए करीब 5.43 अरब डॉलर में एस-400 एंटी एयरक्राफ्ट मिसाइल रक्षा प्रणाली की पांच इकाईयां खरीदने का करार हुआ था। रक्षा विशेषज्ञों के मुताबिक एस-400 के वायुसेना में शामिल होने के बाद भारत जमीन की लड़ाई भी आसमान से ही लड़ने में सक्षम हो जाएगा। मल्टीफंक्शन रडार से लैस दुश्मन की बर्बादी का ब्रह्मास्त्र मानी जाने वाली एस-400 दुनियाभर में सर्वाधिक उन्नत मिसाइल रक्षा प्रणालियों में से एक है, जो रूसी सेना में 2007 में सम्मिलित हुई थी। यह ऐसी प्रणाली है, जिसके रडार में आने के बाद दुश्मन का बच पाना असंभव हो जाता है।

इसके हमले के सामने भागना तो दूर, संभलना भी मुश्किल होता है। कुछ रक्षा विशेषज्ञ इसे जमीन पर तैनात ऐसी आर्मी भी कहते हैं, जो पलक झपकते ही सैकड़ों फीट ऊपर आसमान में ही दुश्मनों की कब्र बना सकती है। यह एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम तीन तरह की अलग-अलग मिसाइल दाग सकता है और इसे ऊंचाई वाले क्षेत्रों में भी आसानी से पहुंचाया जा सकता है। यही नहीं, नौसेना के मोबाइल प्लेटफॉर्म से भी इसे दागा जा सकता है।

चीन रूस से यह मिसाइल रक्षा प्रणाली खरीदने वाला पहला देश था। भारत के लिए रूस से यह मिसाइल रक्षा प्रणाली हासिल करना इसलिए भी जरूरी है क्योंकि देश के लिए सबसे बड़ा खतरा बनते पड़ोसी देश चीन ने रूस से 2014 में ही एस-400 मिसाइल रक्षा प्रणाली खरीद ली थी, इसलिए 3488 किलोमीटर लंबी भारत-चीन सीमा की सुरक्षा के मद्देनजर एस-400 रक्षा प्रणाली हासिल करना और अपनी रक्षा प्रणाली को मजबूत करते हुए वायुसेना की ताकत बढ़ाना भारत के लिए बेहद जरूरी हो गया है। यह प्रणाली जमीन से मिसाइल दागकर हवा में ही दुश्मन की ओर से आ रही मिसाइलों को नष्ट करने में सक्षम है। यह एक साथ 36 लक्ष्यों और दो लॉन्चरों से आने वाली मिसाइलों पर निशाना साध सकती है और 17 हजार किलोमीटर प्रतिघंटा की गति से 30 किलोमीटर की ऊंचाई तक अपने लक्ष्य पर हमला कर सकती है। एस-400 में मिसाइल दागने की क्षमता पहले से ढ़ाई गुना ज्यादा है। यह कम दूरी से लेकर लंबी दूरी तक मंडरा रहे किसी भी एरियल टारगेट को पलक झपकते ही हवा में ही नष्ट कर सकती है। यह मिसाइल प्रणाली पहले अपने टारगेट को स्पॉट कर उसे पहचानती है, उसके बाद मिसाइल सिस्टम उसे मॉनीटर करना शुरू कर देता है और उसकी लोकेशन ट्रैक करता है। रक्षा विशेषज्ञों के मुताबिक इस मिसाइल प्रणाली को अगर आसमान में फुटबॉल के आकार की भी कोई चीज मंडराती हुई दिखाई दे तो यह उसे भी डिटेक्ट कर नष्ट कर सकती है।

एस-400 रक्षा प्रणाली को केवल पांच मिनट में ही युद्ध के लिए तैयार किया जा सकता है। 600 किलोमीटर की दूरी तक निगरानी करने की क्षमता से लैस एस-400 की मदद से भारत के लिए पाकिस्तान के चप्पे-चप्पे पर नजर रखना भी संभव हो सकेगा। यह किसी भी प्रकार के विमान, ड्रोन, बैलिस्टिक व क्रूज मिसाइल तथा जमीनी ठिकानों को 400 किलोमीटर की दूरी तक ध्वस्त करने में सक्षम है। इसके जरिये भारतीय वायुसेना देश के लिए खतरा बनने वाली मिसाइलों की पहचान कर उन्हें हवा में ही नष्ट कर सकेगी। भारत की रक्षा जरूरतों की बात करें तो भारत दुनिया के सबसे बड़े हथियार खरीदार देशों में से एक है, जो हथियार और रक्षा उपकरण सबसे ज्यादा रूस से ही खरीदता रहा है। कभी भारत की करीब 80 फीसदी रक्षा जरूरतें रूस से ही पूरी होती थी किन्तु वक्त की मांग के अनुरूप भारत ने अमेरिका, फ्रांस और इजरायल के साथ भी कई बड़े रक्षा समझौते किए लेकिन फिर भी करीब 58 फीसदी रक्षा सौदे भारत आज भी रूस के साथ ही करता है। अगर 2013 से 2017 के आंकड़ों पर नजर डालें तो पता चलता है कि दुनियाभर में हथियारों का करीब 12 फीसदी आयात भारत में ही हुआ, जो अन्य देशों के मुकाबले सर्वाधिक था। वैसे हथियारों के उत्पादन की भारत की 'मेक इन इंडिया' मुहिम में भी रूस भारत का बहुत बड़ा मददगार साबित हो रहा है। मेक इन इंडिया सैन्य प्रोजेक्ट के तहत रूस के पास 12 अरब डॉलर की परियोजनाएं हैं। इसके अलावा सैन्य विशेषज्ञों के मुताबिक करीब 25 अरब डॉलर के हथियारों की खरीद और होने के आसार हैं। बहरहाल, रूस से एस-400 की आपूर्ति की राह में जिन अमेरिकी प्रतिबंधों के भारत पर थोपे जाने की आशंका लंबे समय से मंडरा रही थी, भारत के कड़े रूख और सफल विदेश नीति के चलते उस बाधा का दूर होना निश्चित रूप से भारत के लिए राहत की बड़ी बात है।

रेवड़ी कल्चर पर रोक लगनी चाहिए

डॉ. ओ.पी. त्रिपाठी

हालाँकि मुफ्तखोरी या रेवड़ी संस्कृति पर प्रहार करना खतरे से खाली नहीं होगा लेकिन इस बारे में ये उक्ति ध्यान में रखनी होगी कि राजनीतिक नेता जहां अगले चुनाव के बारे में सोचते हैं वहीं राजनेता अगली पीढ़ी की भलाई को ध्यान में रखते हुए नीतिगत निर्णय करते हैं। उस दृष्टि से श्री मोदी ने बीते आठ साल में अनेक जोखिम उठाये जिनके कारण कुछ समय तक तो ये लगा कि उन्हें बड़ा नुकसान हो सकता है लेकिन हुआ उसका उलटा। ऐसा लगता है उस सबसे प्रधानमंत्री का हौसला बुलंद हुआ है और सांकेतिक शैली में ही सही उनकी तरफसे रेवड़ी संस्कृति की विरुद्ध आवाज उठाये जाने की शुरुवात की जा चुकी है। चुनाव आयोग और सर्वोच्च न्यायालय ने अनेक अवसरों पर मुफ्त उपहार वाले चुनावी वायदों पर ऐतराज जताते हुए ये कहा कि इस तरह के वायदों के लिए संसाधन कहां से आएंगे ये भी चुनाव घोषणापत्र में स्पष्ट किया जाना चाहिए।

कर्म ही पूजा मानने वाले देश में वोटों की राजनीति के चलते चुनावी वादों के रूप में मुफ्त में खाद्य सामग्री से लेकर दूसरी वस्तुएं बांटने का जो दौर चल गया है। ये साफ इशारा करता है कि इस देश का लोकतंत्र फ्री के लॉलीपॉप में फंस गया है। लोक लुभावन मुफ्त की योजनाओं से लोकतंत्र भी कमजोर होता है और अर्थतंत्र भी गड़बड़ा जाता है। देश की राजनीति में मुफ्तखोरी जमकर हावी होती जा रही है। इसके दूरगामी दुष्परिणाम होंगे। राजनितिक दल सत्ता में आने के लिए सियासत के स्तर को गिराने में लगे हैं।

पहले झारखंड के देवघर और उसके बाद उत्तर प्रदेश में बुंदेलखंड एक्सप्रेस हाइवे का उद्घाटन करते हुए प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी ने शॉर्ट कट राजनीति को नुकसानदेह बताते हुए कहा कि इसके कारण विकास कार्य प्रभावित होते हैं। उन्होंने कहा कि मुफ्त बिजली जैसे वायदों के आधार पर चुनाव जीतना तो आसान हो जाता है लेकिन ऐसे आश्वासन बांटने वालों की नए बिजलीघर बनवाने में कोई रूचि नहीं होती। प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय राजमार्गों का उदाहरण देते हुए कहा कि देश की तरक्की के लिए इस तरह के कामों का तेजी से होना जरूरी है क्योंकि जिस शहरों के पास से एक्सप्रेस हाइवे निकले हैं वहां आर्थिक विकास भी अपने आप होने लगा है। लेकिन ये तभी संभव है जब ऐसे कार्यों के लिये सरकार के पास पर्याप्त आर्थिक साधन भी हों। दरअसल श्रीलंका में उत्पन्न अभूतपूर्व आर्थिक संकट के बाद से राजनीतिक दलों द्वारा चुनाव जीतने के लिये बांटी जाने वाली खैरातों के विरोध में अनेक आर्थिक विशेषज्ञों द्वारा चेतावनी दी जा चुकी है। हालांकि अब तक किसी भी राजनीतिक दल ने इस बारे में अपना नजरिया स्पष्ट नहीं किया किन्तु पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार द्वारा एक जुलाई से 300 यूनिट बिजली मुफ्त देने संबंधी चुनावी वायदे को पूरा करते हुए देश के अनेक राज्यों में पूरे पृष्ठ का विज्ञापन देकर वाहवाही बटोरी गई। वस्तुतरू मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में आगामी वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव पर आम आदमी पार्टी की नजर है। गुजरात, कर्नाटक और हिमाचल में भी निकट भविष्य में चुनाव होंगे। चूंकि पार्टी इन राज्यों में अपने

पांव जमाने का प्रयास कर रही है इसलिए दिल्ली और पंजाब सरकार की मुफ्त योजनाओं का प्रचार करते हुए वह मतदाताओं को लुभाने का दांव चल रही है। वैसे अपने राज्य से बाहर समाचार पत्रों में सरकारी खर्च पर सत्तारूढ़ दल का प्रचार करने का कार्य भाजपा और बाकी राज्य सरकारें भी करती हैं लेकिन आम आदमी पार्टी द्वारा मुफ्त बिजली जैसे वायदे का सीधा असर जनमानस पर पड़ता है। किसानों को सस्ती बिजली देने का चलन भी अनेक राज्यों में है। लेकिन इस कारण उनका खजाना खाली होता चला गया।

पीएम मोदी ने इसे शॉर्ट कट राजनीति बताते हुए चेतावनी दी कि इससे शॉर्ट सर्किट हो सकता है। मुफ्त रेवड़ी बांटने पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कर दाताओं में बढ़ रही नाराजगी का भी संकेत दिया। प्रधानमंत्री चूंकि दूरगामी सोच रखने वाले राजनेता हैं इसलिए ये मानकर चला जा सकता है कि दो-तीन दिन के भीतर दो बार मुफ्त उपहारों को रेवड़ी बताने संबंधी उनका भाषण किसी कार्ययोजना का हिस्सा है। संसद भवन की कैंटीन में सस्ते भोजन पर रोक लगाने जैसा साहसिक कदम उठाकर श्री मोदी ने अपने इरादे जाहिर कर दिए थे। इसी तरह दिल्ली में चुनाव हारे हुए सांसदों से निश्चित समय-सीमा के भीतर सरकारी आवास खाली कराने संबंधी व्यवस्था भी उनकी सरकार की मंशा स्पष्ट करती है। खबर ये भी है कि पूर्व सांसदों को मिलने वाली पेंशन भी उनके निशाने पर है। हालांकि करोड़ों लोगों को मुफ्त अनाज और आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत पांच लाख तक के इलाज की सुविधा भी मुफ्तखोरी ही है और उसके पीछे भी कहीं न कहीं चुनाव जीतने का मकसद छुपा हुआ है और किसी भी राजनीतिक दल में ये साहस नहीं है कि इनका विरोध करे। वैसे सस्ते अनाज की सार्वजनिक वितरण प्रणाली तो दशकों पुरानी हो चुकी है। लेकिन मुफ्त बिजली जैसे चुनावी वायदे देश को बहुत महंगे पड़ रहे हैं।

कुछ समय पहले पत्रकारों ने जब परिवहन मंत्री नितिन गाड़करी से उनको टोल टैक्स में छूट दिलवाने की मांग की तो उन्होंने तो टूक मना करते हुए कहा कि वे इस मुफ्त संस्कृति के सख्त खिलाफ हैं। मंत्री महोदय ने बिना संकोच किये ये भी कहा कि अच्छी सड़कों पर चलना है तो टैक्स तो देना ही पड़ेगा। उस दृष्टि से प्रधानमंत्री द्वारा दियें जा रहे संकेत इस दिशा में उठाए जाने कदमों की आहट लगती है। श्रीलंका में जो स्थितियां बनीं वे रातों-रात बन गई हों ऐसा नहीं है। लेकिन विदेशों से कर्ज लेकर उसे अनुत्पादक कार्यों में लुटाने का दुष्परिणाम ही है कि कहाँ तो उसकी अर्थव्यवस्था तेजी से उछाल मारने की स्थिति में आ रही थी और कहाँ एक ही झटके में वह औंधे मुंह गिर पड़ीं। श्रीलंका तो खैर, छोटा सा देश है जिसकी आबादी हमारे देश के अनेक राज्यों से भी कम है। ऐसे में 135 करोड़ की आबादी वाले भारत को बहुत ही सावधानी के साथ उसकी गलतियों का विश्लेषण करते हुए इस बात की सावधानी रखनी होगी कि हमारे देश में वैसा न हो जाए।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

तुमसे नहीं ये हमारे

तुमसे नहीं ये हमारे बीच का जो कुछ नहीं है ना....वो फ़रेबी है मुझे उससे मिलना है।*तुमने हमेशा मेरी तरफ अपनी चुप्पियां सरकाई। तुम से ऊब कर अब उनके प्रेम में पड़ गयी हूँ.... तुम से एक रोज़ छूट जाऊंगी चुपके चुपके जिंदगी रोज़ मेरे घर आती है मैं ये कह कर लौटा देती हूं. तुम गलत नहीं थे बस मेरे नहीं थे। मैं छूटने टूटने से परे हूं रहूंगी यहीं सदा।

- कल्पना पाण्डेय

कल तक जो छानते

कल तक जो छानते रहे गलियों की

मेरी ख़ाक , मैंने बढ़ाया हाथ तो मग़रूर हो गए। अब रोशनी न होगी मुझे इसका ग़म नहीं, है ग़म तिलिस्म दीप से काफ़ूर हो गए। सम्भाली जा सकी नहीं ताबीर ख़्वाब की, शीशे के ख़्वाब थे सभी सो चूर हो गए। उनको मिली बुलंदियां ऐसे ही तो नहीं , बदनाम करके हमको वो मशहूर हो गए। **- रूबी झा 'कमल'**

ख़ास पाती | जैसे आकाश में उमड़ते घुमड़ते

जैसे आकाश में उमड़ते घुमड़ते हैं बादल वैसे ही उमड़ती घुमड़ती है गहरी मन की वेदना, और उसमें छुपी बातों के मर्म में भी कहाँ ढुलक पाती नयनों से अश्रु बूँदें ठीक वैसे ही आसमान भी दिल ही दिल में पसीज कर रह जाता, खामोश हो जाता मन और लफ्ज़ के साथ साथ उम्मीद की थरथराती अश्रु बूँदें भी, वो भी नयनों से कहाँ ढुलक पातीं! जैसे अंतहीन प्रतीक्षा की कलाई थामे मैं भी हूँ खामोश उन बूँदों की तरह माक़ूल जवाब के इंतज़ार में सच पूछो तो बड़ी ही समझदार होती हैं ये बूँदें सब कुछ समझकर भी आँखों के क़ोरों पर अटक ही जाती ये बूँदें जैसे बूँदों के स्पर्श से हथेली पसीज जाती। **- रश्मि सुमन**

वश में कहाँ सपनों का समुद्र

वश में कहाँ सपनों का समुद्र कभी मन करता सियाचीन कि सरहदों पे जाओ कभी मन करता खुद में ही खो जाओ कभी मन करता इन चार दिवारों को भेद जाऊं कभी मन करता काश मैं देश के लिए कुर्बान हो जाऊं कभी मन करता काश मैं एक वक्ता बन जाऊं कभी मन करता काश मैं भी अच्छा सा राजनेता बन जाऊं कभी मन करता काश मैं भी पंक्षियों सा उड़ जाऊंकभी मन करता काश मैं सफर में निकलूँ तो लौटूँ न वश में कहाँ सपनों का समुद्र। **-सोनू कुमार आकाश**

या तो साँचे में अपने ढाल

या तो साँचे में अपने ढाल हमें। या कहानी से अब निकाल हमें।। वक़्त ने कर दिया निढाल हमें। या खुदा तू ही अब सँभाल हमें।। इतनी ख़ामोशियाँ नहीं अच्छी। कुछ तो अपना दे हाल-चाल हमें।। क्या कोई भूल हो गई हमसे। तंग करता है ये सवाल हमें।। **- कमलकांत डोंगरे**

भूलूँ भला मैं कैसे ?

भूलूँ भला मैं कैसे ? संगीत समाया वो थिरका दिया था जिसने अंग-अंग औ मन को रंगों की रौशनी जो आकर टिकी है हम पर कहती है फिर ये देखो गुजरा गहन अंधेरा तुम चाँदनी में चहको झटको उम्र चुनरिया अंगड़ाई ले के महको है सावन तुम्हारे अंदर कोयल सी बन के चहको कहाँ उम्र गिन रहीं तुम हम तुम वहीं खड़े हैं वो जवानी का मील पत्थर आओ न फिर से दहको भूलो न हम वही हैं बदले हैं सिर्फ़ तो मौसम खुद को तलाशो फिर से हो मोहित स्वयं पे बहको। **- केदार नाथ शब्द मसीहा**

मैने देखे हैं कई रंग बदलने

मैने देखे हैं कई रंग बदलने वाले, दोस्त बन बन के मिले मुझ को मिटाने वाले, मैं तो इखलाक के हाथों ही बिका करता हूं, और होंगे तेरे बाजार में बिकने वाले। **- कुलदीप मिश्रा**

सामने हुस्न हो तो नज़रें बदल

सामने हुस्न हो तो नज़रें बदल जाती हैं दौलत के लिए वफाएं बिक जाती हैं ये दौर है मौका-परस्ती का घरों में बंद खिड़कियां नजर आती हैं।

- रीता पाण्डेय

तुम्हारे हाथ को अपने हाथों में

तुम्हारे हाथ को अपने हाथों में लेना चाहती हूँ मैं तुम्हें छूकर महसूस करना चाहती हूँ मैं, थक गयी हूँ, दूर-दूर से निहार कर तुम्हें करीब अपने बहुत करीब देखना चाहती हूँ मैं टूटे ना जो डोर भगवान से भी ऐसी किसी डोर से बँधना चाहती हूँ मैं।

- अर्चना खण्डेलवाल

QUIZ TIME

1) भारत में आने वाला वह अरब यात्री कौन था, जिसके रचना को 11 वीं शताब्दी के भारत का दर्पण कहा जाता है?
2) नेशनल स्कूल ऑफडिजाइन कहाँ स्थित है?
3) किस राज्य ने प्रवासियों के डाटा बैंक का विस्तार करने के लिए माइग्रेशन सर्वेक्षण आयोजित करने की घोषणा की है?
4) 1774 में भारत में सर्वप्रथम कोयले का उत्खनन किस स्थान पर किया गया?
5) 14 जून, 2022 को किसने ट्रिपल जम्पर में 17.18 मी. का रिकॉर्ड बनाया?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) अलबरूनी (2) पुणे (3) केरल (4) रानीगंज (5) प्रवीण चित्रवेल

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1731- स्पेन ने वियना संधि पर हस्ताक्षर किए। 1918- भारत के पहले कुशल पायलट इन्द्रलाल राय प्रथम विश्वयुद्ध में लंदन में जर्मनी से हुई लड़ाई में मारे गए। 1923- हिन्दी सिनेमा के प्रसिद्ध पार्श्व गायक मुकेश का जन्म। 1947- संविधान सभा ने तिरंगे को देश के राष्ट्रीय ध्वज रूप में अंगीकार किया। 1969- सोवियत संघ ने स्पूतनिक 50 और मोलनिया 112 संचार उपग्रहों का प्रक्षेपण किया। 1970- महाराष्ट्र के 18वें मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस का जन्म। 1981- भारत के पहले भूस्थिर उपग्रह एपल ने कार्य करना शुरू किया। 1988- अमेरिका के 500 वैज्ञानिकों ने पेंटागन में जैविक हथियार बनाने के शोध का बहिष्कार करने की प्रतिज्ञा ली। 1999- अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन द्वारा समान कार्य के लिए समान पारिश्रमिक की कार्य योजना लागू। 2001- शेर बहादुर देउबा नेपाल के नये प्रधानमंत्री बने 2001- समूह-आठ के देशों का जेनेवा में सम्मेलन सम्पन्न। 2003- इराक में हवाई हमले में तानाशाह सद्दाम हुसैन के दो बेटे मारे गए। 2004 - शांति के लिए 1976 में नोबेल पुरस्कार जीतने वाली बैटी बिलियम्स मैक्सिको में गिरफ़्तार। 2005 - आतंकवादी होने के सन्देह में लंदन पुलिस ने निर्दोष ब्राजीली नागरिक जीन चार्ल्स डे-मेंसेज को मार गिराया। 2008 - पाकिस्तान के परमाणु वैज्ञानिक अब्दुल कादिर ख़ान ने एक अदालत में अपने ख़िलाफ़ लगे प्रतिबन्धों हेतु पुनर्विचार याचिका दायर की। 2009 - 29वीं सदी का सबसे लंबा पूर्ण सूर्यग्रहण लगा था।

डॉ. खूबचंद बघेल वार्ड में 514 एवं पंडित सुन्दर लाल शर्मा वार्ड में 454 मामले तत्काल निराकृत

■ 21 जुलाई को पटेल विद्या मंदिर के पास महाराजबंध तालाब के समीप सामुदायिक भवन एवं पवार भवन चंगोराभाठा में शिविर 0

रायपुर/नवप्रदेश। मोर महापौर मोर द्वार कार्यक्रम के तहत 21 वें दिन का पहला शिविर निगम जोन 5 के डॉ. खूबचंद बघेल वार्ड क्रमांक 68 के चंगोराभाठा सांस्कृतिक भवन एवं दूसरा शिविर जोन 5 के पंडित सुन्दरलाल शर्मा वार्ड क्रमांक 62 के अश्वनी नगर सामुदायिक भवन में लगाया गया। आज दोनों वार्ड के शिविर में पहुंचकर महापौर एजाज ढेबर ने सभापति प्रमोद दुबे, छत्तीसगढ़ राज्य योग आयोग के अध्यक्ष एवं नगर निगम लोक कर्म विभाग के अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा, निगम नेता प्रतिपक्ष एवं वार्ड 68 की पार्षद मीनल चैबे, एमआईसी सदस्य सर्वनागभूषण राव, सुन्दर लाल जोगी, आकाश तिवारी, जितेन्द्र अग्रवाल, अंजनी राधेष्याम विभार, जोन 5 अध्यक्ष मन्नू विजेता यादव, जोन 8 अध्यक्ष घनष्याम छत्री, पार्षद नीलम नीलकंठ जगत, मृत्युंजय दुबे, उत्तम साहू, एल्डरमेन शम्सुल हसन नम्मू, अफरोज अंजुम, महापौर प्रतिनिधि भूपत महोबिया,

सामाजिक कार्यकर्ता संदीप तिवारी, प्रषांत हेंगडी, अपर आयुक्त अभिषेक अग्रवाल, कार्यपालन अभियन्ता योजना राजेश शर्मा, जोन कमिश्नरगणों, जोन कार्यपालन अभियंताओं,नगर निगम जोन के अधिकारियों, कर्मचारियों की उपस्थिति में नागरिकों की समस्याएं सुनीं एवं उनका हरसंभव तरीके से त्वरित निदान अपने सामने मिनटों में करवाया। इसके पूर्व आज के दोनो शिविरों में पहुंचते ही महापौर, सभापति, एमआईसी सदस्यों, वार्ड पार्षदों ने छत्तीसगढ महतारी के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन किया ।

वार्ड 68 के शिविर में निगम नेता प्रतिपक्ष व वार्ड पार्षद मीनल चौबे ने वार्डवासियों की मांगों व जनसमस्याओं की ओर ध्यानाकर्षण कराया एवं जनसमस्याओं के शीघ्र निदान का अनुरोध महापौर से किया। वार्ड 68 के शिविर में आवेदको सोहन यादव, रजनीष, नीता शास्त्री, कामिनी बाई वर्मा, हेमलता सारथी, कामिनी देवांगन, शहनाज बानो, मंजू मानिकपुरी, सुनीता साहू, तुलसी यादव, माया गौतम, महेश्वरी साहू, अनिता यदु, पिंकी अग्रवाल, दीपा चैधरी, अगसिया बाई देवांगन, रेखा देवांगन, ममता देवांगन, लक्ष्मी साहू, लक्ष्मी सोनवाने, रूचि गुप्ता आदि सभी आवेदको को तत्काल राशन कार्ड बनाकर दिये गये। महापौर ने महिला एवं बाल विकास विभाग के स्टॉल में शिशुओं का अन्न प्रासन कराया । शिशुओं को दुलार किया एवं गर्भवती माताओं को पौष्टीक आहार पैकेट प्रदान किये। महापौर ने स्कूटी में एमआईसी सदस्यों जोन अधिकारियों के साथ मेयर ऑन काल में वार्ड 68 के निवासियों की शिकायतों एवं उनके निराकरण की स्थिति का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। मेयर ऑन काल के तहत वार्ड 68 से प्राप्त सभी 10 जनषिकायतो का त्वरित निदान नियमानुसार करवाने महापौर ने जोन कमिश्नर व जोन कार्यपालन अभियंता को निर्देषित किया।

वार्ड 42 के शिविर में महापौर एजाज ढेबर से वार्ड की निवासी 40 वर्षीया बचपन से 60 प्रतिशत निःशक्त एवं चलने फिरने में दिक्कत से पीडित दुलारी साहू ने संपर्क किया। महापौर ने मंच पर बुलाकर समाज कल्याण विभाग के अधिकारी अभिलाष वर्मा को विभाग की ओर से तत्काल एक नई व्हील चेयर की पीडित निःषक्त महिला दुलारी साहू के लिये व्यवस्था करने निर्देश दिये।

हरेली तिहार पर राज्य के गौठानों में होगी पारंपरिक कार्यक्रमों की धूम

■ गेड़ी दौड़, फुगड़ी ,भौंरा, रस्साकसी आदि की होंगी स्पर्धाएं

■ चीला, बड़ा, सोहारी, गुलगुला भजिया जैसे छत्तीसगढ़ी व्यंजनों से महकेंगे गोठान

रायपुर/नवप्रदेश। हरेली-तिहार छत्तीसगढ़ राज्य का पहला त्यौहार है, जो छत्तीसगढ़ की ग्रामीण कृषि संस्कृति, परंपरा एवं आस्था से जुड़ा हुआ है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप राज्य के तीज-त्यौहार, परंपरा एवं संस्कृति को आगे बढ़ाने की पहल के चलते हरेली सहित अन्य तिहार जैसे पोला-तीजा, छेर-छेरा पुन्नी आदि का आयोजन बीते तीन सालों से बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। इसका उद्देश्य लोगों को अपनी परंपरा और संस्कृति से जोड़ना है, ताकि लोग छत्तीसगढ़ की समृद्ध कला-संस्कृति, तीज-त्यौहार एवं परंपराओं पर गर्व की अनुभूति कर सकते हैं। छत्तीसगढ़ी तीज-त्यौहारों पर सार्वजनिक अवकाश की घोषणा भी इसी उद्देश्य की पूर्ति का एक हिस्सा ताकि लोग छत्तीसगढ़ी तीज-त्यौहारों के अवसर पर अपनी बढ़-चढ़कर भागीदार सुनिश्चित कर सकें।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के मंशा अनुरूप कृषि विभाग द्वारा गौठानों में हरेली तिहार के दिन 28 जुलाई को ग्रामीणों की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर ग्रामीणों के मध्य गेड़ी दौड़, कुर्सी

दौड़, फुगड़ी, रस्साकशी, भौंरा, नारियल फेंक आदि की प्रतियोगिताएं तथा छत्तीसगढ़ी पारंपरिक व्यंजन आदि की भी स्पर्धाएं होंगी।

गोधन न्याय मिशन के प्रबंध संचालक डॉ. अय्याज तम्बोली ने सभी कलेक्टरों, संभागायुक्तों को पत्र लिखकर गौठानों में पारंपरिक कार्यक्रम के साथ ही गौठान प्रबंधन समिति, स्व-सहायता समूह, ग्रामीण जनप्रतिनिधियों से हरेली तिहार के दिन गौठानों में कार्यक्रमों के आयोजन की रूपरेखा के संबंध में चर्चा करने को कहा है। हरेली तिहार के दिन गौठानों में पशुओं के स्वास्थ्य परीक्षण एवं टीकाकरण के लिए विशेष कैम्प का भी आयोजन किया जाएगा। गौठानों में पशुओं को नियमित रूप से भेजने, खुले में चराई पर रोक लगाने तथा पशु रोका-छेका अभियान में सभी ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी को लेकर भी चर्चा की जाएगी। हरेली तिहार के दिन किसानों को भी गौठानों में विशेष रूप आमंत्रित कर खेती-किसानी के संबंध में उन्हें समसमायिक सलाह देने के साथ ही उन्हें वर्मी कम्पोस्ट का खेती में उपयोग करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। गौठानों के प्रबंधन, क्रय किए गए गोबर, उत्पादित वर्मी कंपोस्ट के रखरखाव सुरक्षा को लेकर भी चर्चा की जाएगी तथा गौठानों में गोबर, वर्मी कम्पोस्ट आदि के सुरक्षित रख-रखाव के लिए छायादार चबूतरा, तिरपाल आदि के प्रबंध की पहल की जाएगी।

आरडीए को जीएसटी के लिए मिला केन्द्र सरकार का प्रशस्ति पत्र

■ संपत्ति की रिकार्ड बिक्री के बाद से आर्थिक स्थिति में हुआ सुधार

रायपुर/नवप्रदेश। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड ने वर्ष 2021-22 को समाप्त होने वाले वर्ष के दौरान समय पर जीएसटी रिटर्न जमा करने और माल और सेवा कर के भुगतान के लिए रायपुर विकास प्राधिकरण को ई-प्रशंसा पत्र दिया है। बोर्ड के अध्यक्ष विवेक जौहरी ने जारी प्रशंसा पत्र में प्राधिकरण की सराहना करते हुए कहा है कि इससे राष्ट्र निर्माण को महत्वपूर्ण योगदान मिला है। रायपुर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष सुभाष धुप्पड़ ने केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड से जीएसटी के 5वें साल में मिले प्रशंसा पत्र मिलने पर खुशी जाहिर करते हुए आरडीए के मुख्य कार्यपालन अधिकारी धर्मेश साहू, उपाध्यक्ष व्दय सूर्यमणी मिश्रा व शिव सिंह ठाकुर, संचालक मंडल के सदस्य राजेन्द्र पप्पू बंजारे, ममता रॉय, हिरेन्द्र देवांगन, मुकेश साहू, समस्त अधिकारियों और कर्मचारियों को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी है। उन्होंने कहा की प्राधिकरण को ऐसी उपलब्धि पहली बार मिली है जब केन्द्र सरकार की ओर से ऐसा सराहना पत्र प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि टीम वर्क के कारण हासिल हुई है। इसमें सभी का योगदान है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी धर्मेश साहू ने इस उपलब्धि पर कहा है कि प्राधिकरण के अध्यक्ष सुभाष धुप्पड़ के नेतृत्व में प्राधिकरण को यह सफलता मिली है। उल्लेखनीय है कि रायपुर विकास प्राधिकरण ने 29 अप्रैल 2022 को एक ही दिन में 55.62 करोड़ रुपए की संपत्ति विक्रय का रिकार्ड बनाया था। इसके बाद अप्रैल 2022 में प्राधिकरण ने एक माह में पूर्व के सभी रिकार्ड तोड़ते हुए संपत्ति विक्रय में भूखंड, फ्लैट्स सहित 79.71 करोड़ रुपए की संपत्ति का विक्रय किया था।

महादेवघाट में 24 को होगा जिला युवा संगठन का चुनाव

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ मेहर समाज में रायपुर जिला स्तरीय युवा पदाधिकारियों का चुनाव रविवार 24 जुलाई को महादेव घाट स्थित संत रविदास मंदिर प्रांगण में आयोजित हो रहा है। जिसमें रायपुर जिला के अंतर्गत आरंग, धरसीवां, तिल्दा, अभनपुर, खरोरा, चंदखुरी, माना, समोदा, नया रायपुर के साथ रायपुर शहर के चारो विधानसभा क्षेत्र से युवा अपनी दावेदारी पेश कर सकते हैं। प्रदेश युवा अध्यक्ष तुलसी दौड़िया ने बताया चुनाव में अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष, उपाध्यक्ष, संयुक्त सचिव, संगठन सचिव, प्रचार प्रसार सचिव, प्रवक्ता, सलाहकार तथा कार्यकारणी के पदो पर नियुक्ति किया जायेगा। छत्तीसगढ़ मेहर समाज के प्रदेश व जिला पदाधिकारी खिलावन बघेल, परदेसी राम लहरी, राकेश मेहर, खेमराज बाकरे, हितेश मंडाई, सरोजनी रात्रे, सुधा रात्रे, मधु नीलम जोशी, नरेश लदेर, प्रदीप पाठक, बृजेश तुरकाने ने सभी युवाओं से चुनाव में भाग लेने अपील की है।

एमएड एवं बीएड अभ्यार्थियों की अंतिम चयन सूची जारी

रायपुर/नवप्रदेश। शासकीय शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय शंकर नगर की सत्र 2022-24 के लिए एम.एड. (सीधी भर्ती) एव बी.एड. (विभागीय) अभ्यार्थियों की अनंतिम चयन सूची जारी कर दी गई है। जिसे शासकीय शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय, शंकर नगर के www.cteraipur.org एवं राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् शंकर नगर के वेबसाइट scert.cg.gov.in में देखा जा सकता है। आवेदन करने वाले अभ्यर्थी अनंतिम चयन सूची पर 26 जुलाई तक अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात् दावा-आपत्ति प्रस्तुत करने पर विचार नहीं किया जाएगा। जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी स्वयं आवेदक की होगी। दावा-आपत्ति प्रस्तुत करने वाले अभ्यर्थी शासकीय शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय, शंकर नगर, रायपुर छ.ग. के कक्ष क्र. 07 में प्रभारी श्री आलोक शुक्ला से 20 जुलाई से 26 जुलाई तक कार्यालयीन समय में आवश्यक दस्तावेज के साथ अपना अभ्यावेदन प्रस्तुत कर सकते है।

च्वाईस सेंटरों में पंजीयन के लिए शुल्क निर्धारित

रायपुर/नवप्रदेश। सहायक श्रमायुक्त ने बताया कि श्रम विभाग अंतर्गत छ.ग. भवन एवं अन्य संन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल एवं छ.ग. असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल के अंतर्गत श्रमिकों के श्रमिक पंजीयन, नवीनीकरण एवं विभिन्न योजनाओं के आवेदन ऑनलाईन लिये जाते है। किसी भी पात्र हितग्राही को च्वाईस सेंटरों या संदिग्ध व्यक्तियों द्वारा श्रमिकों से पंजीयन व योजना के आवेदन हेतु पैसों की मांग नहीं की जा सकती। हितग्राहियों द्वारा प्रस्तुत आवेदनों का समय-सीमा में परीक्षण कर निराकरण किया जाता है। सहायक श्रमायुक्त ने हितग्राहियों से अपील है कि च्वाईस सेंटर में लगने वाले निर्धारित शुल्क को छोड़कर पंजीयन एवं योजना स्वीकृत कराने के लिए किसी के झांसे में ना आए। च्वाईस सेंटर या संदिग्ध व्यक्ति द्वारा पैसे की मांग करने की स्थिति में सहायक श्रमायुक्त कार्यालय को सूचित करें।

10 हजार से अधिक युवाओं ने इनोवेशन प्रतियोगिता के लिए कराया रजिस्ट्रेशन

रायपुर/नवप्रदेश। भारत के कस्बों शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों के 10,000 से अधिक युवाओं ने सैमसंग के सॉल्व फॉर टुमॉरो इनोवेशन एंड एजुकेशन प्रोग्राम के लिए पंजीकरण करा लिया है छात्रों का यह जोश भारतीय युवाओं के बीच असल दुनिया की समस्याओं को हल करने के लिए इनोवेटिव टेक्नोलॉजी सॉल्यूशन खोजने की बढ़ती इच्छा को प्रदर्शित करता है छात्रों की इन्हीं कोशिशों का सकारात्मक सामाजिक प्रभाव उनके आसपास के लोगों के जीवन पर पड़ेगा।

कलिंगा में 'प्रतिभा प्रोत्साहन समारोह 2022' का आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। कलिंगा विश्वविद्यालय पिछले 8 सालों से मेधावी छात्रों को सम्मानित और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता आया है। इस तारतम्य में इस वर्ष भी कलिंगा विश्वविद्यालय परिसर में ''प्रतिभा प्रोत्साहन समारोह 2022'' का आयोजन 23 जुलाई प्रातः 10 बजे से किया जाएगा। यह कार्यक्रम दोपहर 1 बजे तक चलेगा। कार्यक्रम में कक्षा 12 वीं के छत्तीसगढ़ बोर्ड परीक्षा

2022 में शीर्ष श्रेणी और 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को सम्मानित किया जाएगा । पहला रैंक पाने वाले छात्रों को 15,000 नकद राशि, दूसरे रैंक के छात्र को 12,000 नगद राशि, तीसरा रैंक पाने वाले को 10,000 नकद राशि और चौथे से दसवीं रैंक के छात्रों को 5000 नकद राशि से पुरस्कृत किया जाएगा। वहीं कलिंगा विश्वविद्यालय इच्छुक और पात्र छात्रों को किसी भी स्नातक पाठ्यक्रम के तहत ट्यूशन शुल्क में 100 प्रतिशत छात्रवृत्ति प्रदान करेगा, साथ ही 90 प्रतिशत से ज्यादा अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा एवं कलिंगा विश्वविद्यालय छात्रवृत्ति नीति के तहत छात्रवृत्ति की पेशकश की जाएगी। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए छात्रों को दिए गए लिंक में फॉर्म भरकर अपनी भागीदारी की पुष्टि करनी होगी

कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की हुई बैठक

■ जिले में दस नए बैंक शाखाएं खोलने की आवश्यकता पर हुई चर्चा

रायपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे की अध्यक्षता में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित की गई। उन्होंने वित्तीय वर्ष में निर्धारित किए गए लक्ष्य के संबंध में जानकारी लेकर निर्धारित समय सीमा में हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार द्वारा प्रायोजित योजनाओं के हितग्राहियों को ऋण देने में कोताही ना बरती जाए। कलेक्टर ने बैठक में उपस्थित सभी बैंक के अधिकारियों से कहा कि उन्हें आने वाले समय में एटीएम का नेटवर्क बढ़ाना होगा। बैठक में रायपुर जिले के विभिन्न विकासखंडों अंतर्गत दस नए बैंक शाखाएं खोलने की आवश्यकता पर चर्चा भी की गई। जिसमें विकासखंड धरसीवा के नगर पंचायत कूरा और दोंदेकला, विकासखंड तिल्दा के ताराशिव, खौना, बंगोली एवं कनकी, अभनपुर विकासखंड के सुन्दरकेरा तथा आरंग विकासखंड के भानसोज, भिलाई और कोसरंगी शामिल है। उन्होंने पशुपालन विभाग, उद्यानिकी विभाग, कृषि विभाग, मत्स्य पालन विभाग सहित अन्य विभाग के अधिकारियों से कहा की बैंकों से समन्वय बनाकर प्रकरणों का निराकरण करें। उन्होंने बैंकर्स से कहा किसी भी प्रकरण को पेंडिंग ना रखें, यदि कोई कारण हो या दस्तावेज की कमी हो तो उसे दर्शाते हुए प्रकरण को पूर्ण दस्तावेज के साथ पुनः प्रस्तुत करने कहे। कलेक्टर ने सभी बैंक अधिकारियों से कहा कि सीडी रेशों मेंटेन करें। उन्होंने जिले में फसल बीमा का ऐचीवमेंट कम होने पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि लक्ष्य को पूरा करें। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री जनधन योजना के अंतर्गत खोले गए बैंक खातों में आधार तथा मोबाइल सीडिंग, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजनाओं की जिले में प्रगति, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, अंत्यव्यवसायी स्वरोजगार योजना और राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन सहित अन्य योजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा कर निर्देशित किया।

बैंक ऑफ बड़ौदा के 115वें स्थापना दिवस समारोह का आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। बैंक आफ बडौदा के 115वें स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर 20 जुलाई को विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। स्टाफ सदस्यों द्वारा नैतिकता-प्रतिज्ञा ली गई। तत्पश्चात आरसेटी, बैंक ऑफ बड़ौदा रायपुर के परिसर में पौधारोपण का आयोजन अन्मय मिश्रा, नेटवर्क उप महाप्रबंधक छत्तीसगढ़ रंजीत कुमार मंडल उप महाप्रबंधक, जेडएआइडी, कोलकाता एवं अमित बैनर्जी, क्षेत्रीय प्रमुख, रायपुर क्षेत्र की उपस्थिति में किया गया। सीएसआर गतिविधियों के अंतर्गत कार्यपालकों द्वारा बालाश्रम, कचहरी में वाटर कूलर तथा जूते, साथ ही एम्स हॉस्पिटल में व्हीलचेयर भी दान किए गए। क्षेत्र की शाखाओं में भी वृहद स्तर पर विभिन्न सीएसआर गतिविधियों का आयोजन किया गया। संध्या के समय आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में नेटवर्क उप महाप्रबंधक छत्तीसगढ़ कार्यालय की टीम, क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर की टीम अभिषेक भारती, उपक्षेत्रीय प्रबंधक, रायपुर, क्षेत्र की शाखाओं के स्टाफ सदस्य, बैंक के सेवानिवृत्त स्टाफ एवं उनके परिजन बडी संख्या में उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना में प्रवेश के लिए 5 तक आवेदन

रायपुर/नवप्रदेश। माना कैम्प स्थित शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत अंशकालीन पाठ्यक्रम इलेक्ट्रिशियन डोमेस्टिक सॉल्यूशन व्यवसाय प्रारंभ किया जा रहा है। इस व्यवसाय में प्रवेश हेतु आवेदक की शैक्षणिक योग्यता आठवी उत्तीर्ण रखी गई है। इसके लिए इच्छुक उम्मीदवार कार्यालयीन समय में 5 अगस्त तक शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था माना कैम्प में उपस्थित होकर अपना पंजीयन या आवेदन कर सकते है।

राज्यपाल ने बंदी की समय पूर्व रिहाई की दया याचिका स्वीकृत की

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके ने बंदी 81 वर्षीय प्रभुराम साहू पिता रूपराम साहू की समय पूर्व रिहाई की दया याचिका स्वीकृत की है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 161 के तहत यह स्वीकृति प्रदान की गई है। दया याचिका प्रकरण के अनुसार जेल अधीक्षक केन्द्रीय जेल दुर्ग द्वारा आवेदक/दण्डित प्रभुराम साहू की समय पूर्व रिहाई की अनुशंसा की गई थी। बंदी एवं उनके सहयोगियों को भा.दं.सं. की धारा 302 के तहत आजीवन कारावास के दण्ड से दण्डित किया गया था। आवेदक द्वारा गरीब परिवार से होने, एक हाथ टूटा होने, हृदय रोग से पीड़ित होने, एक पुत्री के दिव्यांग होने एवं उसके पालन पोषण की जिम्मेदारी भी बंदी पर होने, अभ्यस्त अपराधी न होने आदि कारण दर्शाते हुए सजा माफ कर उसे जेल से रिहा करने का निवेदन किया गया था। बंदी के आवेदन पर विचार कर उनके आचरण सहित अन्य परिस्थितियों को देखते हुए दया याचिका पर उदारतापूर्वक विचार कर भारतीय संविधान के अनुच्छेद 161 के तहत दंडित बंदी के सजा माफी का अनुमोदन किया गया है।

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल कोहका तह. व जिला दुर्ग

आम सूचना

विषय- सीमांकन बाबत

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि न्यायालय तहसीलदार दुर्ग के आदेश क्र. अ/12 आदेश दिनांक 20/6/22 के आदेशानुसार आवेदक श्री प्रभा श्रीवास्तव आ. एस.के.श्रीवास्तव निवासी गाम कातुलबोर्ड प.ह.नं. 20 रा.नि.मं. तितुरडीह तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 12-13/69 रकबा 0.026 हे. का सीमांकन दिनांक 23/8/22 को पूर्वान्ह/अपरान्ह 11 से 5 बजे स्थल पर किया जाना है।
अतः जिस किसी भी व्यक्ति उक्त खसरा नंबर की भूमि पर प्रत्यक्ष हित रखते हो तो अपने स्वत्व अर्जन के दस्तावेज नक्शा खसरा लेआउट तथा रजिस्ट्री की प्रतिलिनी सहित मौके पर उपस्थित होकर दावा आपत्ति पेश कर सकते है। तत्पश्चात आपत्ति मान्य नहीं होगी।

मुहर — राजस्व निरीक्षक, तितुरडीह दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

मामला क्रमांक /.../....2020-21

ईश्तहार

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक देवदास मानिकपुरी साकिन उरला दुर्ग तह. व जिला दुर्ग छ.ग. के द्वारा अपने सुखबती मानकपुरी पति भगवान मानिकपुरी की मृत्यु दिनांक 15/8/2011 को हो चुकी है। उक्त संबंध में मृत्यु प्रमाण पत्र चाहा गया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो वह दिनांक 30/7/22 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है।

आज दिनांक दिनांक 21/7/22 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा कि साथ जारी किया गया है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र- 202207101500020//ब/121/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्राम कापसी प.ह.नं. 07 तह पाटन जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक जगमोहन आ. स्व. बहुर सिंग निवासी ग्राम देमार तह. पाटन द्वारा मौजा ग्राम कापसी प.ह.नं. 07 तह. पाटन जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 136/1, 136/2 रकबा क्रमशः 0.30, 0.05 हे. में दर्ज भूमिस्वामी भरोसा आ. आशाराम का दिनांक 14/5/1993 तथा सहखातेदार भारत आ. आशाराम का दिनांक 27/10/2001 को फौत होने से नाम विलोपित कर उनके वैध वारिसानों के नाम फौती नामांतरण दर्ज किए जाने हेतु प्रस्तुत आवेदन आधार पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः आवेदक जगमोहन आ. स्व. बहुर सिंग निवासी ग्राम देमार तह. पाटन द्वारा प्रस्तुत आवेदन के आधार पर उपरोक्तानुसार नामांतरण की कार्यवाही में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 21/7/2022 तक या उसके पुर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 21/7/22 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, पाटन (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र- 202207101500036//अ/121/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्राम कोपेडीह प.ह.नं. 07 तह पाटन जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदिका जागृति माखीजा पति स्व. हितेश माखीजा अन्य 01 निवासी देना बैंक के पास रायपुर द्वारा ग्राम कोपेडीह प.ह.नं. 07 तह. पाटन स्थित भूमि खसरा नं. 152/9 रकबा 0.10 हे. भूमि को आवेदकगण के पति/पिता द्वारा क्रय किया जाना एवं वर्तमान में क्रेता का दिनांक 11/11/2021 को फौत हो जाने से आवेदकगण उक्त भूमि को वारिसान होने के नाते अपने नाम पर फौती नामांतरण दर्ज किए जाने आवेदन आधार पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः आवेदिका जागृति माखीजा पति स्व. हितेश माखीजा अन्य-1 निवासी देना बैंक के पास रायपुर द्वारा प्रस्तुत उपरोक्तानुसार फौती नामांतरण की कार्यवाही में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 21/7/2022 तक या उसके पुर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 4/7/22 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, पाटन (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र- 202207101500030//अ-6/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्राम सांकरा प.ह.नं. 08 तह पाटन जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक नरेन्द्र कुमार पिता कार्तिकराम निवासी ग्राम सांकरा द्वारा ग्राम सांकरा प.ह.नं. 08 तह. पाटन जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं.1733/4 रकबा 0.30 हे. के स्थान पर 1752/4 रकबा 0.30 हे. को चर्तुसीमा एवं काश्त कब्जा के आधार पर सुधार किए जाने बाबत आवेदन आधार पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः आवेदक नरेन्द्र कुमार पिता कार्तिकराम निवासी ग्राम सांकरा के द्वारा प्रस्तुत उपरोक्तानुसार त्रुटि सुधार किए जाने की कार्यवाही में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 22/7/2022 तक या उसके पुर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 05/07/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, पाटन (छ.ग.)

न्यूज गैलरी

दुकानो के आबंटन आवेदनों का पात्र-अपात्र सूची दावा आपत्ति 25 जुलाई तक

दुर्ग (नव प्रदेश)। नगर निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत निगम बाजार विभाग द्वारा जानकारी के अनुसार सिविल लाइन स्थित दुकानों के लिए दिनांक 11 मार्च 2022 से 10 अप्रैल 2022 तक आवेदन आमंत्रित किया गया।प्राप्त आवेदनों का पात्र/अपात्र सूची दावा आपत्ति हेतु प्रकाशित किया जा रहा है।जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति दर्ज करवानी हो तो दिनांक 25 जुलाई तक 15 दिवस के भीतर कार्यालयीन अवधि में लिखित रूप से दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है।निर्धारित अवधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं होगी।

अवैध शराब बिक्री करते एक आरोपी गिरफ्तार

कुम्हारी (नव प्रदेश)। बढ़ते अपराधों पर अंकुश लगाने लगातार कार्यवाही की जा रही है साथ ही नशे के सौदागरों पर भी शिकंजा कसा जा रहा है। मंगलवार को मुखबिर की सूचना पर स्थानीय पुलिस द्वारा अवैध रूप से शराब बिक्री करते आरोपी लीलाधर बया (40 वर्ष) पिता मोहन बया को 30 पौवा देशी मसाला शराब कीमत 3300 रु. एवं एक एक्टिवा मोटर सायकल क्रमांक सीजी 07-एवी-6371 को जप्त कर आरोपी पर 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी पी ड़ी चंद्रा एवं उनकी टीम का सराहनीय योगदान रहा।

हॉट मेटल उत्पादन के साथ एक और कीर्तिमान

भिलाई (नव प्रदेश)। भिलाई इस्पात संयंत्र के ब्लॉस्ट फर्नेस 8 (महामाया) में हॉट मेटल के 10 मिलियन टन उत्पादन लक्ष्य को प्राप्त करने के अवसर पर 21 जुलाई को ब्लॉस्ट फर्नेस 8 के सभागार में जवाहरलाल नेहरु चिकित्सालय एवं अनुसंधान केन्द्र, सेक्टर-09 के ब्लड बैंक टीम के सहयोग से रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 39 कार्मिकों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर एक नया कीर्तिमान बनाया हैं। ब्लॉस्ट फर्नेस 8 (महामाया) में हॉट मेटल के 10 मिलियन टन उत्पादन लक्ष्य को प्राप्त करने के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन 21 जुलाई को ब्लॉस्ट फर्नेस 8 के सभागार में जवाहरलाल नेहरु चिकित्सालय एवं अनुसंधान केन्द्र, सेक्टर-09 के ब्लड बैंक टीम के सहयोग से किया गया। यह आयोजन मुख्य महाप्रबन्धक (ऑयरन) तापसदास गुप्ता की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। अपने उद्बोधन में उन्होंने ब्लॉस्ट फर्नेस के सभी कार्मिकों एवं अधिकारियों का उत्साहवर्धन करते हुए आगे भी इसी प्रकार नया माईल स्टोन बनाने के लिए प्रेस्ति किया तथा उन्होनें 10 मिलियन टन उत्पादन लक्ष्य की प्राप्ति में सहयोग करने वाले अन्य विभागों की भूमिका की भी सराहना की। इस आयोजन में ब्लास्ट फर्नेस 8 के कार्मिकों एवं अधिकारियों की सक्रिय भागीदारी रही, जिसमें महाप्रबन्धक आर आनन्द एवं महाप्रबन्धक अभीक चक्रवर्ती का विशेष योगदान रहा। रक्तदान करने के लिए ब्लॉस्ट फर्नेस 8 के कर्मियों एवं अधिकारियों में काफी अधिक उत्साह था।

तहसील परिसर दुर्ग में किया गया वृक्षारोपण

दुर्ग (नव प्रदेश)। तहसील परिसर दुर्ग में स्टॉम्प विक्रेता दस्तावेज लेकर कक्ष क्रमांक-1 के द्वारा वृक्षारोपण किया गया। जिसमें अनुविभागीय अधिकारी मुकेश रावटे, तहसीलदार प्रकाश सोनी, अतिरिक्त तहसीलदार, प्रेरणा सिंह, नायब तहसीलदार सत्येन्द्र शुक्ला, अधिवक्ता युगल किशोर देवांगन, वसीम रजा खान एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

इंदिरा मार्केट, महिला समृद्धि सहित अन्य सब्जी बाजार से हटाया गया कब्जा

समझाइस के बावजूद कब्जा न हटाने पर निगम ने लिया एक्शन

- **निगम की कार्यवाही से नागरिको ने की सराहना, कहा कार्यवाही अति आवश्यक थी**
- **बाजार क्षेत्र में बाधित करने वाले टेबल, जाली व अवैध निर्माण को हटाया गयां**

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। नगर पालिक निगम। मार्केट व अन्य मुख्य मार्गो को व्यवस्थित करने के लिए तथा सडक को सुगम बनाने और ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार लाने के लिए एवं नागरिको की मूलभूत सुविधाओं व्यवस्था मिले इसको ध्यान में रखते हुए कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा के आदेश व आयुक्त प्रकाश सर्वे के निर्देश पर आज सुबह से ही इंदिरा मार्केट, महिला समृद्धि बाजार, सिकोला भाठा सहित अन्य सब्जी बाजार में निगम के बाजार विभाग व अतिक्रमण विभाग के नेतृत्व मे सब्जी पसरा लगाने वालों द्वारा जो अतिक्रमण किया गया था उसको हटवाने की कार्रवाई की गई. उनके द्वारा लगाया गए टेबल, जाली, अवैध निर्माण को हटाया गया.. ज्ञात हो कि गत दिनों भारी बारिश के चलते अतिक्रमणकारी सब्जी पसरा वालो द्वारा नाली को पूर्ण रूप से पाट दिया गया, जिससे मार्केट में जलभराव की स्थिति निर्मित हो गई थी तथा आने वाले ग्राहकों को परेशानी का सामना करना पड़ा, नागरिकों की सुविधाओं को ध्यान में रखकर निगम लगातार कार्यवाही बाजार क्षेत्र में पानी निकासी नाली के रास्ते मे पेवर ब्लॉक इत्यादि लगाकर बन्द कर दिया गया।निगम द्वारा सख्त चेतावनी दी गई है दोबारा लगाया गया तो कड़ी कार्यवाही की जाएगी। इंदिरा मार्केट बाजार क्षेत्र में सब्जी विक्रेताओं के द्वारा चबूतरे के सामने लोहे की जाली लगाए जाने से सब्जी खरीदने वाले व्यक्तियों को आने जाने में परेशानी होती थी पिछले दिनों कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा के द्वारा निरीक्षण उपरांत आयुक्त प्रकाश सर्वे को व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए गए थे। जिसके तहत बाजार विभाग एवं अतिक्रमण विभाग के द्वारा कार्यवाही की गई लोहे की जाली को जप्त किया गया एवं भविष्य के लिए चेतावनी दी गई सभी बाजार क्षेत्रों में उक्त कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी। कार्यवाही के मौके पर अतिक्रमण अधिकारी दुर्गेश गुप्ता, बाजार अधिकारी थानसिंग यादव, ईश्वर वर्मा, शशिकांत यादव, भुवनदास साहू सहित अमला मौजूद थे।

नियमित योग से अपने ब्रेन को समाधान दें : सूरज

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। भगवान की पालना में पलने वाले भाग्यवान है सुबह उठते ही यह संकल्प करें मेरे साथ स्वयं भगवान है मेरा साथ दे रहा है, मैं सृष्टि की महान आत्मा हूं, मैं शक्तिशाली निर्भय हूँ हमारा सबकॉन्शियस माइंड इन बातों को एक्सेप्ट करेगा इस प्रयोग से निश्चिंतता आ जाएगी जीवन में एक बार अवश्य प्रयोग करें परमात्मा शक्तियों का संपूर्ण, समर्पण, विश्वास और भावनाएं हैं तो भगवान बंधा हुआ है हमारी मदद के लिए मनुष्य के हाथ में कुछ भी नहीं है ना होगा इसीलिए स्लोगन है नर चाहत है कुछ और होगा कुछ और दूसरों की परेशानी में परेशान नहीं बल्कि योग से उनके ब्रेन को एनर्जी देकर समाधान दे। उक्त उद्गार संस्था के अंतराष्ट्रीय मुख्यालय माउंट आबू से पधारे वरिष्ट राजयोगा टीचर एवं पीस ऑफ़ माइंड चैनल के सुप्रसिद्ध शो समाधान के मुख्य वक्ता राजयोगी सूरज भाई ने सेक्टर स्थित पीस ऑडीटोरियम में कही। आगे आपने कहा की ब्रेन कंट्रोल इज एवरीथिंग मेडिकल साइंस में डॉक्टर लोग भी स्वीकार चुके हैं। ब्रेन से ही हमारी शक्तियां तरंगो के रूप में फैलती है, अवेयरनेस हो जीवन में यह परम सत्य है परमात्मा परमधाम से आया है सत्य की पहचान होने के बाद सवाल नहीं रहते हैं सत्य साधारण होता है जीवन में टेंशन नहीं बल्कि अटेंशन दें सुबह उठते ही व्हाट्सएप, यूट्यूब, न्यूज़ से दिमाग में विष भरता है अमृत नहीं। सुबह अंतरमन 100त्न जागृत अवस्था में रहता है जो सभी बातों को जल्दी ग्रहण करता है।

आबू से आई ब्रह्माकुमारी गीता दीदी ने बताया हमारी खुशी को छीनने वाली बातें बहुत है संसार में हल्के रहना है खुश रहना है नो एक्सपेक्टेशन फ्रॉम अदर्स प्रेम, खुशी सम्मान,शांति चाहिए तो इसे दूसरों को देना शुरू करें दूसरों से उम्मीदें कामनाएं रखना अपनी खुशी को कम करना है। वर्तमान समय की डिमांड है लेने की कामना बंद, दिल से देना ही देना है, आपने लॉ ऑफ अट्रैक्शन के सिधांत से बताया की जो देंगे वह डबल ट्रिपल होकर वापस हमारे पास आ जाएगा।

बीएसपी के जेएलएन अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र में किया गया वृक्षारोपण

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के जेएलएन अस्पताल और अनुसंधान केंद्र द्वारा 21 जुलाई 2022 को संयंत्र के मुख्य चिकित्सालय के प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी एम रवींद्रनाथ एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रमोद बिनायके का मार्गदर्शन व नेतृत्व में एक वृक्षारोपण अभियान शुरू किया। वृक्षारोपण का कार्य उन क्षेत्रों में किया गया जहां वृक्षों का आवरण सीमित था।

कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी एम रवींद्रनाथ और सीएमओ प्रमोद बिनायके ने पौधरोपण कर किया। डॉ राजीव कुमार पाल सहित अस्पताल के अन्य वरिष्ठ अधिकारी, नर्सिंग स्टाफ हाउसकीपिंग स्टाफ अस्पताल परिचारकों ने आज वृक्षारोपण के इस अभियान में भाग लिया। आज 75 से अधिक पौधे लगाए गए जिसमें बकुल, अमलतास आदि जैसे विभिन्न पौधों का रोपण किया गया।

इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक (पर्यावरण प्रबंधन), दिब्येंदु लाल मोइत्रा, मुख्य महाप्रबंधक (टीएसडी), एस वी नंदनवार, टाउन सर्विसेज डिपार्टमेंट के महाप्रबंधक के सी त्रिपाठी, महाप्रबंधक (पीपी एंड ई) आर बी अष्टपुत्रे, महाप्रबंधक (पर्यावरण प्रबंधन), श्रीमती उमा कटोच, महाप्रबंधक (पर्यावरण प्रबंधन), के प्रवीण और उप महाप्रबंधक डॉ एन के जैन ने विशेष अतिथि के रूप में वृक्षारोपण अभियान में भाग लिया और पौधारोपण किया। मरीजों के स्वास्थ्य और उपचार में पर्यावरण का विशेष महत्व है।

जिपं में गौठानों के संचालन को लेकर की गई समीक्षा बैठक

दुर्ग (नव प्रदेश)। आज जिला पंचायत के सभागार में कृषि सलाहकार प्रदीप शर्मा की अध्यक्षता में गौठान को लेकर उपस्थित अधिकारियों के साथ गहन चर्चा की गई। जिसमें बैठक की चर्चा में प्रदीप शर्मा ने गौठान को मवेशियों का विश्राम स्थल बताया। बरसात के दिनों में गौठानों में वर्षा के कारण कीचड़ की स्थिति निर्मित न हो इसके लिए उन्होंने उचित निकासी की व्यवस्था लेवलिंग के साथ बनाने के लिए उपस्थित संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने गौठानों में चबूतरे के निर्माण की सलाह भी दी। उन्होंने गौठान में एक हिस्सा गांव के लावारिस जानवरों के लिए अलग से चिन्हित करने के लिए कहा और उनके सिंग को रंगने की सलाह भी दी ताकि उनका वर्गीकरण भी किया जा सके।गौठानों में निर्मित सीपीटी के उपयोग और प्लांटेंशन के संबंध में चर्चा की गई।

आयुक्त पहुंचे गौठान, अफसरों के साथ लिया जायजा, दिए आवश्यक निर्देश

शेड, समतलीकरण सहित अन्य व्यवस्था को तत्काल प्रारंभ करने के निर्देश

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। नगर पालिक निगम सीमान्तर्गत पुलगांव गोकुल नगर स्थित गौठान गोकुल नगर में आयुक्त प्रकाश सर्वे पहुँचे। इस दौरान कार्यपालन अभियंता प्रमोद दुबे,प्रभारी कार्यपालन अभियंता एसडी शर्मा,सहायक अभियंता वीपी मिश्रा,उपअभियंता विनोद मांझी सहायक स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, अतिक्रमण अधिकारी दुर्गेश गुप्ता, थानसिंह यादव, शशि कांत यादव, रौशनी साहू के अलावा ठेकेदार के साथ उन्होंने सम्पूर्ण गौठान एव गोकुल नगर का भ्रमण कर सभी उत्पादों का बारिकी से अवलोकन किया और आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने गौठान निरीक्षण के दौरान गौठान के निर्मित शेड में स्व सहायता समूह के लिए लाइवलीहुड एक्टिविटी तत्काल प्रारंभ किये जाने हेतु अफसरों को निर्देशित किया गया साथ गौठान के संचालन कल्याणम महिला स्व सहायता को गौ वंशो की देखरेख एवं साफ व्यवस्था बनाए रखने को कहा गया।उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मंशा के अनुरूप गौठान को संचालित करने तथा गौठान के हर क्षेत्र का अच्छे से उपयोग कर मुर्गी पालन, बतख पालन, दूध उत्पादन जैसे कार्य भी किये जा रहे है। गौठान में कार्यरत कल्याणी महिला स्व सहायता समूह को घरेलू उत्पाद को बढ़ावा देने लगातार विभिन्न कार्य किए जा रहे है। आयुक्त प्रकाश सर्वे ने गौठान के संबंध में स्व सहायता समूह गायत्री धोटे से चर्चा कर जानकारी ली।

उन्होंने बताया कि गोधन न्याय योजना को एक महत्वकांक्षी परियोजना बताया एवं इस परियोजना के तहत गौठान एक लधु औद्योगिक केंद्र की तरह विकसित हो ऐसा प्रयास करने के लिए कहा, मत्स्य पालन, अदरक हल्दी कोचई की खेती, आयुर्वेदिक जड़ी बूटियों का एक नर्सरी साथ ही पंचगव्य से बनी चीज़े जैसे धूपबत्ती, दीये, गोनाइल, गमले, राखियाँ, वाल हैंगिंग, मूर्तियां, जैविक खाद, जीवामृत, घनामृत एवं अन्य उत्पादों को बड़े स्तर पर बनाने एवं विपणन की बात कही।

न्यायालय नायब तहसीलदार
पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र- 202207101500042//ब/121/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्राम मगरघटा प.ह.नं. 08 तह पाटन जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदिका बिटो बाई जौजे खेलावन दास निवासी मगरघटा द्वारा ग्राम मगरघटा प.ह.नं. 58 तह. पाटन जिला दुर्ग स्थित अपने नाम दर्ज शासकीय पट्टे से प्राप्त भूमि खसरा नं. 316 रकबा 0.74 हे. भूमि का विक्रय किए जाने अनुमति बाबत कलेक्टर महोदय को प्रस्तुत आवेदन आधार पर प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः आवेदिका बिटो बाई जौजे खेलावन दास निवासी मगरघटा तह. पाटन द्वारा प्रस्तुत आवेदन के आधार पर उपरोक्तानुसार भूमि विक्रय की कार्यवाही में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 12/8/22 तक या उसके पुर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 19/7/22 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — **नायब तहसीलदार पाटन (छ.ग.)**

न्यायालय नायब तहसीलदार
पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र- 20121210150049//ब/121/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्राम उफरा प.ह.नं. 07 तह पाटन जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक अगनूराम यदु पिता माखन यदु निवासी उफरा तह. पाटन जिला दुर्ग द्वारा ग्राम उफरा प.ह.नं. 07 तह. पाटन जिला दुर्ग स्थित अपने नाम दर्ज खाते की भूमि खसरा नं. 594 रकबा 0.45 हे. का ऋणपुस्तिका गुम हो जाने से द्वितीय ऋणपुस्तिका प्रदाय किए जाने हेतु आवेदन आधार पर प्रकारण विचाराधीन है।

अतः आवेदक अगनूराम यदुपिता माखन यदु निवासी उफरा तह. पाटन द्वारा प्रस्तुत आवेदन के आधार पर उपरोक्त भूमि का आवेदन को द्वितीय प्रतिऋणपुस्तिका प्रदाय किए जाने की कार्यवाही में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 18/8/2022 तक या उसके पुर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

मुहर — **नायब तहसीलदार पाटन (छ.ग.)**

न्यायालय तहसीलदार
दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र- 202206100700435//अ-06/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक जयंत कुमार साहू पिता टीका राम साहू निवासी ग्राम सिविक सेंटर भिलाई तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम रिसाली तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 492/92 रकबा 0.0140 हे. भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार टीका राम साहू की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 27/7/22 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 19/7/22 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

नाम परिवर्तन

मैं डॉ संगीता माहिलकर पिता एम.डी. माहिलकर उम्र45 वर्ष, निवासी एच.आई.जी. 1/169 हा. बोर्ड बोरसी दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) की निवासी हूं। तथा छ.ग. राज्य पुलिस विभाग में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के पद पर रायपुर (छ.ग.) में पदस्थ हूं। मेरा नाम पूर्व में डा. संगीता पीटर था जिस बदलकर अपना नाम डॉ संगीता माहिलकर कर लिया है। अब मुझे डॉ संगीता माहिलकर पिता एम.डी.माहिलकर के नाम से जाना व पहचाना जावे एवं मेरे विभागीय सर्विस बुक, बैंक एवं मेरे अन्य समस्त दस्तावेजों एवे मेरे बच्चों के शैक्षणिक दस्तावेज, जन्म प्रमाण पत्र में जहां मेरा नाम डॉ संगीता पीटर पति अमित पीटर अंकित है उसे सुधारकर डॉ संगीता माहिलकर पिता एम.डी. माहिलकर किया जावे। मैं राजपत्र में अपना नाम डॉ संगीता माहिलकर पिता एम.डी. माहिलकर घोषित प्रकाशि करवाना चाहती हूं, इस बाबत यह शपथपत्र मेरे द्वारा पेश किया जा रहा है जो कि मेरे जानकारी से सत्य व सही होने के प्रमाण मे श्रीमान सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करना है। अतः शपथ पत्र प्रस्तुत है।

शपथकर्ती
डॉ. संगीता माहिलकर

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं राजीव ईस्सार पिता स्व. द्वारकानाथ ईस्सार निवासी आशीर्वाद प्लाट नं. 1ए सड़क नं. 1बी पंचशील हाऊसिंग सोसाईटी सेक्टर- बी बोरसी दुर्ग यह शपथ करता हूं कि मैने अपना यह पुराना नाम त्याग कर नया नाम राजीव कुमार ईस्सार पुत्र स्व. द्वारकानाथ ईस्सार रख लिया है। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नए नाम राजीव कुमार ईस्सार पिता स्व. द्वारका नाथ ईस्सार से ही जाना जाएें।

शपथकर्ता
राजीव कुमार ईस्सार
निवासी आशीर्वाद प्लाट नं. 1ए सड़क नं. 1बी पंचशील हाऊसिंग सोसाईटी सेक्टर- बी बोरसी दुर्ग

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार
दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक लखविन्दर सिंह आ. स्व. गुरमेज सिंह साकिन दुर्ग द्वारा ग्राम करंजा भिलाई प.ह.न. ... रा.नि.मं. दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 487/2 रकबा 0.19 हे. जो उसके स्व. महिन्दर कौर के नाम पर दर्ज है की फौती दर्ज किए जाने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि को आवेदक के नाम पर नामांतरण किए जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 8/8/22 तक या उसके पुर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 20/7/22 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार
दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक हरप्रीत सिंह आ. रजिन्दर सिंह साकिन दुर्ग द्वारा ग्राम अरसनारा प.ह.न. ... रा.नि.मं. दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 364/1, 365/1, 367/1, 383/3 रकबा 0.16, 0.22, 0.27, 0.60 हे. जो उसके स्व. जसविन्दर कौर के नाम पर दर्ज है की फौती दर्ज किए जाने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि को आवेदक के नाम पर नामांतरण किए जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 8/8/22 तक या उसके पुर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 20/7/22 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार
दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक उभयराम साहू उर्फ उभेराम आ. पुसऊराम साकिन अंजोरा द्वारा ग्राम अंजोरा प.ह.न. ... रा.नि.मं. दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 156, 147, 398, 487, 627 पर खातेदार का नाम उभयराम साहू उर्फ उभेराम अभिलेख में सुधार कर दर्ज करने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि अभिलेख सुधार किए जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 8/8/22 तक या उसके पुर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 19/7/22 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय तहसीलदार
दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र- 202206100700435//अ-06/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक राकेश नेताम पिता स्व. डैहरलाल निवासी ग्राम बघेरा तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम बघेरा तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 71/7, 258/16, 258/17 रकबा 0.413, 0.012, 0.012 हे. भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार डेहर लाल की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 10/8/22 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 19/7/22 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी
(रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

पंजी. नं. 202207100400190

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक रामकृष्ण देवांगन आ. सुधाराम देवांगन निवासी पद्मनाभपुर दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम मोहलई प.ह.न. 06 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 589, 590 रकबा 0.150, 0.240 हें/ ..... वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 14/7/22 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय नायब तहसीलदार
दुर्ग -1 (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-6/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका/आवेदिका मितेश्वरी आ. शेषराम निवासी उमरपोटी तह. व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम उमरपोटी तह. व जिला दुर्ग स्थित खाता क्रमांक ...... में दर्ज भूमि खसरा नं. 145/10 रकबा 0.76 हे. भूमि जो कि आवेदक/आवेदिका के नाम पर शामिलात रूप से वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि का पूर्व में हुए आपसी बंटवारा एवं कास्त कब्जा के आधार पर सामान हिस्सों में खाता विभाजन किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत दिनांक 5/8/22 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 19/7/22 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय तहसीलदार
दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र- 202207103300118//अ-06/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक पूरनलाल साहू आ. स्व. रूपालाल साहू निवासी 694 वार्ड नं. 58 उरला तह. व जिला दुर्ग के द्वारा मौजा ग्राम उरला प.ह.नं. 07 रा.नि.मं. सिकोला तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 52, 113/2, 151/1, 448/2 रकबा क्रमशः 0.1860, 0.1230, 0.2430, 0.0400 हे. भूमि रूपलाल पिता केजूराम के नाम पर वर्तमान पटवारी अभिलेख में दर्ज है। आवेदक की पिता रूपलाल आ. केजूराम की मृत्यु 19/01/2022 को हो चुकी है। आवेदक द्वारा फौती नामांतरण करने हेतु आवेदन मय मृत्यु प्रमाण पत्र एवं बी-1 की छायाप्रति प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 08/08/2022 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 11/7/22 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग के न्यायालय में मामला
मामले की श्रेणी-राजस्व

क्रमांकः सीजी 5124908072022026

डुंडेरा प.ह.न. 00057 हे.

ईश्तहार

तह. दुर्ग के प.ह.नं. 00057 के अंतर्गत ग्राम डुंडेरा के भूमिस्वामी पूजा अग्रवाल पिता/पति दिनेश अग्रवाल पता अग्रवाल हार्डवेयर पावर हाउस केम्प 2 भिलाई तह व जिला दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा नं. 811/4 (0.0081) में नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 27/7/22 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायानय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

अतः इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को उजर दावा हो सुनवाई तिथि के पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा । यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 12/7/22 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी
(रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

पंजी. नं. 202207100400242

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका प्रियंका मेश्राम पति आलोक मेश्राम निवासी संतोषी पारा मिलन चौक भिलाई द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम सिकोला प.ह.न. 17/8 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1/11 रकबा 0.0140 हें/ 1500 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 18/7/22 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी
(रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

पंजी. नं. 202207100400242

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका प्रियंका मेश्राम पति आलोक मेश्राम निवासी संतोषी पारा मिलन चौक भिलाई द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम सिकोला प.ह.न. 17/8 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1/11 रकबा 0.0140 हें/ 1500 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 18/7/22 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी
(रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट	पक्षकार का नाम	ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं.
	श्री सुधीर टिकरिहा	202207100400183

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री सुधीर कुमार टिकरिहा पिता माधव राम टिकरिहा निवासी संतोष चौक जरवाय जामुल द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम रिसाली प.ह.न. 22 तह. व जिला दुर्ग	617/57	0.011 हें 1200 वर्गफीट	आवासीय

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की कोई दावा/ आपत्ति हो तो प्रकरण उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 13/7/22 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग**

गरीबों की दो वक्त की रोटी भी छीनने पर तुली है भाजपा : मयूरी सिंह

राजनांदगांव/नवप्रदेश। केंद्र सरकार के द्वारा 25 किलोग्राम से ऊपर के खाद्य पैकेट को 5 प्रतिशत जीएसटी के दायरे से मुक्त करना गरीब तबके के लोगों के साथ छल व अन्याय है। इस निर्णय को आड़े हाथों लेते हुए प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, आईटी सेल एवं सोशल मीडिया तथा पीसीसी राजनांदगांव-खैरागढ़ जिला महासचिव महिला कांग्रेस मयूरी सिंह ने केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार की कड़ी निंदा की है।

केंद्र सरकार के इस निर्णय को गरीब विरोधी करार देते हुए मयूरी सिंह ने आगे कहा है कि मोदी सरकार के गब्बर सिंह टैक्स से बचने के लिए मजबूर होकर गरीब परिवार को अब एकमुश्त 25 किलो से अधिक चावल, आटा, दाल, बेसन, दही या पनीर खरीदने होंगे, जबकि सबसे बड़ा सवाल यह है कि रोज कमाने खाने वाले देहाड़ी मजदूर एकमुश्त राशन खरीदने के लिए इतनी रकम की व्यवस्था आखिर कहां से करेंगे। ऐसी ही समस्या उन युवाओं के सामने भी आएगी जो घर से बाहर यानी हॉस्टल में रहकर पढ़ाई करते हैं। ऐसे में गरीब तथा युवाओं के पास पैसा नहीं रहेगा तो उन्हें कर्ज भी लेना पड़ सकता है। मोदी सरकार को गरीबों के राशन खरीदने के लिए भी बैंकों से कर्ज देने की व्यवस्था करनी चाहिए। उनका कहना है भाजपा बताए कि 25 किलो से ऊपर की खाद्य सामग्री को 5 प्रतिशत जीएसटी के दायरे से बाहर करने से गरीबों को कैसे राहत मिलेगी, क्योंकि रोजी-मजदूरी करने वाले दिहाड़ी मजदूर रिक्शा चालक, ठेला चालक सुबह-शाम राशन खरीद कर अपने एवं परिवार का पेट भरते हैं। गरीब एकमुश्त 25 किलो से

ऊपर चावल, दाल, बेसन, दही, मिर्च-मसाला कैसे खरीदेंगे। बाजार में भी 100 ग्राम से लेकर 5 किलो तक के मिर्च-मसाला, आटा, चावल, बेसन, दही और अन्य खाद्य सामग्री के पैकेट ही मिलते हैं जिस पर मोदी सरकार ने 5 पर्सेंट जीएसटी लगाया है। खुले में मिर्च मसाला और आटा मिलना लगभग बंद हो चुका है। बड़ी-बड़ी कंपनियां और छोटे-छोटे दुकानदार भी पैकेट वाला समान ही सुविधा पूर्वक बेचते हैं।

मयूरी सिंह ने कहा कि आजादी के बाद पहली बार हो रहा है कि देश में बैठी सरकार सुबह-शाम राशन खरीदने वाले से पांच पर्सेंट जीएसटी वसूल रही है अब तक गरीबों के राशन पर किसी प्रकार का टैक्स नहीं लिया जाता रहा है। मोदी सरकार की टैक्स प्रेम देश के 85 प्रतिशत घरों के ऊपर विपत्ति बनकर टूटा है। महंगाई से पीड़ित जनता के ऊपर कुठाराघात है और हमेशा की तरह ही भाजपा और उनके अनुवांशिक संगठन मोदी सरकार के गरीब विरोधी नीतियों को बेहतर बताने के लिए गुमराह कर रहे हैं। भाजपा नेताओं को बताना चाहिए कि देश में ऐसे कितने गरीब है जो एकमुश्त 25 किलो से ऊपर आटा, 25 किलोग्राम से ऊपर बेसन, 25 किलोग्राम से ऊपर एकमुश्त चावल खरीदते है एवं एकमुश्त 25 लीटर से अधिक दही या पनीर खरीदते है। भाजपा के नेता यह भी बताएं क्या दूध और दही के 1 लीटर वाली पैकेट पर 5 पर्सेंट जीएसटी नहीं लगेगा?

उन्होंने आगे कहा है कि भाजपा के नेता देश के 85 प्रतिशत गरीब जनता को गुमराह करने के लिए खाद्य सामग्रियों पर लगाए गए 5 प्रतिशत जीएसटी के विषय पर धोखा और गुमराह करने वाली बयानबाजी कर रहे हैं जबकि सच्चाई यही है कि 25 किलो से ऊपर अनाज की खरीददारी गरीब जनता नहीं कर पाती है। मोदी सरकार एक ओर गरीबों के राशन में 5 प्रतिशत जीएसटी वसूल रही है और दूसरी ओर खुद दावा करती है कि 80 करोड़ लोगों को 5 किलो चावल दे रही है तब वह भरपेट भोजन प्राप्त कर पा रहे हैं।

पीएम मोदी की मूल्य आधारित राजनीति के कारण राष्ट्र मजबूत हुआ : ओमप्रकाश

बेमेतरा/नवप्रदेश। भाजपा की जिला कार्यसमिति की एक दिवसीय बैठक गुरुवार को गांधी भवन बेमेतरा में हुई। जिसमें जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी, जिला प्रभारी डॉ अजय राव एवं जिला सह प्रभारी विक्रांत सिंह शामिल हुए। बैठक के बाद भाजपाइयों ने पुराना बस स्टैंड चौक में एनडीए की राष्ट्रपति उम्मीदवार दौपद्री मुर्मू की जीत पर जमकर नारेबाजी एवं आतिशबाजी भी की।

जिलाध्यक्ष जोशी ने पिछली बैठक मे प्रस्तावित कार्यों की पुष्टि तथा साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में गरीब कल्याण, आयुष्मान योजना,फ्री राशन,देश के 12 करोड़ किसानों को एक साथ किसान सम्मान का लाभ,जन कल्याण के प्रति सड़क ,सुरक्षा,

स्वास्थ्य कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि देश में आज मूल्य आधारित राजनीति के कारण मानवता तृप्त और राष्ट्र मजबूत हुआ है। उन्होंने महामहिम द्रौपदी मुर्मू को भारत का राष्ट्रपति बनने पर बधाई व शुभकामनाएं दीं। जोशी ने कहा कि उनके नाम की घोषणा से ही जनजातीय समाज अत्यंत गौरव की अनुभूति कर रहा है। हमे विश्वास है कि उनके प्रशासनिक और सार्वजनिक अनुभव का लाभ पूरे देश को मिलेगा। जिला प्रभारी राव ने बताया कि भाजपा गांवों से लेकर शहरों तक तिरंगा यात्रा निकालेगी। उन्होंने शहर से लेकर गांवों तक के बूथों को अभियान से जोड़ने का आह्वान किया गया है। साथ ही इस बार हर घर में तिरंगा फहराने के अभियान की भी बात कही।

जिला सह प्रभारी विक्रांत सिंह ने कहा कि भाजपा पहले से ही कहती रही है कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार हर मोर्चे पर विफल हो चुकी है।

नगर पंचायत द्वारा नव निर्माण नाली में पानी निकासी का साधन नहीं

- **नगर पंचायत की स्वच्छता अभियान की खुल रही पोल**
- **नाली में पानी जाम से मोहल्ले वासी परेशान**

भटगांव/नवप्रदेश। नगर में स्वच्छता अभियान के तहत हर घर से कचरा उठाया जा रहा है हर गली मोहल्ले की नाली की सफाई का कार्य चल रहा है साथ ही नाली की सफाई कर नाली से गंदगी निकाला जाता है । ताकि नाली का पानी बहता रहे पानी जाम ना हो पर नगर के वार्ड क्रमांक 3 में नगर पंचायत द्वारा इस तरह के नाली निर्माण का कार्य किया गया। कि नवनिर्माण नाली में नाली निर्माण करने वाले यह भूल गए कि नाली में बहता हुआ पानी कहां पर गिरेगा नाली के पानी निकासी का आगे कोई साधन नहीं इसकी कोई अंतिम छोर नहीं बनाएगा जिससे पानी निकासी नहीं होने से पानी वहीं पर जाम रहने से पानी से बदबू आने लगी है जिससे कई प्रकार के मच्छर आदि पनपने लगे लगता है और पानी से बदबू आने लगता हैं। नाली के पानी निकासी निर्माण के लिए नगर पंचायत में मोहल्ले वासियों के द्वारा पहला आवेदन दिनांक 14/06/2021, दुसरा आवेदन दिनांक - 8/3/2022 को तथा तिसरा आवेदन 3/6/2022 - को - तीन आवेदन दिया जा चुका हैं। और विधायक जनचौपाल में आवेदन किया गया। लेकिन आज तक किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नगर पंचायत द्वारा नहीं किया जा रहा है जिससे आज नाली की गन्दा पानी रोड मे फैल गया और इसी रोड से तालाब में आने जाने का रास्ता है। वर्तमान में बरसात का मौसम है साफसफाई विशेष ध्यान देने की आवश्यकता होती है। पर नगर पंचायत द्वारा ध्यान नही देने से लोगों को परेशानियां बनी हुई है। आवेदक मोहल्ले वासी वार्ड 3 दुर्गेश साहू, खगेश दुबे, पुरीराम साहु, अजय साहु, बालमुकुन्द दुबे एडवोकेट, पुर्व पार्षद दिनेश साहु, देवेन्द्र यादव, करमु लाल कर्ष, तुला राम साहु, हेमन्त कर्ष है। नगर पंचायत अधिकारी-मधुलिका सिंह चंदेल ने बताया कि गोवर्धन यादव घर से अनुराग दुबे के घर तक 96 हजार ऊपये से नाली निर्माण टेन्डर या जोनल वर्क से कराया जायेगा

एनसीसी केडेंट्स ने किया वृक्षारोपण कार्यक्रम

भाटापारा/नवप्रदेश। आई आर यादव शा बहु उच्च माध्यमिक विद्यालय भाटापारा में मंगलवार 19जुलाई 2022 को एन सी सी कैडेट्स द्वारा आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष प्रशांत गांधी, संस्था प्रमुख दिनेश कुमार शर्मा, नगरपालिका परिषद भाटापारा के एल्डरमेन मुकेश साहू, राजस्व विभाग सभापति दीपक निर्मलकर, कांग्रेस कार्यकर्ता रामेश्वर बांधे ने विद्यालय प्रांगण में अशोक, मधुकामिनी तथा लेबल फाईकट्स के पौधों को रोपित किये। इस अवसर पर विद्यालय के व्याख्याता गण एम एल वर्मा, श्रीमती आर वर्मा,श्रीमती बी शर्मा, सुश्री राज वर्मा, लिपिक संघ के संभागाध्यक्ष दीपक मिश्रा तथा एन सी सी कैडेट्स संदीप बघेल, शैलेन्द्र, सिद्धार्थ, ओंकार, अमित जांगडे, आलोक,ललित, सौरभ, देवराज बघेल, सुमित यादव, कुन्दन,राकेश, साहिल,विनोद कुमार, सौरभ, योगेश, गोविन्द, ईश्वर, दुर्गेश, देवेन्द्र, रूपेश,रोहित, लोकेश तथा सहायक शिक्षक विज्ञान आर के चौबे भी वृक्षारोपण कार्यक्रम में सहभागी बने ।

हत्या को छुपाने के नियत से आरोपी का सहयोग करने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार

बेमेतरा /नवप्रदेश। 26 जूनक को सूचनाकर्ता उत्तरा कुमार चौहान पिता रामबिलास चौहान उम्र 48 साल साकिन बहेरघट थाना व जिला बेमेतरा ने 26 जून को थाना हाजिर आकर जुबानी बताकर मर्ग इन्टीवेशन दर्ज कराया कि दिनांक 26.06.2022 के सुबह गांव के चोवाराम निषाद एवं गांव के रमेश्वर निषाद लोगो ने बताया कि गांव के डोम सिंह निषाद ने अपने बेटा शोभनाथ उम्र 2 साल 6 माह साकिन बहेरघट थाना व जिला बेमेतरा को दिनांक 24.06.2022 के दोपहर करीबन 2.30 बजे ग्राम बहेरघट कन्हार खार थुकेल साहू के धनहा खेत में ले जाकर शोभनाथ निषाद को जमीन में पटककर पैर लात से गला को दबाकर शोभनाथ का हत्या करने पर मृतक शोभनाथ के शव को घटना स्थल से चोवाराम निषाद घर लाकर लोगो को मृतक को बिमारी से मृत्यु होना बताकर मृतक के शव को जला दिये है कि रिर्पोट पर मर्ग क्रमांक 82/222

धारा 174 जाफौ कायम कर जांच पर से अपराध सदर धारा 302, 201, 120 बी, 34 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया।

उक्त घटना के संबंध में वरिष्ट अधिकारियों को अवगत कराया गया। जिस पर पुलिस अधीक्षक बेमेतरा धर्मेन्द्र सिंह ने आरोपियों के विरूद्ध तत्काल कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिये। जिसके तहत अति. पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल एवं एसडीओपी बेमेतरा राजीव शर्मा के मार्गदर्शन में थाना बेमेतरा प्रभारी निरीक्षक प्रेम प्रकाश अवधिया एवं थाना स्टाफ को अपराध विवेचना हेतु लगाया गया। प्रकरण में विवेचना के दौरान आरोपी डोमसिंह ऊर्फपकलू निषाद 34 साल साकिन बहेरघट थाना व जिला बेमेतरा से पुछताछ करने पर बताया कि अपने लडका शोभनाथ निषाद उम्र 2 साल 6 माह को अपने तरफ का बच्चा नहीं है कि शंका कर गुस्से में आकर जमीन में पटककर हाथ मुक्का से मारपीट कर पैर के पंजा से गला व सीना को दबाकर हत्या करना स्वीकार किया। आरोपी को 15 जुलाई को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। प्रकरण में विवेचना के दौरान आरोपी चोवाराम एवं कमल निषाद, रमेशर निषाद से पुछताछ करने पर घटना दिनांक को डोम सिंह निषाद द्वारा मृतक शोभनाथ निषाद का हत्या करने के बाद हत्या को छुपाने के नियत से एक राय होकर आपसी सहमति से मृतक के शव को गांव के शमशान घाट में ले जाकर शव को आग से जला देना स्वीकार किये है।

आरोपी चोवाराम निषाद पिता स्वं. चमरू निषाद उम्र 40 साल, रमेशर निषाद पिता स्वं. अंकलहा निषाद उम्र 38 साल, कमल निषाद पिता स्वं. गोन्दुल निषाद उम्र 42 साल सभी साकिनान बहेरघट थाना व जिला बेमेतरा को 19 जुलाई को विधिवत कर न्यायालय में पेश किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना बेमेतरा प्रभारी निरीक्षक प्रेम प्रकाश अवधिया, प्रधान आरक्षक नोहर यादव, रविन्द्र तिवारी, हेमंत साहू आरक्षक राहुल यादव, राजेश ध्रुव, शिव कुमार, मुकेश माहिरे एवं अन्य स्टाफ की सराहनीय भुमिका रही।

प्रशांत बने सुदर्शन समाज के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष

राजनांदगांव/नवप्रदेश। 17 जुलाई 2022, दिन रविवार को गुरुदेव आश्रम आज्ञा राम चौक नागपुर (महाराष्ट्र) में संपूर्ण भारत से सुदर्शन समाज के सामाजिक प्रतिनिधियों का नागपुर नगर आगमन हुआ। साथ ही साथ महासंघ की नई उपलब्धि सी.एसईसी.60/ आर्टिकल 64, रजि. नंबर 1213 महासंघ को नया पंजीकरण प्राप्त हुआ, इसके अंतर्गत नई कार्यकारणी में दिलीप के हांथीबेड (राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व सदस्य केंद्रीय सफाई कर्मचारी आयोग, समाजिक न्याय अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार), पवन सातपुते (राष्ट्रीय कार्य अध्यक्ष), गौरी शंकर ग्रांवकार (राष्ट्रीय महामंत्री) के द्वारा प्रिंस प्रशांत हाथीबेड़ राजनांदगांव छत्तीसगढ निवासी को राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है, जिसके बाद राजनांदगांव में उनके सहयोगियों, बजरंगियों साथियों और वरिष्ठओं में उत्साह और नई ऊर्जा जागृत हुई है। समाज की इस जिम्मेदारी को श्री हाथीबेड़ ने पुरी निष्ठा से वहन कर समाज कल्याण और नई उपलब्धियां दिलाने की बात कही है।

डॉ खूबचंद बघेल जयंती मनाई गई

भाटापारा/नवप्रदेश। डॉ. खूबचंद बघेल स्मृति म. कु. छात्रावास में संचालित स्वा. आत्मानंद विद्यापीठ के छात्र,छात्राओं ने डॉ. खूबचंद बघेल की 122 वीं जयंती के पावन पर्व पर उनको याद किये । कार्यक्रम के प्रारंभ में डॉं. बघेल,सरदार

पटेल,स्वा. आत्मानंद व छत्रपतिशिवाजी के छायाचित्रों पर नवनिर्वाचित नगर प्रमुख दीपक टिकरीहा एवं सहयोगी गण प्रभारी प्रचार्य सेवाराम वर्मा, जयलाल कश्यप व विद्यालय के शिक्षिकाओं के द्वारा माल्यार्पण से हुआ ।अतिथियों का स्वागत छात्राओं के द्वारा किया गया ।श्री टिकरीहा, सेवाराम वर्मा व श्री जयलाल कश्यप द्वारा बच्चों को डॉं. बघेल की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उन्हें कड़ी मेहनतकर अच्छे नंबरों से परीक्षा पास करते हुए आगे बढ़ने के सलाह दिये ।इस दौरान गगन,दीक्षा आदि छात्र,छात्राओं ने कविता पाठ भी किये ।

कवि गोष्ठी का हुआ आयोजन

वही डॉं. बघेल सेवा समिति के तात्वाधान में स्थानीय छात्रावास में मंगलवार को शाम 5 बजे स्वजातीय साहित्य प्रेमियों द्वारा कवि गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें गिरधारी वर्मा, रमेश वर्मा, सेवाराम वर्मा,जी.पी. वर्मा, नरेन्द्र वर्मा, आजूराम वर्मा एवं हेमलाल वर्मा द्वारा काव्य पाठ किया गया । विदित हो कि डा. बघेल जयंती के उपलक्ष्य में ही डा. बघेल सेवा समिति द्वारा दिनांक 25-07-2022 को शाम 4.00 बजे से डा. बघेल चौक में पौधारोपण किया । जायेगा तथा शहर स्तरीय निबंध प्रतियोगिता का आयोजन सुबह 10.00 से 11.00 बजे तक स्थानीय छात्रावास में आयोजित होगा जिसका विषय है फ्रडा. खूबचंद बघेल के सपनों का छ.ग.फ्र

जवाहर नवोदय विद्यालय उड़िया कला में पालकों की हुई बैठक

कवर्धा/नवप्रदेश। विगत दिनों जवाहर नवोदय विद्यालय उड़िया कला में शिक्षा सत्र 2022-23 के समुचित संचालन हेतु विद्यालय समिति के द्वारा पालक बैठक सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ बैठक में सर्वप्रथम एस मिश्रा के द्वारा उपस्थित पालकों को संबोधित किया गया एवं यह जानकारी दी गई की वह अपने पाल्य /पाल्या के ऊपर अवकाश के दिनों में घरों में उनके शैक्षणिक व्यवस्था को लेकर नजर रखें साथ ही साथ उन्हें शिक्षा के साथ व्यवहार जगत एवं संस्कार से भी जोड़े रखें विद्यालय के प्राचार्य

प्रभाकर झा के द्वारा पालकों को बैठक में जानकारी दी गई की जवाहर नवोदय विद्यालय पुराने समय के गुरुकुल का ही आधुनिक रूप है यहां भय से अनुशासन न हो विद्यार्थी एवं पालक स्वस्फूर्त अनुशासित हो अनुशासन बाहर से नहीं अंदर से आनी चाहिए उन्होंने शिक्षा सत्र 2022-23 के लिए नवोदय चयन परीक्षा में 14 हजार से ऊपर पंजीयन होने पर संबंधित विभाग एवं पालकों को बधाई दी साथ ही साथ पालक अपने पाल्यो के ऊपर समय भी खर्च करें अर्थात उन्हें समय दें उन्होंने जानकारी दी कि इस वर्ष जे ई मीट में नवोदय विद्यालय से 3 छात्र दक्षिणा कोचिंग में 5 छात्रों का चयन से विद्यालय समिति गौरवान्वित है विद्यालय से शिक्षक बिसेन ने जानकारी दिया की इस शिक्षा सत्र से एक विशेष योजना के तहत नवोदय विद्यालय के कक्षा 11वीं एवं 12वीं के छात्र कोटा राजस्थान के इंस्टिट्यूट से प्रतिदिन ऑनलाइन समय विशेष पर निशुल्क पढ़ाई कर सकेंगे साथ में इस शिक्षा सत्र के लिए शासन प्रशासन एवं विद्यालय समिति के द्वारा बनाए गए नए नियमों से पलकों को अवगत कराया गया।

छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी समाज अर्जुनी ने डॉ खूबचंद बघेल की जयंती मनाई

अर्जुनी/नवप्रदेश।- छत्तीसगढ़ प्रथम स्वप्नदृष्टा डॉ. खूबचंद बघेल के जयंती के पर स्थानीय छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रीय समाज के अर्जुनी इकाई के सदस्यों ने डॉ खूबचंद बघेल को याद कर उनकी जयंती मनाई इस अवसर पर उनके प्रतिमा पर दीप,तिलक माल्यार्पण किया गया। व उपस्थित स्वजातीय बंधुओं को उनके बारे में संबोधित किया गया जिसमें उनके छत्तीसगढ़ राज निर्माण को लेकर महती संघर्ष भूमिका को याद किया गया। इस अवसर पर अर्जुनी ग्राम इकाई के ग्राम प्रमुख संदीप वर्मा सहित जवाहरलाल वर्मा,राधेश्याम वर्मा,गंगा राम वर्मा,जगन्नाथ वर्मा,सुरेंद्र वर्मा,वेदप्रकाश वर्मा,जगमोहन वर्मा,राकेश वर्मा,नीलकंठ वर्मा,शेखर वर्मा,अनुराग वर्मा, रूपेश वर्मा,रामकुमार वर्मा,दुष्यंत वर्मा, मीडिया प्रभारी अर्जुनी राज आदि शामिल रहें

ईको वाहन चोरी के आरोप में 1 गिरफ्तार, अन्य की तलाश जारी

भाटापारा/नवप्रदेश। :- गुरुनानक वार्ड पानी टँकी के पास रात में खड़ी इको वाहन को चोरी कर ले जाने के मामले में शहर पुलिस ने 1 आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी गया वाहन जब्त कर उसे रिमांड में भेज दिया है, वही अन्य की तलाश जारी है।

उपरोक्त संबंध में शहर थाना प्रभारी मंजुलता राठौर ने बताया कि प्रार्थी दिनेश कुमार साहू पिता फत्तेनारायण साहू गुरूनानक वार्ड पानी टंकी के पास भाटापारा निवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई की 19-07-2022 के रात्रि 00/30 बजे उसने अपने इको वाहन क्रमांक क्रमांक छ्त्त-स्र्य-2089 को अपने घर गुरूनानक वार्ड पांनी टंकी के पास भाटापारा में खडी कर सो गया और सुबह 06/30 बजे सोकर उठा तो देखा इको वाहन को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है कि प्रार्थी कि रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान आरोपी प्रकाश कुमार जांगडे साकिन ग्राम गोढी (टी) थाना भाटापार ग्रामीण को मुखबीर सूचना के आधार पर हिरासत में लेकर धारा 27 साक्ष्य अधिनियम के तहत मेमोरण्डम कथन लिया गया जिसमे इसके द्वारा शेखर टण्डन साकिन सतनामी पारा मारो थाना नांदघाट जिला बेमेतरा एवं उसके एक दोस्त सूरज जांगडे निवासी मारो थाना नांदघाट जिला बेमेतरा के साथ मिलकर चोरी करना बताये है ।आरोपी प्रकाश कुमार जांगडे को गिरफ्तार कर ज्युडिशियल रिमाण्ड पर भेजा गया तथा प्रकरण के दो आरोपी की पता तलाश जारी है। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक मंजूलता राठौर, सउनि विजय केशरिया , प्रधान आरक्षक संजय सोनी , युगल किशोर साहू , आरक्षक युगल ध्रुव , जितेन्द्र निषाद , उमेश वर्मा , श्रीचंद ध्रुव , टिकेश्वर गायकवाड, दुर्गेश कुमार स्वर्णकार का विशेष योगदान रहा

कार्यालय नगर पंचायत, फिंगेश्वर, जिला-गरियाबंद (छ.ग.)

// भूमि प्रबंधन की द्वितीय सूचना //

क्रमांक/1028/न.पं. राज./2022-23 फिंगेश्वर, दिनांक 21/07/2022

(छ.ग. नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 339-च के तहत)

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि छ.ग. नगर पालिका कॉलोनाईजर का रजिस्ट्रीकरण निर्वधन तथा शर्तों नियम 2013 के तहत निम्न खसरों की भूमि में हित रखने वाले सभी व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि कार्यालय अतिरिक्त तहसीलदार फिंगेश्वर का ज्ञापन क्रमांक/ 271/वा.ना.तह./दिनांक 20.04.2022 के माध्यम से दर्शित भूमि स्वामी द्वारा खसरा नंबर/रकबा की भूमि को भू-खंडों में बांटकर अवैध तरीके के कालोनी का निर्माण किया जा रहा है। संबंधित तथ्य सामने आया है। इस संबंध में निम्न खसरे की भूमि के प्रबंधन का अधिकार विहित प्रावधानों के अनुरूप सक्षम प्राधिकारी द्वारा क्यों ना लिया जाये? के संबंध में निम्न खसरों के सभी हितबद्ध पक्षकारों (क्रेता-विक्रेता) को सूचित किया जाता है कि प्रकाशन तिथि के उपरांत 15 दिवस के भीतर सक्षम प्राधिकारी के समक्ष सम्पूर्ण दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें। निर्धारित तिथि में उपस्थित नहीं होने की स्थिति में सम्पूर्ण अवैध कालोनी व खसरे का प्रबंधन का अधिकार विहित प्रावधानों के अनुरूप अपने अधिकार में ले लिया जावेगा, जिसकी सम्पूर्ण जवाबदार भूमि के हितबद्ध पक्षकार होंगे।

विवरण निम्नानुसार है :-

1. उप-तहसील फिंगेश्वर प.ह.नं. 09 ग्राम फिंगेश्वर ख.नं. 2111/2 से 2111/12 तक
2. उप-तहसील फिंगेश्वर प.ह.नं. 09 ग्राम फिंगेश्वर ख.नं. 2003/2, 2003/6 से 2003 /19 एवं 2003/21 से 2003/22 तक

उपरोक्तानुसार यह सूचना दी जाती है कि जनहित में मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने हेतु उक्त भूमि का प्रबंधन क्यों ना सक्षम अधिकारी द्वारा किया जाये इस पर सभी हितबद्ध पक्षकार (क्रेता/ विक्रेता) कार्यालय नगर पंचायत फिंगेश्वर, जिला-गरियाबंद में तर्कसंगत दस्तावेजों सहित दावा/आपत्ति व अपना जवाब 15 दिवस के भीतर (सूचना प्रकाशन की तिथि से) प्रस्तुत कर सकते हैं। अन्यथा की स्थिति में (छ.ग. नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा-339 च के तहत) प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए अवैध रूप से विक्रित भूखंड एवं विकसित किए जा रहे अवैध कालोनी की समस्त भूमि को जनहित हेतु मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने व विकास कार्य करने के उद्देश्य से प्रबंधन सक्षम अधिकारी द्वारा लिया जाना माना जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत, फिंगेश्वर

कार्यालय संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-4, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)
email ID: eocghbzone5@gmail.com

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा अटल आवास योजनांतर्गत बेलभाठा (अभनपुर), जिला रायपुर में निर्मित भवन क्र.-59, श्रीमती रूपा मेरी अरोरा पति श्री दामनिक अरोरा निवासी- मैनपुर, तहसील व थाना मैनपुर, जिला गरियाबंद (छ.ग.) के नाम पर आवासीय भवन 30 वर्ष के लीज में छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल का नामांतरण आदेश क्र. 443 दिनांक 12.07.2022 के माध्यम से नामांतरित है, उक्त भवन को फ्री-होल्ड के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जिनका फ्री-होल्ड संपरिवर्तन किया जाना है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्धशासकीय संस्था निकाय अथवा वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/ भवन का फ्री-होल्ड किए जाने में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा नियत समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, प्रक्षेत्र-4, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-4, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)
email ID: eocghbzone5@gmail.com

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा अटल आवास योजनांतर्गत बेलभाठा (अभनपुर), जिला रायपुर में निर्मित भवन क्र.-513, श्री राकेश शर्मा पिता श्री सहदेवचंद शर्मा निवासी- अवंति बाई चौक, लोधीपारा रायपुर (छ.ग.) के नाम पर आवासीय भवन 30 वर्ष की लीज में छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल के आबंटन आदेश क्र. 1321 दिनांक 18.02.2011 के माध्यम से स्ववित्तीय आधार पर आबंटित है, उक्त भवन को फ्री-होल्ड के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जिनका फ्री-होल्ड संपरिवर्तन किया जाना है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्धशासकीय संस्था निकाय अथवा वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/ भवन का फ्री-होल्ड किए जाने में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा नियत समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, प्रक्षेत्र-4, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)

ईश्तहार

ई.क्र./202207110200176/अ-6/वर्ष 2022 रायपुर, दिनांक 14/07/2022
ग्राम- रायपुर खास, प.ह.नं. 62
तहसील व जिला रायपुर छ.ग.

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुभाष सोनकर पिता स्व. श्री छोटेलाल सोनकर निवासी-म.नं. 16/1268 राधाकृष्ण मंदिर के पास हांडीपारा रायपुर छ.ग. द्वारा इस न्यायालय में धारा 110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत नामांतरण बाबत आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि ग्राम-रायपुर खास, प.ह.नं. 62 तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि खसरा नं. 402/1 रकबा 0.0780 हे. भूमि वर्तमान राजस्व अभिलेख में भैयालाल, बालाराम, छोटेलाल, बाबूलाल पिता तुंगन के नाम पर दर्ज है। आवेदक के बड़े पापा स्व. बालाराम सोनकर की मृत्यु दिनांक 28/04/2016 को हो चुका है। स्व. बालाराम सोनकर के विधिक वारिसान में 1. श्रीमती मनटोरा बाई सोनकर पति स्व. बालाराम सोनकर 2. शिव सोनकर 3. विजय सोनकर, 4. योगेश सोनकर तीनों पिता स्व. बालाराम सोनकर ही है। आवेदक के बड़े पापा के पुत्र स्व. शिव सोनकर की मृत्यु दिनांक 03/08/2019 को हो चुका है। तथा स्व. शिव सोनकर के विधिक वारिसान में 1.श्रीमती सुमिन बाई सोनकर पति स्व. शिव सोनकर 2. गोपी सोनकर 3. कन्हैया सोनकर दोनों पिता स्व. शिव सोनकर ही है। आवेदक के पिता स्व. छोटेलाल सोनकर की मृत्यु दिनांक 12/01/2021 को हो चुका है। स्व. छोटेलाल सोनकर के विधिक वारिसान में 1. राजबाई सोनकर पति स्व. छोटेलाल सोनकर 2. सुभाष सोनकर 3. महेश सोनकर 4. तुलसीराम सोनकर 5. भागवत सोनकर 6. राजेश पिता स्व. श्री छोटेलाल सोनकर ही है। आवेदक के चाचा स्व. बाबूलाल सोनकर की मृत्यु दिनांक 25/11/2011 को एवं आवेदक की चाची स्व. कुमरिया बाई सोनकर की मृत्यु दिनांक 31/03/2019 को हो चुकी है। स्व. बाबूलाल सोनकर के विधिक वारिसान में 1. नरेन्द्र सोनकर 2. रोशन सोनकर 3. सुरेश सोनकर 4. अनिल सोनकर, प्रकाश सोनकर सभी पिता स्व. बाबूलाल सोनकर ही है। इनके अतिरिक्त अन्य कोई विधिक वारिसान नहीं है। अतः आवेदक द्वारा राजस्व अभिलेख में मृतक खातेदारों का नाम विलोपित कर विधिक वारिसानों का नाम दर्ज किए जाने तथा सहखातेदार का नाम यथावत रखे जाने हेतु निवेदन किय गया है।

अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 09/08/2022 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 14/07/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

सील

तहसीलदार
रायपुर (छ.ग.)

विश्व आदिवासी दिवस 9 अगस्त को धूमधाम से मनाया जाएगा

स.लोहारा/नवप्रदेश। विश्व आदिवासी दिवस को लेकर एक माह पहले से ही तैयारियां की जा रही है। वही कार्यक्रम का रूप रेखा भी तैयार कर लिया गया है। आदिवासी समाज के संरक्षक राजा खड्गराज सिंह ने बैठक के दौरान कार्यक्रम को लेकर विस्तार से जानकारियां दी वहीं अलग-अलग लोगो को कार्यक्रम के लिए कार्यभार भी सौंपा गया है।

हम आपको बता दे कि कबीरधाम जिले में बडे ही धूमधाम के साथ विश्व आदिवासी दिवस मनाया जाता है। जिसे लेकर अब तैयारियां भी लगभग पूर्ण हो चूकी है। ज्ञात हो कि 09 अगस्त विश्व आदिवासी दिवस के तैयारी को लेकर विगत दिनो राजमहल लोहारा में जिला गोंड समाज सेवा समिति कबीरधाम के संरक्षक राजा खड्गराज सिंह के नेतृत्व में कार्यक्रम के रूप रेखा को फाईनल किया गया। ज्ञात हो

कि आगामी आयोजित होने वाले विश्व आदिवासी दिवस भव्य व आदिवासी पारंपरिकता के आकर्षण होगा कवर्धा से लोहारा विशाल बाइक रैली/फेर/हीलर वाहन की काफिला राजा योगेश्वर राज सिंह जिलाध्यक्ष जिला गोंड समाज के साथ प्रस्थान होगा।

वही कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डाँ. हीरा मीणा राजिस्थान को प्रस्तावित किया गया है। कार्यक्रम के पूर्व तैयारी हेतु अलग-अलग गतिविधि व्यवस्था हेतू प्रभारियों को जिम्मेदारी दिया जायेगा। कार्यक्रम का आयोजन सर्व आदिवासी समाज के बैनर पर होंगे इस प्रकार से नामांकित आमंत्रित सभी आदिवासी संगठनों को कार्यक्रम के व्यापक तैयारी प्रचार प्रसार के संबंध में युद्धस्तर पर करने की अहवान किया गया है इस बीच जिला, ब्लाक के समस्त पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

जिला एपीसी परियोजना अधिकारी ने किया खुरूसबोड़ स्कूल का निरीक्षण

देवकर/नवप्रदेश। बेमेतरा जिला एपीसी परियोजना अधिकारी ने देवकर निकट खुरूसबोड़ स्कूल काआकस्मिक निरीक्षण किया ।और साथ ही कक्षा आठवीं कें विद्यार्थीयों पढ़ाई के संबंध में बात किए। अधिकारी ने कल विकास खंड साजा के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला खुरूसबोड़ में बच्चों से विद्यालय के शिक्षकों की उपस्थिति तथा पढ़ाई के संबंध में बात की व आगे आने वाले उत्सवों के बारे में भी चर्चा हुई। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला खुरूसबोड़ कें प्रधान पाठक आर .के पाण्डेय, संकुल प्रभारी प्रकाश कुंजाम, अत्तर सिंह नेताम, लक्ष्मी लाल साहू सभी शिक्षक उपस्थित रहे।

सहायक शिक्षकों का विस घेराव आज

- **प्राथमिक शालाओं में लटकेंगे ताले**
- **छुईखदान बीईओ को सौंपा ज्ञापन**

गंडई पंडरिया/नवप्रदेश। प्रदेश भर के सहायक शिक्षक अपनी वेतन विसंगति दूर करने की मांग को लेकर आगामी 27 जुलाई को राजधानी रायपुर पहुंचकर विधानसभा का घेराव करेंगे। छुईखदान सहायक शिक्षक फेडरेशन ने विकासखंड शिक्षा अधिकारी सुधाकर को ज्ञापन सौंपा। इस दिन समस्त प्राथमिक शालाओं में ताले लटकेंगे इसके चलते अध्यापन कार्य व मध्यान्ह भोजन चौपट रहेगी।

छुईखदान सहायक शिक्षक फेडरेशन के ब्लॉक अध्यक्ष कौशल श्रीवास्तव एवं जिला प्रतिनिधि गांधी राम साहू ने बताया कि सहायक शिक्षकों के वेतनमान में शिक्षक, व्याख्याता के तुलना में काफी अंतर है। इसके चलते प्रतिमाह 10 से 15 हजार रुपए का नुकसान हो रहा है। वेतन विसंगति की मांग को लेकर -प्रदर्शन ब आंदोलन भी किया जा चुका है, राज्य सरकार द्वारा हमेशा आश्वासन देकर आंदोलन खत्म कराया गया है। इसके लिए कमेटी भी गठित की गई, लेकिन कमेटी द्वारा भी आज पर्यंत कोई निर्णय तथा रिपोर्ट नहीं सौंपी गई सरकार ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में वेतन विसंगति दूर करने की बात कही थी, लेकिन घोषणा पत्र में किए गए वादे पूर्ण नहीं हुए। इससे प्रदेश के 1,09,000 सहायक शिक्षक आक्रोशित हैं और राजधानी रायपुर के बुढ़ातालाब में 22 जुलाई को इकट्ठा होंगे और विधानसभा का घेराव रैली निकालकर करेंगे। सहायक शिक्षक फेडरेशन के पराधिकारी राजकुमार मसखरे, रामाधीन रजक, कमलनारायण बेछोर, दोदेश्वर चंदन, भिखेन्द्र जंबेल, नीलग चतुर्वेदी, शिवचरण वर्मा, भागचंद साहू, होळीलाल अहिरवार चितरंजन देवांगन, महेश वर्मा, सीता साहू, रूपा साहू, तुलेश्वर सेन, महेंद्र चौरे, उमेश साहू, राजेश केकर, चिंता राम धुर्वे, शिव खुशरो, रुकम साहू, संजीव धुर्वे, शिव श्रीवास्तव व योगेंड कोसरिया ने समस्त सहायक शिक्षकों से उपस्थिति की अपील की है।

डीईओ के निरीक्षण के दौरान कई शिक्षक नदारत गैर हाजिर शिक्षकों को शो-काज नोटिस जारी

बेमेतरा/नवप्रदेश। नया शैक्षणिक सत्र प्रारंभ होते ही शिक्षा के स्तर में सुधार लाने के लिए विभाग द्वारा आवश्यक पहल की जा रही है। इसी क्रम में जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा द्वारा बुधवार को विकासखण्ड बेमेतरा के शासकीय प्राथमिक शाला बालसमुंद, जोगीपुर, मोहरेंगा, धनेली, बावाघठोली एवं खुड़मुड़ी, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बालसमुंद, जोगीपुर, मोहरेंगा, बावाघठोली, खुड़मुड़ी तथा शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल, मोहरेंगा का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।

शासकीय प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला बालसमुंद में मध्यान्ह भोजन निर्धारित गुणवत्ता के अनुरूप नहीं पाया गया। शासकीय प्राथमिक शाला जोगीपुर एवं पूर्व माध्यमिक शाला जोगीपुर में प्रातः 10.10 तक प्रार्थना नहीं होना पाया गया। विद्यालय परिसर में साफसफाई का पूर्णतः अभाव दिखा, बच्चे परिसर में खेलते मिले। उपस्थित शिक्षकों को निर्धारित समयानुसार विद्यालय लगाने तथा परिसर को स्वच्छ रखने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा दिया गया। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मोहरेंगा में प्रातः 10.15 बजे प्रार्थना कराया जा रहा था। डीईओ श्री मिश्रा ने शासकीय प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला मोहरेंगा के संस्था प्रमुखों को निर्देशित किया कि निर्धारित विद्यालयीन समय पर शाला संचालन सुनिश्चित किया जावे।

शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल मोहरेंगा के निरीक्षण के दौरान सीएल शर्मा प्राचार्य एवं बिरेन्द्र पटेल व्यायाम शिक्षक अनुपस्थित पाए गए। डीईओ श्री मिश्रा ने बच्चों से पाठ्यक्रम के संबंध में चर्चा की इस पर बच्चों द्वारा बताया गया कि किसी भी विषय का प्रायोगिक कार्य प्रारंभ नहीं कराया गया है। बच्चों ने यह भी बताया कि हिन्दी, गणित तथा संस्कृत विषय की पढ़ाई भी नहीं हो रही है। प्राथमिक शाला धनेली में निरीक्षण के दौरान विद्यालय तो खुला मिला किंतु कोई भी शिक्षक विद्यालय में उपस्थित नहीं था। विद्यालय के बच्चे परिसर में खेलते पाए गए।

निरीक्षण के दौरान अश्रिका बनर्जी प्रधान पाठक, भुवन साहू सहा. शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला जोगीपुर, श्रीमती हेमिन पात्रे शिक्षक, गेंदराम डेहरे शिक्षक शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला जोगीपुर, राकेश कुमार ध्रुव सहा.शिक्षक प्राथमिक शाला मोहरेंगा, सीएल शर्मा प्राचार्य, बिरेन्द्र पटेल व्यायाम शिक्षक शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल मोहरेंगा, प्रेमचंद महिपाल शिक्षक पूर्व माध्यमिक शाला बावाघठोली अनुपस्थित पाए गए। अनुपस्थित शिक्षकों को कारण बताओ सूचना जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया है।

विदाई समारोह संपन्न

उतई/नवप्रदेश। प्रिज्म प्राइवेट आईटीआई महकाखुर्द के छात्रों द्वारा अपने सीनियर छात्रों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्था के प्रमुख श्री रुपेश कुमार गुप्ता ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी संस्थान छात्रों के भविष्य के लिए सभी प्रकार का आयोजन समय-समय पर करते आ रहा है, इसी परिपेक्षय में हाल ही में संस्थान में प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया गया था । छात्रों को खेलों के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें अपना आशीर्वाद दिया। संस्था के डायरेक्टर श्रीमती ख्याति साहू एवं प्राचार्या श्रीमती अंजना शरद ने भी छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उनका मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर जूनियर छात्रों द्वारा सीनियर छात्रों के लिए विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया था, सभी सीनियर छात्रों ने अपने अनुभव और विचार इस अवसर पर साझा किए एवं संस्थान में बिताए हुए अपने स्वर्णिम पलों को याद किया और कार्यक्रम का समापन सीनियर छात्रों को भावभीनी विदाई देकर किया गया।

फ्लैगशिप योजनाओं का जायजा लेने पहुंचे कलेक्टर-एसपी

- **ग्रामीणों के संग जमीन में बैठकर किए भोजन, जमीनी स्तर में योजनाओं के क्रियान्वयन सम्बंधित लिए जानकारी**

भटगांव/नवप्रदेश। फ्लैगशिप योजनाओं का जायजा लेने आज कलेक्टर रजत बंसल एवं पुलिस अधीक्षक दीपक झा ने बिलाईगढ़ क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने विकासखण्ड के सबसे अंतिम छोर स्थित गांव तेंदुदरहा के गौठान में पहुँचकर गौधन न्याय योजना एवं आजीविका संबंधित कार्यो की क्रियान्वयन के बारे में संबंधित जानकारी हासिल की। साथ ही मौके पर श्री बंसल एवं श्री झा ने ग्रामीणों संग ही जमीन में बैठकर भोजन किए।

कलेक्टर को अपने इतने नजदीक पाकर ग्रामीण भी बेहद खुश एवं अचंभित हुए। महिला स्व सहायता समूह से जुड़े रामबाई ने कलेक्टर के बाजू में बैठकर भोजन करते हुए गांव के बारे में जानकारी दी। कलेक्टर ने पूछा दाई तोर राशन कार्ड बने है कि नही जिस पर उन्होंने कहा बना है। हर महीना राशन मिलथे की नही रामबाई ने जवाब दिया कि सोसायटी में सही समय में मिल जथे।

श्री बंसल ने आगें पूछा तुमन मोला का का सब्जी खावात हो,उस पर रामबाई ने बताया कि सर खोटनी भाजी मसूर के संग,चना खेखेसी,फुटू एवं टमाटर फदका परोसे है। श्री बंसल ने टमाटर फदका एवं खोटनी भाजी की खूब प्रशंसा की। इस दौरान महिला स्व सहायता समूह की महिलाओं ने अतिरिक्त शेड की मांग की जिस पर कलेक्टर ने जनपद पंचायत सीईओ को नये शेड शीघ्र बनाने के निर्देश दिए है। इसके साथ ही कलेक्टर एसपी सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने गौठान में वृक्षारोपण किए।

इस निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने बिलाईगढ़ नगर स्थित स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल,सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, श्री धनवंतरी मेडिकल स्टोर्स,एसडीएम एवं तहसील कार्यालय का निरीक्षण किया। स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल में और अधिक कार्य करने के निर्देश पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को दिए। उन्होंने पूरे स्कूल का मुआयना कर और विस्तार करने के निर्देश दिए है। निरीक्षक के दौरान अस्पताल में भर्ती हुए मरीजों से मुलाकात कर उनके हाल चाल का जायजा लिया। इस दौरान उपस्थित नगरवासी ने श्री धनवंतरी मेडिकल स्टोर के संचालन सम्बंधित शिकायते दर्ज करायी। तहसील एवं एसडीएम कार्यालय में बंद आलमारी से पुराने रिकार्ड को खंगाला। इस दौरान पुराने रिकार्ड मिलने पर रीडर को फटकार लगाते हुए उसे रिकार्ड रुम में व्यवस्थित जमा करनें के निर्देश दिए है। साथ ही तहसील कार्यालय में सार्वजनिक टॉयलेट नही होने पर कड़ी नाराजगी जताते हुए। नगर पंचायत के अधिकारियों को उक्त स्थल में सार्वजनिक शौचालय बनाने के निर्देश दिए है।

कलेक्टर सिक्का डालते रह गए पर पानी नही निकल पाया

एसडीएम कार्यालय के नजदीक नगर पंचायत द्वारा संचालित प्री प्रेड वॉटर एटीएम के बारे में सीएमओ से पूछा यह चल रहा है कि नही। उन्होंने जवाब देतें कहा कि हां सर देख लीजिए चल रहा है। फिर कलेक्टर श्री बंसल ने अपने गाड़ी से खाली बॉटल मंगवा कर खुद पानी लेने बूथ पर पहुँच गये। उन्होंने लगातार 4 सिक्के डाला पर पानी नहीं निकला। जिससे कलेक्टर ने सीएमओ के कामकाज के प्रति गहरी नाराजगी जताते हुए कड़ी फटकार लगायी और उन्हें अपने कार्य मे सुधार लाने के निर्देश दिए।

इस निरीक्षण के दौरान ग्राम तेंदुदरहा सरपंच शकुंतला सारथी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि,बड़ी संख्या में ग्रामीण सहित एसडीएम के एल सोरी, एसडीओपी संजय तिवारी तहसीलदार नमिता मारकोले, नायब तहसीलदार करुणा आहेर, रुपाली मेश्राम,जनपद पंचायत सीईओ योगेश्वरी बर्मन सहित विभिन्न विभागों के जिला एवं विकासखंड स्तर के अधिकारी गण उपस्थित थे।

सीएम ने कबीरधाम के 993 हितग्राहियों के खाते में डाले 7 लाख 20 हजार रूपए

- **गोधन न्याय योजना कबीरधाम जिले के गौ-पालकों के लिए साबित हुआ वरदान**

कवर्धा/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विधानसभा परिसर स्थित अपने कार्यालय कक्ष में 'गोधन न्याय योजना' की दूसरी सालगिरह पर गोधन न्याय योजना के तहत 1 जुलाई से 15 जुलाई तक गोबर खरीदी में कबीरधाम जिले के 993 हितग्राहियों के खाते में 7 लाख 20 हजार रूपए की राशि का ऑनलाइन भुगतान किया। गोधन न्याय योजना कबीरधाम जिले के गौ-पालकों के लिए न्याय का स्वरूप साबित हुआ है। गौ-पालक योजना के माध्यम से गोबर विक्रय कर अपनी अवश्यकताओं को पूरा किया है। इसके साथ ही गोबर बेचकर प्राप्त राशि से गहने, मोटर सायकल सहित गिरवी रखी हुई समानों को भी साहूकार से छुड़वाया है। गोधन न्याय योजना गौ-पालकों के लिए वरदान साबित हुआ है। जिले के 297 गौठानों में गोबर की खरीदी की जा रही है। गोबर विक्रय के लिए 6 हजार 532 गौ-पालकों ने पंजीयन कराया है। अब तक 263144.64 क्विंटल गोबर की खरीदी की गई है। गौ-पालकों के खाते में अब तक 5 करोड़ 26 लाख 29 हजार रूपए भुगतान किया गया है।

मुख्यमंत्री श्री बघेन ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि महिला स्व-सहायता समूहों तथा सहकारी समितियों को वर्मी कम्पोस्ट के विक्रय पर बोनस दिया जाएगा। इस संबंध में आदेश जारी कर दिया गया है। महिला समूहों को प्रति किलो वर्मी कम्पोस्ट के विक्रय पर 01 रुपए तथा सहकारी समितियों को 10 पैसे का बोनस मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि 07 जुलाई 2022 तक बिक चुके कम्पोस्ट के लिए महिला समूहों को बोनस के रूप में 17 करोड़ 64 लाख रुपए तथा सहकारी समितियों को 01 करोड़ 76 लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।

मुख्यमंत्री श्री बघेल द्वारा आज गोधन न्याय योजना के हितग्राहियों के खाते में अंतरित की गई राशि में एक जुलाई से 15 जुलाई तक राज्य के गौठानों में पशुपालकों, ग्रामीणों, किसानों, भूमिहीनों से क्रय किए गए गोबर के एवज में 2.69 करोड़ रूपए भुगतान, गौठान समितियों को 2.88 करोड़ और महिला समूहों को 1.91 करोड़ रूपए की लाभांश राशि का भुगतान शामिल है। गोबर खरीदी के एवज में आज किए गए भुगतान की राशि को मिलाकर अब तक 153.44 करोड़ रूपए का भुगतान किया जा चुका है। इसी तरह योजना के तहत अब तक गौठान समितियों एवं महिला स्व-सहायता समूहों को 147.99 करोड़ रूपए का भुगतान किया जा चुका है।

स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सेलूद में छात्रसंघ निर्वाचन हुआ

उतई। स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, सेलूद में छात्रसंघ चुनाव संपन्न हुआ। स्वतंत्र विद्यालय प्रारंभ होने के पश्चात यह पहला छात्रसंघ निर्वाचन कार्यक्रम आयोजित किया गया। निर्वाचन को लेकर विद्यार्थियों के मध्य अति उत्साह देखा गया। निर्वाचन में कक्षा 6 वी से कक्षा 12 वीं तक के विद्यार्थियों को मतदान करने हेतु विद्यालय प्रशासन द्वारा अधिकृत किया गया। स्वस्थ एवं मित्रवत माहौल में विद्यार्थियों ने विद्यालय विकास हेतु अपनी दृष्टिकोण से सभी कक्षा के विद्यार्थियों को अवगत कराया एवं अपने पक्ष में मतदान करने हेतु प्रेरित किया। शिक्षकों को जिम्मेदारी सौपी गयी।निर्वाचन प्रक्रिया को निर्विघ्न एवं निष्पक्ष संपन्न कराने हेतु . रिटर्निंग ऑफिसर- पियाली सेन, पर्यवेक्षक हिंदी माध्यम- लीना चंद्राकर, पर्यवेक्षक अंग्रेजी माध्यम- रोहिणी सिंह, पर्यवेक्षक हिंदी माध्यम (पूर्व माध्यमिक) दीप्ति राजपूत 5. पर्यवेक्षक अंग्रेजी माध्यम (पूर्व माध्यमिक)- लीना गोश्वामी, पीठासीन अधिकारी एन. पी. साहू 7. मतदान अधिकारी एस. पी. वर्मा, आनंद पांडे, संजय पात्रे, भुवन साहू मतगणना सुपरवाइजर प्रीति मिश्रा मतगणक - प्रीति बैनर्जी, किरण शर्मा, एस. देवदास, अंजली चंद्राकर, रेखा वर्मा थी।

GOVERNMENT OF CHHATTISGARH WATER RESOIRCES DEPARTMENT
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
M.R.P. HASE II WORK DIVISION, RAIPUR (C.G.)
CORRIGENDUM NO. 4

(1) In System Tender No. 99347, N.I.T. No. 03/SAC/2022-23, Raipur, Dated 11.05.2022 whose G-Number is 92883 dated 11/07/2022
(2) In System Tender No. 99349, N.I.T. No. 04/SAC/2022-23, Raipur, Dated 11.05.2022 whose G-Number is 92883 dated 11/07/2022
following amendments are made :-

S.No.	Amendments
1	Online Tenders are invited for the following works up to 04.08.2022 at 17.30 Hour
2	Bid Open Start Date and time 05.08.2022, 11.30 Hours

Note :- All other terms and condicions will remain be unchanged.

G-93118/4

Executive Engineer
M.R.P., Phase II Work Division, Raipur
For, Chief Engineer, Mahanadi Project
Raipur (C.G.)

कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग (वि./यां.) संभाग दुर्ग
// निविदा आमंत्रण सूचना //

ज्ञाप क्र. 5541/नि.प्र.क्र.-06/लो.नि.वि./2022-23 दुर्ग, दिनांक 18/7/2022

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य का विद्युतीकरण कार्य हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है :

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 27/07/2022 अपरान्ह 5.30 बजे तक
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदाएं प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 08/08/2022 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि :- 10/08/2022 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि में अवकाश हो या अधोहस्ताक्षरकर्ता शासकीय दौरे पर हो तो निविदा आगामी कार्य दिवस में खोली जायेगी।

स.क्र./ निविदा क्र.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रु. लाख में)
1	2	3
(1) T0108	11KV/33 KV work at Aamit to Achhoti, Distt. Durg.	14.00 Lacs
(2) T0109	11KV/33KV word at Achhoti to Albaras, Distt. Durg.	15.00 Lacs
(3) T0110	11KV/33KV work at Bharba to Achhoti, Distt. Durg. (2nd Call)	10.00
(4) T0111	11KV/33KV work at Maitri Gardan Chowk to Maroda Flyover Bridge, Distt. Durg.	5.09 Lacs
(5) T0112	33KV/11KV/LT & Electrification work under Civil Division Khairagarh, Distt. Rajnandgaon	19.60 Lacs
(6) T0113	11KV/33KV work at Village Masabhat to Bhilai Road Distt. Durg.	1.99 Lacs
(7) T0114	LT Line/DP work at Sirsakala to Devbaloda Road, Distt. Durg (2nd Call)	17.72 Lacs
(8) T00115	11KV/Tensformer work at Sirsakala to Devbaloda Road, Distt. Durg (2nd Call)	16.46
(9) T0116	Maintenance of Air Conditioners under District Durg	5.00 Lacs
(10) T0117	11KV/33KV work at Kaivalyadham Kumhari Road, Distt. Durg.	7.80 Lacs
(11) T0118	11KV/Transformer DP work at Piproldeeh Bargaon (Matiya) Mudpar (Sungera to Mudpar) Road, Distt. Bemetara (2nd Call)	5.46 Lacs
(12) T0119	LT Line work at Muhdabari to Bikrampur Road Distt. Rajnandgaon.	2.24 Lacs
(13) T0120	11KV Line work at Muhdabari to Katangikala Road Distt. Rajnandgaon	2.82 Lacs
(14) T0121	33KV/11KV/LT & Electrification work under Distt. Rajnandgaon	19.80 Lacs
(15) T0122	Maintenance of Air Conditioners under District Kabirdham	3.00 Lacs

निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। निविदा संबंधी अन्य शर्तें का अवलोकन संभागीय कार्यालय में किया जा सकता है।
टीप :- (1) The Tender forms will be issued only the contractors having "A" class valid license from chief Electrical Inspector of C.G. Govt. and unified Registration system of C.G. Govt.
(2) आबंटन प्राप्त होने पर ही देयक का भुगतान किया जायेंगा।

जी-93116/4

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग (वि./यां.) संभाग दुर्ग

स्वतंत्रता दिवस पर पधुवध व मांस बिक्री पर रोक

कवर्धा। कबीरधाम जिले में 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस, 19 अगस्त को कृष्ण जनमाष्टमी, 31 अगस्त को गणेश चतुर्थी, 06 सितम्बर को ढोल ग्यारस, 09 सितम्बर को अनन्त चतुर्दशी, 02 अक्टूबर को गांधी जयंती, 24 अक्टूबर को भगवान महावीर निर्वाण दिवस और 18 दिसंबर को गुरू घासीदास जयंती के अवसर पर पशुवध गृह एवं मांस बिक्री केन्द्रों को बंद रखा जाएगा। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री जनमेजय महोबे ने छत्तीसगढ़ शासन पर्यावरण एवं नगरीय निकाय विभाग मंत्रालय रायपुर के निर्देशानुसार आदेश जारी कर दिया है।

समान्य सभा की बैठक 27 को

कवर्धा। समान्य सभा की बैठक 27 जुलाई को जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। यह बैठक दोपहर 2 बजे से प्रारंभ होगी। बैठक में वन विभाग, शिक्षा विभाग के कार्या सहित अन्य विषयों की समीक्षा की जाएगी। बैठक में संबंधित को उपस्थित होने कहा गया है।

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
जोन क्रमांक-3, शंकर नगर पानी टंकी के नीचे,
Email nagarnigamzone3@gmail.com
//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //
नामांतरण प्र.क्र. 159/22-23
वार्ड का नाम- शंकर नगर 30
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि शंकर नगर-30 वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ 34/सी-23 शंकर नगर सेक्टर-1 (RPR331D00011) जो कि निगम अभिलेख में श्रीमती सुनीता सिन्हा पति रामेश्वर प्रसाद के नाम से दर्ज है, जिसको श्री खेतन सिंह देवांगन पिता लक्ष्मीनारायण देवांगन रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।
दिनांक 21/7/2022
जोन आयुक्त
जोन क्रमांक-3
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
जोन आयुक्त, कार्यालय जोन क्रमांक-8 मोहबा बाजार रायपुर
ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना
नामांतरण प्र.क्र. 223/2022-23
वार्ड का नाम- माधवराव सप्रे-69
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि माधव राव सप्रे-69 स्थित मकान/ भूमि G00299 जो कि निगम अभिलेख में श्री नरेन्द्र कुमार शुक्ला s/o मदन लाल के नाम से दर्ज है, जिसको श्रीमती सुचिता शर्मा w/o रजनीश शर्मा ने रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।
जोन आयुक्त
जोन क्रमांक- 8
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
जोन आयुक्त, कार्यालय जोन क्रमांक-8 मोहबा बाजार रायपुर
ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना
नामांतरण प्र.क्र. 222/2022-23
वार्ड का नाम- माधवराव सप्रे-69
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि माधव राव सप्रे-69 स्थित मकान/ भूमि B00047 जो कि निगम अभिलेख में श्री निकेश अग्रवाल पिता रामनिवास के नाम से दर्ज है, जिसको श्री अनिल शर्मा, सुनिल शर्मा दोनों पिता स्व. राधेश्याम शर्मा ने रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।
जोन आयुक्त
जोन क्रमांक- 8
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
जोन आयुक्त, कार्यालय जोन क्रमांक-8 मोहबा बाजार रायपुर
ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना
नामांतरण प्र.क्र. 221/2022-23
वार्ड का नाम- माधवराव सप्रे-69
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि माधव राव सप्रे-69 स्थित मकान/ भूमि G00017 जो कि निगम अभिलेख में श्री आशीष शर्मा पिता एम.एल. शर्मा के नाम से दर्ज है, जिसको श्री पारितोष सिंह s/o बृजमोहन सिंह ने रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।
जोन आयुक्त
जोन क्रमांक- 8
नगर पालिक निगम, रायपुर

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सरोरा रोड उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे, फोन : 0771-4035602, डाक पंजीयन क्रमांक CG/RYP/DN/ 40/2019-2021

न्यूज गैलरी

ईडी जो जानना चाहती है, वह रिकॉर्ड में उपलब्ध है: चिदंबरम

नई दिल्ली (वार्ता)। कांग्रेस सांसदों ने गुरुवार को पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी को नेशनल हेराल्ड मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पूछताछ के लिए तलब किए जाने के खिलाफगुरुवार को संसद परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम ने इस अवसर पर कहा कि सरकार अपने राजनीतिक प्रतिशोध के कारण ऐसा कर रही है। श्री चिदंबरम ने यूनीवार्ता से कहा, सरकार अपनी प्रतिशोध की राजनीति जारी रखे हुये है। उच्चतम न्यायालय में आयकर का मामला लंबित है, ईडी उच्चतम न्यायालय से बढ़कर नहीं है। ईडी क्या जानना चाहती है, ईडी जो जानना चाहती है, वह उच्चतम न्यायालय में इस मामले के रिकॉर्ड में उपलब्ध है। गौरतलब है कि ईडी ने कांग्रेस अध्यक्ष को धन शोधन मामले में 23 जून को तलब किया था, लेकिन उस समय वह कोरोना से संक्रमित होने के कारण स्वस्थ नहीं थीं, इसलिए उनसे पूछताछ स्थगित कर दी गई थी।

दो अरब 91 लाख से अधिक टीके लगे

नई दिल्ली (वार्ता)। देशभर में राष्ट्रीय कोविड टीकाकरण अभियान के अंतर्गत दो अरब 91 लाख से अधिक कोविड टीके लगाए गए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने गुरुवार को यहां बताया कि सुबह सात बजे तक दो अरब 91 लाख 91 हजार 969 टीके दिये जा चुके हैं। मंत्रालय ने बताया कि पिछले 24 घंटों में कोविड संक्रमण के 21 हजार 566 नये मरीज सामने आयें हैं। इनके साथ ही, देश में कोरोना रोगियों की संख्या एक लाख 48 हजार 881 हो गयी है। यह संक्रमित मामलों का 0.34 प्रतिशत है। दैनिक संक्रमण दर 4.25 प्रतिशत हो गयी है। मंत्रालय के अनुसार इसी अवधि में 18 हजार 294 लोग कोविड से मुक्त हुए हैं। अभी तक कुल 4 करोड़ 31 लाख 50 हजार 434 रोगी कोविड से उबर चुके हैं। स्वस्थ होने की दर 98.46 प्रतिशत है। देश में पिछले 24 घंटे में पांच लाख सात हजार 360 कोविड परीक्षण किए गये हैं। देश में कुल 87 करोड़ 11 लाख 60 हजार 846 कोविड परीक्षण किए हैं।

'दयावती मोदी स्त्री शक्ति' सम्मान अलका सरावगी को दिया जायेगा

नई दिल्ली (वार्ता)। असाधारण महिलाओं की याद में दिया जाने वाला 'दयावती मोदी स्त्री शक्ति सम्मान' प्रख्यात लेखिका अलका सरावगी को 27 जुलाई को नयी दिल्ली में दिया जायेगा। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. कर्ण सिंह करेंगे। इसमें चित्रा मुद्गल और राहुल देव सहित कई प्रतिष्ठित व्यक्ति मौजूद रहेंगे। उनके पहले उपन्यास 'कालिकाथा बायपास' ने 2001 में प्रतिष्ठित साहित्य अकादमी पुरस्कार जीता था। अलका सरावगी हिंदी उपन्यासकार और लघु कथाकार हैं। वर्ष 1998 में स्थापित दयावती मोदी स्त्री शक्ति सम्मान महिलाओं को असाधारण महिला की याद में दिया जाता है। इस सम्मान से अभी तक अंजोइल एला मेनन कलाकार, न्यायमूर्ति रूमा पाल, थिएटर निदेशक उषा गांगुली, उषा राय, माधवी मुद्गल, राज्यसभा सदस्य डॉ हिना सहित विदेशों के प्रख्यात हस्तियों को नवाजा जा चुका है।

मलेशिया में कोरोना के 5685 नए मामले, 8 मौत

कुआलालंपुर (वार्ता /शिन्हुआ)। मलेशिया में कोरोना वायरस के 5,685 नए मामले दर्ज किए हैं। इसके साथ ही यहां इस संक्रमण से प्रभावित होने वाले लोगों की संख्या 46, 35,648 हो गयी है। मलेशिया के स्वास्थ्य मंत्रालय ने गुरुवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय की वेबसाइट पर जारी आंकड़ों के मुताबिक नए मामलों में दो मामले विदेशों से आए हुए लोगों से संबंधित है, जबकि दो नए आयातित मामले हैं, जबकि 5,683 मामले स्थानीय स्तर पर संक्रमण के हैं। यहां पर इस दौरान इस जानलेवा विषाणु के कारण आठ लोगों ने जान गंवाई है। इसके बाद यहां पर कोविड-19 के कारण होने वाली मौतों की संख्या बढ़कर 35,878 हो गई है। मंत्रालय ने बताया कि इस दौरान 3,337 लोग कोरोना से ठीक हुए। इसके बाद इस महामारी से निजात पाने वाले लोगों की संख्या 45, 54,286 हो गयी।

पुतिन के अस्वस्थ होने की नहीं है जानकारी: बर्न्स

वाशिंगटन (वार्ता)। केंद्रीय इंटेलिजेंस एजेंसी (सीआईए) के प्रमुख विलियम बर्न्स ने कहा है कि उनके पास रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन (70) के अस्वस्थ होने के बारे में कोई खुफिया जानकारी नहीं है। समाचार मीडिया द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार, श्री पुतिन का स्वास्थ्य पहले से ज्यादा खराब है, क्योंकि उनके कैंसर से पीड़ित होने की आशंका है। श्री बर्न्स ने कोलोराडो में एस्पेन सिक्योरिटी फोरम में कहा, राष्ट्रपति पुतिन के स्वास्थ्य के बारे में बहुत -सारी अफवाहें हैं। हमारे पास ऐसी कोई ठोस जानकारी नहीं है, जिस पर जोर देकर कहा जा सके कि श्री पुतिन बीमार हैं। मुझे तो वह बिल्कुल स्वस्थ दिखाई देते हैं। श्री बर्न्स ने कहा कि रूस के प्रतिष्ठित और शक्तिशाली नेता होने के रूप में पुतिन की मंशा देश को मजबूत राष्ट्र बनाना है। पड़ोसी देश यूक्रेन पर बिना नियंत्रण के ऐसा नहीं हो सकता।

सीमा सुरक्षा बल संयुक्त गश्त बढ़ाने पर सहमत

ढाका (वार्ता)। भारत और बंगलादेश के सीमा सुरक्षा बलों ने विशेष रूप से रात में संयुक्त गश्त को मजबूत करने पर सहमति जतायी है। दोनों देशों के सुरक्षा बलों ने अतिरिक्त एहतियाती उपाय करने, जन जागरूकता कार्यक्रमों को मजबूत करने और सीमावर्ती क्षेत्रों में रहने वाले नागरिकों के बीच अंतरराष्ट्रीय सीमा कानून के नियमों के बारे में जागरूकता गतिविधियों को चलाने पर सहमति व्यक्त की। वे मादक और नशीले पदार्थों की तस्करी, आग्नेयास्त्रों, नकली मुद्रा और सोने की तस्करी जैसे विभिन्न प्रतिबंधित सामानों की तस्करी को रोकने के लिए कदम उठाने पर भी सहमत हुए। दोनों पक्ष सीमा के 150 गज के दायरे में स्वीकृत स्थानों पर कांटेदार तार की बाड़ के निर्माण को तेजी से निपटाने पर भी सहमत हुए। दोनों देशों के महानिदेशकों के नेतृत्व में पांच दिवसीय 52वें सीमा सम्मेलन में एक संयुक्त वार्ता दस्तावेज पर हस्ताक्षर किये गये।

इटली के प्रधानमंत्री मारियो ड्रैगी ने दिया इस्तीफा

रोम (वार्ता)। इटली के प्रधानमंत्री मारियो ड्रैगी ने गुरुवार को राष्ट्रपति सर्जियो मैटारेल्ला को अपना इस्तीफा सौंप दिया। प्रधानमंत्री का इस्तीफा उनकी गठबंधन सरकार में तीन प्रमुख दलों के शक्तिशाली पांच-स्टार आंदोलन, केंद्र-दक्षिणपंथी फोर्ज़ा इटालिया और धुर दक्षिणपंथी लीग द्वारा बुधवार को सरकार में विश्वास मत का बहिष्कार करने के बाद आया है। राष्ट्रपति भवन ने एक बयान में कहा कि राष्ट्रपति का गुरुवार दोपहर संसद के अध्यक्षों से मिलने का कार्यक्रम है और समय पूर्व चुनाव का आह्वान करना है। इससे पहले, प्रधानमंत्री ने कहा था कि वह ऐसी सरकार का नेतृत्व नहीं करेंगे जिसमें पांच-स्टार शामिल न हो। हालांकि, इटली के राष्ट्रपति सर्जियो मैटारेल्ला ने उस इस्तीफे को खारिज कर दिया था और उनसे रहने और समाधान खोजने का आग्रह किया था।

विभाजित समाज में पुलिस और न्याय विषय पर आयोजित संगोष्ठी में कही कई बातें

मुसीबत आती है तो भगवान और पुलिस ही याद आती है : सत्यपाल

नई दिल्ली (वार्ता)। समाज में पुलिस को लेकर नकारात्मक दृष्टिकोण पर चिंता व्यक्त करते हुए मुंबई के पुलिस आयुक्त रह चुके पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद सत्यपाल सिंह ने कहा है कि समाज में पुलिस को लेकर जो दृष्टिकोण है, वो ठीक नहीं है। मुसीबत आती है तो भगवान और पुलिस याद आती है और मुसीबत जाते ही लोग भगवान को भूल जाते हैं और पुलिस को नजर अंदाज कर देते हैं।

यह बात डॉ. सत्यपाल सिंह ने यह बात विभाजित समाज में पुलिस और न्याय विषय पर आयोजित संगोष्ठी में कही, जिसमें श्री सिंह के अलावा वरिष्ठ पत्रकार मनीष छिब्बर, महाराष्ट्र की पहली महिला आईपीएस रही डॉ. मीरान बोरवकंर और जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय की प्रोफेसर डॉ शीतल शर्मा मौजूद थी। संगोष्ठी का आयोजन राजेन्द्र पुनेठा स्मृति न्यास और यूरोपियन यूनियन के ज़ा मौनिए कार्यक्रम ने मिलकर किया।

उन्होंने कहा कि पुलिस ही देश और लोकतंत्र की सुरक्षा का मुख्य औजार है। अगर जजों के पास पुलिस ना हो तो वे फैसले नहीं सुना सकते हैं। देश में कहीं भी त्योहार हो, मेला हो, या परीक्षा, यात्रा, जनसभा हो, पहली जरूरत पुलिस की होती है। लेकिन पुलिस में संख्या बल कम है, काम का बोझ अत्यधिक है और एक पुलिसकर्मी को औसतन 12 से 15 घंटे तक काम करना पड़ता है।

डॉ. सिंह ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मानक के अनुसार प्रति एक लाख आबादी पर पुलिस बल 222 की संख्या में होना चाहिए। भारत में यह 171 मान्य है लेकिन मौजूदा स्थिति में ये संख्या 137 ही है। उन्होंने हर बार पुलिस को दागदार साबित करने की प्रवृत्ति की भी कड़ी आलोचना की और कहा कि सरकार के अनेक विभाग पुलिस की तुलना में बहुत ज्यादा भ्रष्टाचार में लिप्त हैं लेकिन समाज हो या अदालत, सबको पुलिस को लेकर पूर्वाग्रह रहता है और वे पुलिस को लेकर शिकायत समाधान का तंत्र बनाने की वकालत कर रहे हैं। उनके लिए पुलिस को बुरा भला कहना फैशन बन गया है। डॉ. सिंह ने कहा कि पुलिस सुधार की बात बहुत समय से चली आ रही है लेकिन कहीं भी पुलिस स्थापना बोर्ड तक नहीं है। पुलिसकर्मियों और अधिकारियों के तबादले और तैनाती राजनीतिक नेताओं द्वारा की जाती है। पुलिस चूंकि राज्य का विषय है इसलिए राजनीति पुलिस सुधार होने नहीं देती। इसी कारण पुलिस सबसे ज्यादा विभाजन करती है। अलग अलग पार्टी, जाति, धर्म और क्षेत्र के आधार पर विभाजन होता है। राजनीतिक आका जैसा चाहते हैं, वैसा होता है। उन्होंने कहा कि यदि पुलिस कर्मी अपनी नौकरी के वक्त ली गई शपथ का पालन करें और बिना किसी भेदभाव के कानून व्यवस्था कायम रखें तो बहुत फर्क पड़ेगा। उन्होंने कहा कि पुलिस कमजोर होगी तो आंतरिक सुरक्षा कमजोर होगी। अच्छी पुलिसिंग के लिए हमारे व्यवहार में परिवर्तन लाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि सौभाग्य से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने पुलिस सुधारों के लिए इस साल 18500 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया है। इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार मनीष छिब्बर ने कहा कि भारत में यह सामान्य रूप में लोग मानते हैं कि देश की पुलिस भ्रष्ट है।

पाकिस्तान के बाजारों में जरूरी दवाओं की कमी

इस्लामाबाद (वार्ता)। पाकिस्तान के शहरों में कई बाजारों में दवाओं की कमी से खतरनाक स्थिति का उत्पन्न हो गयी है। शहरों में कई आवश्यक दवाओं की भारी कमी चल रही है। जिससे देश में आत्महत्या की दर में वृद्धि का भय पैदा हो रहा है। द न्यूज ने यह जानकारी दी।

एक प्रसिद्ध मनोचिकित्सक और पाकिस्तान साइकियाट्रिक सोसाइटी (पीपीएस) के पूर्व अध्यक्ष ने इलाज के लिए सबसे प्रभावी दवा के रूप में काम वाले फ़ॉर्मूलेशन का जिक्र करते हुए कहा, पिछले कुछ महीनों से लिथियम कार्बोनेट बेचने वाला कोई भी ब्रांड बाजार में उपलब्ध नहीं है। यह दवा मानसिक विकारों और इससे जुड़े रोगों में सबसे कारगर दवा मानी जाती है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि इसी तरह, बच्चों में अटेंशन डेफिसिट हाइपरएक्टिविटी डिसऑर्डर (एडीएचडी) के इलाज के लिए मिथाइलफेनिडेट और बच्चों और वयस्कों में मिर्गी के लिए क्लोनाज़ेपम ड्रॉप्स और टैबलेट सहित कुछ अन्य आवश्यक दवाएं भी बाजार में कहीं भी उपलब्ध नहीं हैं।

पाकिस्तान इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (पीआईएमएस), शिफ ा इंटरनेशनल हॉस्पिटल इस्लामाबाद और मेयो हॉस्पिटल लाहौर के कई मनोचिकित्सकों के साथ-साथ पेशावर के मनोचिकित्सकों ने भी इसकी पुष्टि की कि लोग बाइपोलर डिसआर्डर विकार से पीड़ित रोगियों के लिए लिथियम कार्बोनेट खोजने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन उसका कोई भी ब्रांड बाजार में उपलब्ध नहीं है।

इस्लामाबाद के एक अन्य वरिष्ठ फार्मासिस्ट, सलवा अहसान ने कहा कि लिथियम कार्बोनेट दवा पूरे देश में उपलब्ध नहीं थी, कच्चे माल की लागत बढ़ गई थी और इसलिए कंपनियां अब उनका निर्माण नहीं कर रही हैं।

द न्यूज के पास उपलब्ध दवाओं की सूची और कराची, लाहौर और इस्लामाबाद में कई फार्मेसियों के एक सर्वेक्षण से पता चला कि टीबी, मिर्गी, पार्किंसंस रोग, अवसाद, हृदय रोग और अन्य के इलाज के लिए कई महत्वपूर्ण दवाएं उपलब्ध नहीं है। क्योंकि दवा कंपनियां उत्पादन की लागत बढ़ जाने से इनका उत्पादन नहीं कर रही।

सरकार की जन विरोधी नीतियों के विरुद्ध मिलकर लड़ेगा विपक्ष

नई दिल्ली (वार्ता)। कांग्रेस तथा समान विचारधारा वाले 13 विपक्षी दलों के नेताओं ने मोदी सरकार की नीतियों को जनविरोधी और संविधान विरोधी करार देते हुए उसकी कड़ी निंदा की और कहा है कि वे सरकार की देश को तबाह करने वाली नीतियों के खिलाफमिलकर लड़ेगें।

विपक्षी दलों के नेताओं ने गुरुवार को यहां संसद भवन में राज्यसभा में विपक्ष के नेता मलिकार्जुन खडगे के कक्ष में आयोजित एक बैठक में सम्मिलित होने के बाद संयुक्त रूप से जारी बयान में कहा कि मोदी सरकार की नीतियां जनविरोधी, किसानों विरोधी और संविधान विरोधी है जो देश के सौहार्द को बिगाड़ रही हैं और सामाजिक ताने-बाने को तबाह कर रही हैं इसलिए समान विचारधारा के दल सरकार की इन नीतियों के खिलाफ मिलकर लड़ेंगे।

विपक्षी दलों के नेताओं ने सरकार की इन नीतियों की निंदा करते हुए बयान में कहा कि विरोधी दलों के नेताओं को चुन-चुन कर निशाना बनाया जा रहा है और उनके खिलाफ बदले की भावना से काम हो रहा है। उनका कहना था कि सरकार जानबूझकर विपक्ष को दबाने की कोशिश कर रही है और और बदले की भावना से काम कर उन्हें अभूतपूर्व तरीके से प्रताड़ित कर रही है। कांग्रेस के साथ ही डीएमके,मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी, नेशनल कॉन्फ्रेंस, तेलंगाना राष्ट्र समिति, आई यू एम एल, एमडीएमके, वीसीके, शिवसेना, राष्ट्रीय जनता दल और समाजवादी पार्टी की नेता शामिल हुए।

भाजपा ने कीं संगठनात्मक नियुक्तियां

नई दिल्ली (वार्ता)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) चार प्रांतों में प्रांतीय संगठन महामंत्रियों की नियुक्ति की आज घोषणा की।

पार्टी महासचिव अरुण सिंह द्वारा आज यहां जारी एक आदेश के अनुसार भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने अजय जामवाल को मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के मध्य क्षेत्र का क्षेत्रीय महामंत्री (संगठन) नियुक्त किया है और उनका केन्द्र रायपुर होगा। श्री मंत्री श्रीनिवासुलु को पंजाब एवं चंडीगढ़ का संगठन महामंत्री बनाया गया है और उनका केन्द्र चंडीगढ़ होगा। श्री राजेश जी वी को संगठन महामंत्री कर्नाटक का बनाया गया है। सतीश धोण्ड पश्चिम बंगाल में संयुक्त महामंत्री (संगठन) नियुक्त किया गया है और उनका केन्द्र आसनसोल होगा। ये नियुक्तियां तत्काल प्रभाव से लागू हो गयी हैं।

दुनिया के सबसे उम्रदराज पांडा की मौत

हांगकांग (वार्ता)। दुनिया के सबसे उम्रदराज पांडा एन की हांगकांग के प्राणी उद्यान में गुरुवार को मौत हो गयी। पांडा की 35 साल में मौत, एक इंसान की 105 साल में मौत होने के बराबर है।

प्राणी उद्यान की ओर से जारी बयान में बताया गया कि पांडा एन की हालत पिछले कुछ सप्ताहों से लगातार खराब चल रही थी उसने खाना पीना भी काफी कम कर दिया था। एन और जिया जिया नाम के दो पांडा को चीन की सरकार ने 1999 में हांगकांग को तोहफे में दिये थे। जिया जिया नाम के पांडा की इससे पहले 2016 में 38 साल की उम्र में मौत हो गयी थी।

ओशन पार्क अथॉरिटी की ओर से जारी बयान में कहा गया कि पांडा ने खाना छोड़ दिया था इसलिए उसे पानी और एलेट्रोलाइट पेयपदार्थों पर रखा गया था। पांडा की देखभाल करने वालों ने बताया कि पांडा ने क्रियाशीलता में काफी कमी आ गयी थी और उसके आराम के घंटों में काफी इजाफा हो गया था। पांडा को हो रही परेशानी से निजात दिलाने के लिए उसे चिकित्सीय मदद दी जा रही थी।

पार्क के चेयरमैन पाउलो पोंग ने कहा, एन के साथ हमने कई यादगार लम्हें गुजारे हैं, उसके साथ हमारी कई दिल को छू लेने वाली यादें हैं। हम उसकी समझदारी और खेलने की ललक को हम हम कभी नहीं भूल पायेंगे।

गौरतलब है कि यूं तो किसी सामान्य पांडा की उम्र 20 साल ही होती है, लेकिन यदि वह अच्छी व्यवस्था में किसी की निगरानी में रहते हैं तो काफी लंबा जीते हैं।

बंगलादेश में हिन्दुओं के उत्पीड़न के खिलाफ पेरिस में विशाल प्रदर्शन

नई दिल्ली (वार्ता)। बंगलादेश में अल्पसंख्यक हिन्दू समुदाय के शिक्षकों की सिलसिलेवार हत्याओं के विरोध में फ्रांस की राजधानी पेरिस में गत दिनों एक बड़ा प्रदर्शन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में बंगलादेशी समुदाय के लोगों ने भी भाग लिया।

विश्व हिन्दू महासंघ की एक विज्ञप्ति के अनुसार पेरिस के ऐतिहासिक रिपब्लिक स्क्वॉयर में एक मानव श्रृंखला भी बनायी गयी। उदीची शिल्पागोस्ती फ्रांस, एफबीएस बंगला (फ्रांस) विश्व हिन्दू महासंघ, एचआरसीबीएम फ्रांस चैप्टर, हिन्दू बौद्ध ईसाई एकता परिषद फ्रांस, विश्व बौद्ध महासंघ, इकत्तर मुक्तिजोद्धा चेतना सरक्षण परिषद एवं अन्य संगठनों ने इस प्रदर्शन में भाग लिया। प्रदर्शनकारियों ने बंगलादेश की सरकार द्वारा एक भी दोषी के खिलाफ कोई भी कदम नहीं उठाये जाने पर गहरा रोष व्यक्त किया और मांग की कि इन घटनाओं की जांच करायी जाये और दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाये। इस्लाम के अपमान के फर्जी मामलों को अल्पसंख्यक समुदायों के उत्पीड़न का आधार नहीं बनने दिया जाये। बंगलादेश में वर्ष 2022 में बीते छह माह में 79 हिन्दुओं की हत्या की गयी, 77 हिन्दुओं का अपहरण किया गया और 95 हिन्दुओं का बलपूर्वक धर्मान्तरण कराया गया। इस्लाम का अपमान करने के आरोप में हिन्दू शिक्षकों को धमकी देने, उत्पीड़न करने, अपमानित करने के करीब दस मामले दर्ज किये गये और उन्हें गिरफ्तार किया गया। एक शिक्षक की हत्या भी की गयी है।

चीन में बवंडर से एक की मौत, 25 लोग घायल

बीजिंग (वार्ता/शिन्हुआ)। चीन में जिआंगसु प्रांत के लियानयुंगंग शहर में बवंडर की चपेट में आकर एक व्यक्ति की मौत हो गई और 25 घायल हो गए। स्थानीय आपातकालीन प्रबंधन ब्यूरो ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

जानकारी के अनुसार बुधवार दोपहर करीब 12 बजे लियानयुंगंग में आए बवंडर में 11 गांव प्रभावित हुए। प्रारंभिक जांच में इस आपदा से 2,200 से अधिक लोग प्रभावित हुए और 640 से अधिक घर क्षतिग्रस्त हो जाने तथा करीब 250 हेक्टेयर खेतों को नुकसान होने की रिपोर्टें हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रभावित इलाकों में राहत बचाव कार्य जारी है।

रूस से यूरोप को होने वाली गैस आपूर्ति फिर से हुई बहाल

मॉस्को (वार्ता)। रूस की सबसे बड़ी गैस पाइनलाइन नॉर्ड स्ट्रीम की रखरखाव संबंधी जांच प्रक्रिया के दौरान 10 दिनों तक बाधित रही यूरोप की गैस आपूर्ति एक बार फिर से शुरू कर दी गयी है। बीबीसी ने अपनी रिपोर्ट में गुरुवार को यह जानकारी दी।

इस बीच यह खतरा जताया जा रहा था कि यूक्रेन युद्ध के चलते यूरोपियन यूनियन की ओर से लगाये गये प्रतिबंधों की प्रतिक्रिया में रूस यूरोप को गैस की आपूर्ति रोक सकता है।

यूरोपियन आयोग ने यूरोपीय देशों से अपील की है कि अगर रूस गैसआपूर्ति रोकता है तो अगले सात महीनों में उसके द्वारा की जाने वाली गैस की आपूर्ति पर निर्भरता 15 प्रतिशत तक कम कर दें। रूस ने पिछले साल यूरोप की 40 प्रतिशत प्राकृतिक गैस की मांग की आपूर्ति की थी। वर्ष 2020 में जर्मनी इस गैस का सबसे बड़ा आयातक रहा था लेकिन उसके रूसी गैस पर अपनी निर्भरता 55 प्रतिशत से घटाकर अब 35 प्रतिशत कर दी है और उसका उद्देश्य रूस से होने वाली गैस आपूर्ति को पूरी तरह से खत्म कर देना है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन ने सभी आशंकाओं को खत्म करते हुए पत्रकारों को बताया कि सरकारी गैस फ र्म गाज़प्रॉम अपने सभी पहले के अनुबंधों को पूरा करेगी और आज सुबह से पाइपलाइन से गैस आपूर्ति बहाल कर भी गयी है लेकिन एक प्रवक्ता ने कहा कि पाइपलाइन अपनी क्षमता का केवल 40 प्रतिशत ही मुहैया करा पा रही है।

25 वर्षीया अविवाहित महिला ने दिल्ली उच्च न्यायालय के एक फैसले के खिलाफ दायर की थी याचिका

अविवाहित होना गर्भपात रोकने का आधार नहीं : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली (वार्ता)। उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को कहा कि सिर्फ अविवाहित होने के कारण किसी महिला को गर्भपात से नहीं रोका जा सकता। न्यायमूर्ति डी. वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने 25 वर्षीया एक अविवाहित महिला द्वारा दिल्ली उच्च न्यायालय के 16 जुलाई के एक फैसले के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई के बाद अपना यह फैसला सुनाया।

पीठ ने अपना फैसला सुनाते हुए कहा कि एक महिला को सिर्फ इसलिए अपनी गर्भावस्था को समाप्त करने के अवसर से वंचित नहीं किया जा सकता है, क्योंकि वह अविवाहित है। याचिकाकर्ता महिला ने उच्च न्यायालय के के आदेश पर सवाल उठाया था, जिसमें उसने अपने 24 सप्ताह के भ्रूण को उसकी (महिला की) सहमति से संबंध के आधार पर गर्भपात करने की अनुमति का अनुरोध अस्वीकार कर दिया गया था।

महिला ने अपनी याचिका में कहा था कि उसके लिए बच्चे को पालना मुश्किल था, क्योंकि उसके साथी ने उससे शादी करने से इनकार कर दिया था। याचिकाकर्ता ने यह भी कहा था कि वह अपने किसान माता-पिता के पांच भाई-बहनों में एक है। महिला ने कहा था कि अविवाहित होने पर बच्चे को जन्म देने के कारण सामाजिक बहिष्कार और मानसिक पीड़ा का भी उसे सामना करना पड़ेगा। उसने यह भी कहा था कि वह सिर्फएक कला स्नातक और उसके पास रोजी रोजगार का कोई जरिया नहीं है। लिहाजा वह बच्चे के पालन पोषण के लिए पर्याप्त साधन नहीं जुटा पाएगी।

शीर्ष न्यायालय अदालत की पीठ ने अपने फैसले में कहा कि 2021 मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी एक्ट में किए गए संशोधन में अविवाहित महिला को भी शामिल करने के लिए पति के बजाय ÷पार्टनर÷ शब्द का इस्तेमाल किया गया था।

शीर्ष अदालत ने कहा कि कानून का इरादा वैवाहिक संबंधों से उत्पन्न होने वाली स्थितियों के लाभों को सीमित करना नहीं था। वास्तव में नया कानून एक विधवा या तलाकशुदा महिला को 20-24 सप्ताह की अवधि में गर्भावस्था को समाप्त करने की अनुमति देता है। दरअसल, उच्च न्यायालय ने अपने फैसले में कहा था कि ÷याचिकाकर्ता को अवांछित गर्भधारण की अनुमति देना संसदीय मंशा के विरुद्ध होगा।शीर्ष न्यायालय ने कहा कि अधिनियम के तहत लाभों से केवल महिला के अविवाहित होने के आधार पर इनकार नहीं किया जा सकता है। विवाहित और अविवाहित महिला के बीच के अंतर का उद्देश्य से कोई संबंध नहीं है। उच्च न्यायालय ने इस मामले में अनुचित प्रतिबंधात्मक दृष्टिकोण अपनाया था।

रानिल विक्रमसिंघे ने ली श्रीलंका के नए राष्ट्रपति पद की शपथ

कोलंबो (वार्ता)। सरकार विरोधी प्रदर्शन जारी रहने और 'रानिल वापस जाओ' नारों के बीच श्री रानिल विक्रमसिंघे ने गुरुवार को श्रीलंका के राष्ट्रपति पद की शपथ ली। संसद के अंदर मुख्य न्यायाधीश जयंत जयसूर्या ने श्री विक्रमसिंघे को शपथ दिलाई। उन्हें संसद सदस्यों ने बुधवार को कार्यकारी राष्ट्रपति चुना था। इससे पहले श्री गोटाबाया राजपक्षे ने 14 जुलाई को इस्तीफा दिया था। उल्लेखनीय है कि श्री विक्रमसिंघे के राष्ट्रपति चुने जाने के बाद भी प्रदर्शनकारियों ने अपना विरोध जारी रखा है और राष्ट्रपति सचिवालय को अपने कब्जे में रखने का फैसला लिया है। फादर जीवन्ता पीरिस ने कहा, आज की संसद ने साबित कर दिया कि वे लोगों के साथ नहीं हैं।

व्यवस्थापन को लेकर प्रशासन पर भेदभाव का आरोप, किसान नेता ने आंदोलन की दी चेतावनी

- 200 से अधिक फुटकर व्यापारी कर रहें व्यवस्थापन की मांग, सिर्फ 15 व्यापारियों के आवेदन से जाने से उठे सवाल

बेमेतरा/नवप्रदेश। बेरला नगर पंचायत क्षेत्र में व्यवस्थापन को लेकर प्रशासन पर भेदभाव के आरोप लग रहे हैं। व्यवस्थापन को लेकर नगर पंचायत की ओर से सर्वे रिपोर्ट रेवेन्यू विभाग को सौंपी है जबकि यहां 15 अतिक्रमणकारियों के द्वारा व्यवस्थापन को लेकर राजस्व विभाग में आवेदन किया गया हैं, प्रशासन के इस भेदभाव पूर्ण रवैया से लोगों में खासी नाराजगी हैं। इस संबंध में किसान नेता योगेश तिवारी ने बताया कि व्यवस्थापन नहीं किए जाने को लेकर कई फुटकर व्यापारियों की शिकायत मिली हैं। गौरतलब हो कि बेरला नगर पंचायत क्षेत्र में 200 से अधिक लोग फुटपाथ पर व्यापार करते हैं। ऐसे लोगों के द्वारा लंबे समय से व्यवस्थापन की मांग की जा रही है, लेकिन इनकी मांग को दरकिनार कर सिर्फ 15 लोगों के आवेदन स्वीकार किए जाने पर सवाल खड़े किए जा रहे हैं।

बचे हुए दुकानदारों का व्यवस्थापन जरूरी

किसान नेता योगेश तिवारी ने कहा कि इन 15 लोगों के व्यवस्थापन से किसी को आपत्ति नहीं है, लेकिन बचे हुए दुकानदारों का भी व्यवस्थापन जरूरी हैं। व्यापारियों ने अपनी परेशानी से अधिकारियों को अवगत कराया हैं, बावजूद भेदभाव पूर्ण कार्रवाई होने की स्थिति में उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

इन 15 ने व्यवस्थापन के लिए आवेदन

बेरला नगर पंचायत में व्यवस्थापन के लिए शनिकुमार पिता किशनलाल साहू, ममता सोनी पिता ओमप्रकाश सोनी, जगत राम साहू पिता अंकालू राम, राजेश देवांगन पिता खेदुराम, राजेश कुमार चतुर्वेदी पिता जुगरुराम चतुर्वेदी, अभिषेक सिन्हा पिता विजय कुमार सिन्हा, भारत भूषण पिता धनराम साहू, सुशील कुमार शर्मा पिता रामाधार शर्मा, जयप्रकाश बघेल पिता धरम बघेल, अनिल कुमार पिता शंकर सेन, महावीर वैष्णव पिता गोपाल, कन्हैया सोनी पिता लक्ष्मीप्रसाद सोनी, कुमार धर सिन्हा पिता पूरनलाल सिन्हा, हुलेश यादव पिता पुनीतराम, राजू देवांगन पिता तुलाराम देवांगन।

कलेक्टर के अनुमोदन पश्चात ही होगा व्यवस्थापन

बेरला एसडीएम संदीप ठाकुर ने बताया कि व्यवस्थापन को लेकर नगर पंचायत की ओर से सर्वे रिपोर्ट राजस्व विभाग को सौंपी जाएगी। उस सर्वे रिपोर्ट को राजस्व विभाग के द्वारा टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग को भेजा जाएगा। वहां से टाउन एंड कंट्री प्लानिंग के तहत सूची तैयार कर फि र से राजस्व विभाग भेजी जाएगी जिसे अनुमोदन के लिए बेमेतरा कलेक्टर को भेजा जाएगा। कलेक्टर के अनुमोदन पश्चात ही व्यवस्थापन किया जाएगा।

गांव में बैंक खुलवाने, शराब बंद कराने, मोहड़ डैम का पानी लाने की जिद में बैठे सैकड़ों किसान

बालोद/नवप्रदेश। डौंडीलोहारा ब्लाक के ग्राम रेंगाडबरी में गुरुवार को ग्रामीण किसान अपनी तीन प्रमुख मांगों को लेकर सुबह से शाम तक धरने पर बैठे रहे। उनका धरना 1 दिन का नहीं था बल्कि अनिश्चितकाल के लिए है। जब तक कि उनकी मांगे पूरी नहीं हो पाती। ग्रामीण किसानों की प्रमुख मांग गांव में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक की शाखा खुलवाना है। तो साथ ही शराबबंदी को अमल में लाने और मोहड जलाशय का पानी गांव के किसानों को दिलाने की प्रमुख मांगे हैं। पहले से ही किसानों ने अल्टीमेटम दिया था लेकिन कोई सुनवाई नहीं है। जिसके बाद लोगों के सब्र का बांध टूट गया है और पूरा गांव एकजुट होकर शासन प्रशासन, भाजपा कांग्रेस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए धरना प्रदर्शन में बैठा हुआ है। किसानों का कहना है कि हमारी मांग किसी सरकार ने अब तक नहीं सुनी है। 10 साल से हम यह मांग दोहराते आ रहे हैं पर सब सरकार बहरी है। इसलिए यहां के ग्रामीण भाजपा और कांग्रेस दोनों के ही खिलाफ लामबंद हो चुके हैं। गुरुवार को सुबह से पंडाल लगाकर पूजा पाठ के साथ ग्रामीणों ने धरना प्रदर्शन, भाषण बाजी, नारेबाजी शुरू की। बकायदा मौके पर भारत माता और शहीदों की फोटो लगाकर उनकी पूजा-अर्चना कर यह आंदोलन शुरू किया गया। तो इस आंदोलन की खबर पहले से होने के कारण शासन प्रशासन के लोग भी सुबह 11 बजे से गांव पहुंच चुके थे। पर लोगों को समझाने का प्रयास भी नहीं कर रहे थे। अंततः सुबह 11 से शाम 5 बजे तक पहले दिन का धरना तो समाप्त हुआ पर अधिकारियों से किसी तरह की चर्चा इस दौरान नहीं हो पाई। अधिकारी आए थे पर सुलह नहीं हो पाई। ग्रामीण शुक्रवार को भी धरने पर बैठेंगे।

मोहड़ जलाशय का पानी मिलना चाहिए किसानों को

किसानों का यह भी कहना है कि मोहड़ डैम हमारे क्षेत्र में पड़ता है लेकिन इसका पानी हम ही को नहीं मिलता है। यह्व कितना बड़ा दुर्भाग्य है। मोहड़ का पानी क्षेत्र के किसानों को सिंचाई के लिए दिया जाना चाहिए। जबकि सिंचाई विभाग यहां के पानी को निजी क्षेत्र में पहुंचाता है। जबकि इसमें पहला हक किसानों का होना चाहिए।

कांग्रेस ने किया वादा है, निभाना पड़ेगा

ग्रामीणों ने एकजुट होकर शराबबंदी के खिलाफ भी आवाज उठाई। खासतौर से महिलाओं ने कहा कि शराब की बिक्री से गांव का माहौल बिगड़ रहा है। छोटे-छोटे बच्चे शराब की लत में है। तो वहीं कई परिवार तबाह हो रहा है। सरकार ने स्वयं सत्ता में आने की पूर्व घोषणा पत्र में कहा था कि हम शराबबंदी करेंगे। उस वादे को सरकार को याद दिलाते हुए धरना प्रदर्शन में इस मांग को भी प्रमुखता से जोड़ा गया है। और वे धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। महिलाएं शराबबंदी के लिए नारेबाजी करती नजर आई और भूपेश सरकार से इस पर जल्द से जल्द पहल करने की मांग की।

गांव में बंद रहा कामकाज और दुकानें भी

ग्रामीणों की एकजुटता इस आंदोलन में देखने को मिली। यह एक वनांचल का प्रमुख गांव माना जाता है जो कि आसपास के कई गांव का केंद्र बिंदु भी है। यह व्यवसायिक क्षेत्र से भी महत्वपूर्ण है। ऐसे में यहां के लोग एकजुट होकर गांव बंद कर धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। गुरुवार को खेती किसानी का कार्य बंद रहा तो साथ ही व्यवसायिक दुकानें भी बंद रखी गई। सभी ने एकजुटता के साथ आंदोलन का समर्थन किया और धरने पर बैठे रहे।

10 किलोमीटर दूर जाना पड़ता है बैंक के लिए

वनांचल में बसे होने के बावजूद रेंगाडबरी के लोगों को बैंकिंग की सुविधा नसीब नहीं होती। गांव से 10 किलोमीटर दूर भवरमरा के बैंक में उन्हें जाना पड़ता है। इस से खासतौर से किसानों को काफी दिक्कत झेलनी पड़ती है। जो बैंक खुलवाने की मांग कर रहे है। जो बैंक खोलने की मांग है वह दरअसल में किसानों से संबंधित ही है। धान बेचने के बाद भुगतान के लिए किसानों को 10 किमी दूर चक्कर काटना पड़ता है। 10 से 12 साल से गांव में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक की शाखा खोलने की मांग की जा रही है। पर अब तक किसी द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इसके लिए कई जनप्रतिनिधि तक दरवाजा खटखटा चुके हैं। भाजपा के काल में हो या कांग्रेस के काल में मंत्री तक जा चुके हैं।

अंधे कत्ल की गुत्थी पुलिस ने सुलझाई, पति ही निकला हत्यारा

- पत्नी की हत्या कर विभत्स तरीके से लाश को किया टुकड़ों में तब्दील
- पति के निशादेही पर तालाब से मृतिका के शरीर के अंग, कपड़े व हत्या में प्रयुक्त आलाजरब बरामद

राजनांदगांव/नवप्रदेश। 14 जुलाई जगदीश साहू पिता गणेश साहू निवासी गुण्डरदेही थाना अंबागढ़ चौकी द्वारा थाना आकर रिपोर्ट कराया गया कि 12 जुलाई 2022 को दोहपर 3.30 बजे से 4.15 बजे के मध्य प्रार्थी की पत्नी पद्मिनि साहू उम्र 32 साल बिना बताये कहीं चली गई है, जिसका दिमागी स्थिति सही नहीं है कि रिपोर्ट पर थाना अंबागढ़ चौकी में गुम इंशान क्रमांक 40/2022 14 जुलाई 2022 दर्ज कर जांच में लिया गया। 18 जुलाई 2022 को जगदीश साहू द्वारा थाना अंबागढ़ चौकी आकर सूचना दिया गया कि ग्राम गुंडरदेही उसके घर के पास के तालाब में एक महिला का शव (धड़) तालाब में तैरता देखा है। जिस पर थाना अंबागढ़ चौकी पुलिस तत्काल घटना स्थल पहुंच कर अज्ञात महिला के शव का धड़ जिसका दोनों हॉथ, दोनों पैर व सर कटा हुआ मिला जिसके पेट में लोहे का पाईप तार से बंधा हुआ मिला जिस पर थाना अम्बागढ़ चौकी में मर्ग क्रमांक 43/2022 धारा 174 सीआरपीसी दर्ज किया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुये घटना के संबंध में तत्काल पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानपुर पुपलेश, एसडीओपी अर्जुन कुर्रे को अवगत कराया गया। वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा मामले को गंभीरता से लेते हुये तत्काल शव की पहचान कराने आसपास के ग्रामीणों से पूछताछ करने व मामले का खुलासा जल्द से जल्द करने हेतु थाना प्रभारी एवं सायबर सेल को निर्देशित किया। जिसके बाद तत्काल थाना अंबागढ़ पुलिस, सायबर सेल की टीम, फ रेंसिक टीम, गोताखोर टीम एवं डॉग स्कार्ड मौके पर पहुंची और सभी संयुक्त रूप से छानबीन करने लगी तभी गोताखोर द्वारा तालाब से शव का एक हाथ और एक पैर तार से बंधा हुआ तालाब के अंदर से निकाला गया। फ रेंसिंक टीम द्वारा प्रार्थी जगदीश साहू के घर का सुक्ष्म मुआयना किया गया जिसमें उन्हें खून के धब्बों को धोने जैसे साक्ष्य मिले जिससे पुलिस को प्रार्थी जगदीश साहू के ऊपर अपनी पत्नी को मारने का शंका हुआ। संदेही प्रार्थी जगदीश से पूछताछ करने पर वह उस शव का पहचानने से इंकार किया। दूसरे दिन 19 जुलाई 2022 को थाना अंबागढ़ पुलिस एवं सायबर सेल की टीम द्वारा संदेही जगदीश के घर एवं दुकान की तलाशी ली गई जिसमें उसकी पत्नी पद्मिनी के पहने हुए जेवरात उसके दुकान में छुपाकर रखा हुआ मिलने पर जगदीश साहू से गहन पूछताछ की गई जिस पर आरोपी जगदीश साहू द्वारा कबूल किया गया कि 12 जुलाई 2022 को बच्चों के स्कूल जाने के बाद पत्नी के साथ आपसी विवाद हुआ जिसमें उसके द्वारा पत्नी का गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। उसके बाद उसने अपनी पत्नी के शव को दुकान के गोदाम में छुपाकर रखा। बच्चे जब स्कूल से आये और पूछे कि मां कहां है तब बच्चों को बताया कि वह अपने मायके चली गई है।

आत्मानंद के विद्यार्थियों का खेल में हुआ चयन

नवागढ़। स्वामी आत्मानंद शासकीय विद्यालय नवागढ़ के विद्यार्थियो का बॉलीबाल खेल प्रतियोगिता अंडर-14 (लड़का) में जिला स्तर पर चयन हुआ है। चयनित विद्यार्थियों में चम्पेश कुमार आडिले, दीपांशु महादिक, सौरभ साहू,सुमीत यादव है। बॉलीबाल अंडर-17 में तौकिर खान, अंडर-19 में सिराज खान और कैरम अंडर-17 में दीपांशु ,अंडर-19 में विवेक पात्रे व शतरंज अंडर-14 में(लड़की) में श्रेया पाण्डे , कबड्डी अंडर-19 (लड़का) मनीष साहू, साहिल अनंत व जिला स्तरीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता अंडर-14 में प्रणय बंजारे व अंडर-17 में हरजस सिंह और साहिल अनंत का प्रदेश स्तर के लिए चयन हुआ है। इस तरह विभिन्न खेलो में चयन होने पर विद्यालय की प्राचार्या ने उनके उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाए दिया है।

नपा अमला द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक पर की गई कार्यवाही

बेमेतरा। शासन के द्वारा 1 जुलाई से सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग पर प्रतिबंध लगाया गया है, जिसके अनुसार जिला कलेक्टर जितेन्द्र शुक्ला के निर्देश पर जिले के सभी नगर पालिका एवम नगर पंचायतों को कार्यवाही के निर्देश हैं। जिला मुख्यालय स्थित नगर पालिका बेमेतरा द्वारा कार्यवाही की गई मुख्य नगर पालिका अधिकारी होरी सिंह ठाकुर ने बताया नोडल अधिकारी संजय मोटवानी उपअभियंता, सहायक नोडल अधिकारी रवि श्रीवास्तव राजस्व निरीक्षक के साथ विनीत ठाकुर राजस्व उप निरीक्षक, ईश्वर वर्मा, संतोष वर्मा सहा. राजस्व निरीक्षक, योगेंद्र साहू सहा.ग्रे 03 टोपेंद्र गौतम उमेश महिलांगे एवं कुलेश्वर साहू के द्वारा फल दुकान, किराना दुकान, डेली निड्स, होटलों पर सिंगल यूज प्लास्टिक के जब्ती एवं चालान की कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान संबंधित दुकानों को कड़ी चेतावनी दी गई, 13 दुकानदारों पर चलानी कार्यवाही की गई तथा फ ल सब्जी बेचने वालो से पॉलीथिन उपयोग नहीं करने की समझाइश दी गई। यह जब्ती एवं चालान की कार्यवाही आगामी दिवसों में भी जारी रहेगी।

एसपी ने नक्सल प्रभावित थाना, चौकी, कैम्प प्रभारियों की ली समीक्षा बैठक

राजनांदगांव/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक कार्यालय राजनांदगांव के सभागार में पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल ठाकुर द्वारा जिले के राजपत्रित अधिकारी पुलिस, थाना, चौकी, कैम्प प्रभारियों एवं छसबल के कंपनी कमांडरों की मीटिंग ली गयी। उक्त मीटिंग में पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना, चौकी, कैम्प प्रभारियों एवं छसबल के कंपनी कमांडरों को आपसी समन्वय स्थापित कर नक्सल विरोधी अभियान में बढ़-चढ़कर कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा 28 जुलाई से 3 अगस्त 2022 तक नक्सलियों के द्वारा मनाये जाने वाले शहीद सप्ताह के दौरान सतर्कता पूर्वक नक्सल गतिविधियों पर प्रभावी कार्यवाही करने हिदायत दिया गया है। साथ ही योजनाबद्ध तरीके से सर्चिंग अभियान चलाने पर जोर दिया गया। जिले के राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को जिले के सरहदी अंतर्राज्यीय जिलों से समन्वय स्थापित कर लगातार संयुक्त अभियान संचालित करने निर्देशित किया गया।

मीटिंग में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नक्सल अभियान राजनांदगांव आकाश मरकाम, अतिरिक्त अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानपुर पुपलेश कुमार, उप पुलिस अधीक्षक नक्सल सेल राजनांदगांव अजीत ओगरे, उप पुलिस अधीक्षक डीआरजी राजनांदगांव हेम प्रकाश नायक व जिले के समस्त नक्सल प्रभावित थाना, चौकी, कैम्प प्रभारियों तथा छसबल के कंपनी कमाण्डर उपस्थित थे।

नियमों व शर्तो का उल्लंघन स्पेशल ब्लास्ट को किया सील

बेमेतरा/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी जितेन्द्र शुक्ला के निर्देशानुसार स्पेशल ब्लास्ट लिमिटेड पिरदा तहसील बेरला जिला बेमेतरा में आयुध एवं विस्फोटक नियम 2008 एवं अमोनियम नाईट्रेट नियम 2012 के प्रावधानों के तहत राजस्व विभाग, पुलिस विभाग एवं वस्तु एवं सेवाकर विभाग द्वारा संयुक्त रूप से निरीक्षण कर प्रशासनिक कार्यवाही की गई। निरीक्षण के दौरान लाईसेंस तथा सुरक्षा मानकों की शर्तो का उल्लंघन पाये जाने पर स्पेशल ब्लास्ट लिमिटेड पिरदा परिसर को सील किया गया। संपूर्ण कार्यवाही के दौरान डॉ. अनिल कुमार बाजपेयी अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी, पंकज पटेल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, संदीप ठाकुर अनुविभागीय अधिकारी(रा.) बेरला, आरके झा उपपुलिस अधीक्षक, एचएल हिडको संयुक्त कमिश्नर वस्तु एवं सेवाकर विभाग, मनोज गुप्ता तहसीलदार बेरला, पोरस वेंताल नायब तहसीलदार बेरला, नासीर खान थाना प्रभारी बेरला, रंजीत प्रताप सिंह चौकी प्रभारी कंडरका उपस्थित थे। उपरोक्त कार्यवाही स्पेशल ब्लास्ट लिमिटेड पिरदा के संचालक अवधेश जैन की उपस्थिति में की गई।

राशन दुकान में अतिरिक्त चावल आबंटन में धांधली, लोगों ने कलेक्टर से की शिकायत

बेमेतरा/नवप्रदेश। जिलें के बेरला ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम पंचायत परपोड़ा में गरीबों के हक के चावल को संचालित समूह जिसके अध्यक्ष ग्राम पंचायत के सरपंच संतोषी साहू है उनके ही समूह द्वारा मई माह में 540 प्राथमिकता कार्डधारी जिसमे लगभग 2300 व्यक्ति शामिल है जिनके लिए 5 किलो अतिरिक्त चावल प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के अंतर्गत चावल भेजा गया था राशि मे लगभग 220000 रुपये गबन करने का गंभीर मामला सामने आया हैं। ग्राम पंचायत परपोड़ा में राज राजेश्वरी महिला स्व सहायता समूह द्वारा संचालित राशन दुकान में ग्राम के ग्रामीणों के द्वारा कोरोना काल से प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत प्रति व्यक्ति 5 किलो अतिरिक्त चावल न देने के बार बार शिकायत आ रही थी, जिसमें मई माह 2022 में प्राथमिकता कार्ड राशनधारी को गरीब कल्याण अन्न योजना में 5 किलो अतिरिक्त चावल को किसी भी हितग्राहियों को नहीं दिया गया। हितग्राही अपने अतिरिक्त चावल देने के बात सेल्स मेन से कहते तो उनका जवाब रहता था कि आपके लिए खाद्य विभाग से इतना ही चावल आया है। हितग्राहियों के द्वारा जब मई माह में खाद्य विभाग से पता कर ऑनलाइन अपने कार्ड नंबर डालकर जब जांच किया गया तो पता चलता है वह अतिरिक्त चावल को नहीं दिया गया है।

जिलाधीश व खाद्य अधिकारी के पास ग्रामीणों के द्वारा किया गया शिकायत - चंदा बाई पति पंचु निषाद, संगीता बाई पति दुर्गाराम धुर्वे, कुमारी बाई पति सीताराम साहू, पुष्पा बाई पति हेमसिंग साहू, जीवित बाई पति हेमू साहू, बिसंतीन बाई पति भीखाराम साहू, आरती ठाकुर पति भरत ठाकुर, अंजू राजपूत पति बिहारी राजपूत, चिंता साहू, पूरन भुवन साहू, दुर्गाराम शिवारे ग्रामीणों के द्वारा जून माह में अपने कार्ड के फोटो कॉपी व मई माह में आबंटन की ऑनलाइन कॉपी की पुष्टि के साथ कलेक्टर, खाद्य विभाग व साथ ही साथ जिला पंचायत के खाद्य विभाग सभापति पुष्पा साहू के पास आवेदन कॉपी लेकर शिकायत किया गया और ग्रामीणों के द्वारा अधिकारी व जनप्रतिनिधि के पास कहा गया कि इस चीज का जल्द से जल्द जांच कर उक्त समूह को बर्खास्त कर सेवा सहकारी समिति मोहभट्ठा में संलग्न किया जाए व उक्त समूह के ऊपर अपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध किया जाए।

जांच में दोषी पाए जाने के बाद भी समूह को बर्खास्त नही करना गंभीर कारणों को दे रही हैं जन्म - जून माह के अंतिम में फूड इंस्पेक्टर दलेस्वर साहू व मिश्रा के द्वारा ग्रामीणों के शिकायत के जांच के लिए ग्राम परपोड़ा पहुँचे, जहाँ उन्होंने आवेदन कर्ता को एक एक कर बुलाकर उनके सामने में कॉपी के साथ जांच किया गया। साथ ही ग्राम के आवेदन कर्ता के अतिरिक्त अन्य प्राथमिकता कार्ड धारियों के कार्ड में जांच किया गया।